चैत्र कृष्ण पक्ष अमावस्या
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

सोमवार, 8 अप्रैल 2024
वर्ष 5, अंक 141, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

बरेली

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



हमले में छह सुरक्षाकर्मी समेत 12 आतंकवादी ढेर 14

कंगना ने फिल्म इमरजेंसी बनाने की वजह बतायी 13

## जीत की हैट्रिक



लखनऊ। इकाना स्टेडियम में रविवार को लखनऊ सुपर जायंट्स ने गुजरात टाइटंस को 33 रनों से हराकर जीत की हैट्रिक लगाई। यश ठाकुर ने पांच और क्रुणाल पंड्या ने तीन विकेट लेकर गुजरात टाइटंस की उम्मीदों पर पानी फेर दिया। गुजरात टाइटंस की ओर से राहुल तेवतिया को छोड़कर कोई भी बल्लेबाज लखनऊ सुपर जायंट्स की गेंदबाजी के आगे नहीं टिक सका। इस जीत के साथ लखनऊ सुपर जायंट्स की टीम अंकतालिका में तीसरे स्थान पर पहुंच गई है।

# कांग्रेस के घोषणापत्र से तुष्टिकरण की राजनीति की बू आ रही : मोदी

नवादा, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कांग्रेस को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि उसके द्वारा हाल में जारी घोषणापत्र में 'तुष्टिकरण की राजनीति' की बू आ रही है और ये ऐसा है मानो इसे मुस्लिम लीग लेकर आई है।

बिहार के नवादा जिले में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की भी आलोचना की। उन्होंने कहा, कांग्रेस का राष्ट्रीय अध्यक्ष कोई छोटा पद नहीं है। वह कहते हैं कि धारा 370 का राजस्थान से क्या लेना-देना है। यह टुकड़े-टुकड़े गैंग की मानसिकता है। उनके विचार राजस्थान और बिहार के सुरक्षाकर्मियों का अपमान हैं, जिन्होंने जम्मू-कश्मीर में आतंकवादियों से लड़ते हुए प्राण गंवाए और उनके शव तिरंगे में लिपटे हुए वापस आए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस, बिहार में उसकी सहयोगी राजद और विपक्षी 'इंडिया' गठबंधन के अन्य घटक संविधान के बारे में बात करना बहुत पसंद करते हैं। उन्होंने जम्मू-कश्मीर में बाबा साहेब आम्बेडकर के संविधान को लागू क्यों नहीं किया। यह केवल मोदी के शासन में ही संभव हो सका। प्रधानमंत्री ने तीन तलाक प्रथा के खिलाफ अपनी सरकार के कदम का भी जिक्र किया और कहा, दो दिन पहले कांग्रेस ने जो अपना घोषणा पत्र जारी किया है, उसमें भी मुस्लिम लीग के विचारों की छाप है। कांग्रेस ने घोषणा घोषणा पत्र नहीं, तुष्टिकरण पत्र जारी किया है।



- बिहार के नवादा जिले में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कांग्रेस को घेरा

### आज पूरी दुनिया में बज रहा भारत का डंका

प्रधानमंत्री ने कहा कि 10 वर्षों में बिहार के लोगों ने देश हित में लिए गए अनेक बड़े निर्णय देखे हैं। आज भारत में बिहार में, आधुनिक आधारभूत संरचना का निर्माण किया जा रहा है। आज आधुनिक एक्सप्रेसवे बन रहे हैं। रेलवे स्टेशनों आधुनिकरण हो रहा है। वंदे भारत जैसी ट्रेनें बढ रही हैं। डिजिटल क्रांति ने सरकार की सेवाओं को आपके मोबाइल में पहुंचा दिया है। आज पूरी दुनिया में भारत का डंका बज रहा है। यह कैसे हो रहा है। यह मोदी के कारण नहीं हो रहा है। यह आपके वोट के कारण हो रहा है। आपके उस वोट की ताकत है जिसने देश को मजबूत सरकार दी और उसके कारण देश मजबूत कदम उठा रहा है।

# प. बंगाल में हमले के बाद एनआईए की टीम पर ही हो गई एफआईआर

## गिरफ्तार टीएमसी नेता की पत्नी ने लगाया मारपीट और बदतमीजी करने का आरोप

कोलकाता, एजेंसी

तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के गिरफ्तार नेता मनोब्रत जना की पत्नी मोनी जना ने राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) के अधिकारियों के खिलाफ एक प्राथमिकी दर्ज कराई है। प्राथमिकी में आरोप लगाया है कि अधिकारियों ने जांच के बहाने भूपतिनगर स्थित उनके आवास में जबरन घुसकर उनकी गरिमा को ठेस पहुंचाने की कोशिश की। एनआईए ने शनिवार को पश्चिम बंगाल के पुरबा मेदिनीपुर जिले में 2022 में हुए विस्फोट के मामले में दो प्रमुख साजिशकर्ता मनोब्रत जना और बलाई चरण मेइती को गिरफ्तार किया था। विस्फोट में तीन लोगों की मौत हो गई थी।

टीएमसी नेता की पत्नी ने भूपतिनगर पुलिस थाने में दायर कराई अपनी शिकायत में आरोप लगाया कि एनआईए के अधिकारियों ने शनिवार सुबह छापेमारी के दौरान उनके आवास पर तोड़फोड़ भी की। पुलिस के अनुसार महिला की शिकायत पर प्राथमिकी में आईपीसी की धारा 354 (महिला की गरिमा को ठेस पहुंचाने के इरादे से उस पर हमला करना) जोड़ी गई है। मेदिनीपुर जिले में 2022 में हुए एक विस्फोट के मामले में दो प्रमुख साजिशकर्ताओं को गिरफ्तार करने गई एनआईए की एक टीम पर भीड़ ने हमला कर दिया था, जिसके बाद पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री और तृणमूल कांग्रेस अध्यक्ष ममता बनर्जी ने एजेंसी के अधिकारियों पर ग्रामीणों पर हमला करने का आरोप लगाया। हमले में एनआईए का एक अधिकारी घायल हो गया और एक वाहन भी क्षतिग्रस्त हुआ था।

- भूपतिनगर में हुए हमले में एनआईए का एक अधिकारी हुआ था घायल



### एनआईए ने कहा- हमला बिना किसी उकसावे के हुआ

नई दिल्ली। एनआईए ने दो साल पुराने विस्फोट के मामले में छापेमारी और गिरफ्तारी करते समय दुर्भावनापूर्ण इरादा होने संबंधी आरोप का रविवार को खंडन किया। मामले में शनिवार को दो लोगों को गिरफ्तार करने गई एनआईए की टीम पर भीड़ ने हमला कर दिया था, जिसमें एक अधिकारी घायल हो गया था और एक वाहन क्षतिग्रस्त हुआ था। एनआईए ने पूरे विवाद को दुर्भाग्यपूर्ण बताया और स्पष्ट किया कि उनकी टीम पर हमला बिना किसी उकसावे के किया गया था।

### जांच एजेंसियां भाजपा में शामिल होने को कह रहीं : ममता



पुरुलिया। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने आरोप लगाया कि केंद्रीय एजेंसियां टीएमसी नेताओं से या तो भाजपा में शामिल होने या कार्रवाई का सामना करने के लिए कह रही हैं। पुरुलिया जिले में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए बनर्जी ने आरोप लगाया कि ईडी, सीबीआई, एनआईए और आयकर विभाग जैसी एजेंसियां भाजपा के हथियार के रूप में काम कर रही हैं। टीएमसी नेताओं को परेशान करने के लिए एजेंसियां बिना किसी पूर्व सूचना के छापेमारी कर रही हैं।

### एनआईए-भाजपा के बीच अपवित्र गठजोड़ : टीएमसी

पश्चिम बंगाल में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) ने रविवार को आरोप लगाया कि राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के बीच अपवित्र गठजोड़ है। पार्टी ने यह भी कहा कि निर्वाचन आयोग ने इस मुद्दे पर स्पष्ट रूप से चुप्पी साध ली है। टीएमसी के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट किया कि एनआईए और भाजपा के बीच बनता गठजोड़ महसूस हो रहा है। तृणमूल नेताओं और आदर्श आचार संहिता के खिलाफ साजिशें रची जा रही हैं।

### गुंडों का बंगाल के कई क्षेत्रों पर नियंत्रण : राज्यपाल

पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने कहा कि कानून-व्यवस्था पूरे राज्य में खराब नहीं है और राज्य के कुछ हिस्सों में हिंसा के लिए वर्तमान तृणमूल कांग्रेस सरकार को पूरी तरह से जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता, क्योंकि इसका कारण अतीत की विरासत हो सकता है। बोस ने कहा कि उनकी और बनर्जी की धारणाएं अलग-अलग हो सकती हैं, लेकिन वे एक उचित शिष्टाचार बनाए रखते हैं। उन्होंने कहा कि संदेशखालि में महिलाओं का सम्मान खंडित किया गया था, यह चिंताजनक स्थिति थी।

# पिता-भाई ने युवती की हत्या कर जलाया शव

संवाददाता, एटा

अमृत विचार : नयागांव थाना क्षेत्र में ऑनर किलिंग का मामला सामने आया है। पिता और भाई ने 20 वर्षीय युवती की गोली मारकर हत्या कर दी, जिसके बाद शव को जला दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने चिता से अधजले शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस आरोपी पिता और भाई को तलाश रही है।

शनिवार को नयागांव थाना पुलिस को सूचना मिली कि गांव गाही में युवती को गोली लगी है। उसको सीएचसी अलीगंज लाया गया है। पुलिस अस्पताल पहुंची तो पता चला कि युवती की मौत हो गई और परिजन शव लेकर घर चले गए। गांव में पुलिस पहुंचने तक अंतिम संस्कार कर दिया गया।

पड़ताल में पता लगा कि युवती की गोली मारकर हत्या की गई। गांव का महेन्द्र सिंह अपनी बेटी सपना (20) के चाल चलन से खुश नहीं था। शनिवार को बेटी से झगड़ा होने पर गुस्साए महेंद्र ने बेटे रिन्कू के साथ मिलकर बेटी को गोली मार दी। किसी को पता न लगे इसलिए शव को खेत में ले जाकर लकड़ियां, कंडे एकत्रकर जला रहे थे। किसी ने सूचना पुलिस को दी। पुलिस को देख आरोपी भाग निकले। चिता से उतारकर पुलिस ने अधजले शव को पोस्टमार्टम को भेज दिया। मौके से फील्ट यूनिट, डॉग स्क्वायड ने साक्ष्य जुटाए हैं। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक धनंजय सिंह कुशवाह, पुलिस उपाधीक्षक सुधांशू शेखर ने मौके पर पहुंचकर जांच की। अपर पुलिस अधीक्षक ने बताया कि बेटी के चरित्र पर शक के चलते हत्या की गई। क्षेत्राधिकारी अलीगंज सुधांशु शेखर ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर गिरफ्तारी के प्रयास हो रहे हैं।



- अधजले शव को चिता से उतारकर पुलिस ने पोस्टमार्टम को भेजा, आरोपी फरार



चिता के पास जांच-पड़ताल करते एएसपी धनंजय सिंह और डॉग स्क्वॉयड।

रमज़ान मुबारक
अठ्ठाईसवां रोज़ा इफ्तार - 08 अप्रैल 2024
सुन्नी - 06:39 बजे | शिया- 06:45 बजे
उन्तीसवां रोज़ा सहरी - 09 अप्रैल 2024
सुन्नी - 04:28 बजे | शिया- 04:22 बजे
नोट:- सहरी व इफ्तार में क्षेत्रवार समय में परिवर्तन हो सकता है।

माह-ए-रमज़ान की दिली मुबारकबाद
An ISO 9001:2015 Certified Company
NOOR GLASS FABRICATION
If U Can Dream We Can Build
Bajrang Dhaba, Opp. SBI Bank, Pilibhit Bypass Road, Bareilly
9761560515
e-mail : ahmadmuneer13@gmail.com
website : www.noorglassfabrication.com

SELECTION POINT
The Complete Family Store
दूल्हे हम सजाते हैं।



डिजाइनर सूट | शेरवानी | जोधपुरी कुर्ता पायजामा | डिजाइनर शर्ट
45, Civil Lines, Bareilly 8266800220
D.D. Puram, Bareilly 7088300050

पढ़ते रहिये...
अमृत विचार
फेस्टिवल ऑफर
₹5/- प्रतिदिन

### चुनाव और त्योहारों के मद्देनजर ड्राई डे घोषित

नई दिल्ली। दिल्ली सरकार ने अप्रैल से जून के दौरान लोकसभा चुनाव और त्योहारों के मद्देनजर शुष्क दिवस (ड्राई डे) घोषित कर दिए हैं। ईद-उल-फितर (11 अप्रैल), राम नवमी (17 अप्रैल), महावीर जयंती (21 अप्रैल), बुद्ध पूर्णिमा (23 मई) और ईद-उल-जुला (17 जून) को दिल्ली में शराब की दुकानें बंद रहेंगी। उत्तर प्रदेश के बागपत, गाजियाबाद और गौतमबुद्धनगर में 24 अप्रैल शाम 6 बजे से 26 अप्रैल शाम 6 बजे तक शुष्क दिवस रहेगा। दिल्ली की सात लोकसभा सीट पर मतदान के मद्देनजर राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में शराब की दुकानें 23 मई की शाम 6 बजे से 25 मई की शाम 6 बजे तक बंद रहेंगी। दिल्ली में शराब की दुकानें चार जून को मतगणना के दिन भी बंद रहेंगी।

# युवती ने पूर्व प्रेमी से मिलकर की प्रेमी की हत्या

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : बदायूं में दो अप्रैल से लापता युवक की हत्या कर दी गई। उसका शव रविवार को बरेली के सुभाष नगर इलाके से बरामद हुआ। युवक का कादरचौक थाना क्षेत्र के एक गांव की लड़की से प्रेम प्रसंग चल रहा था। उस लड़की का पहले इस युवक के दोस्त से प्रेम प्रसंग था। इसी त्रिकोणीय प्रेम संबंध में युवती ने पहले प्रेमी के साथ मिलकर दूसरे प्रेमी की हत्या कर दी। पुलिस ने युवती को गिरफ्तार करके उसकी निशानदेही पर शव बरामद कर लिया है।

बदायूं के सिविल लाइंस थाना क्षेत्र के आर्यपुर नवादा निवासी निकलेश गौतम उर्फ बबलू का 21 वर्षीय बेटा शिवांशु बीएससी का छात्र था। वह पिता की परचून की दुकान पर बैठता था। दो अप्रैल को शाम साढ़े पांच बजे शिवांशु दोस्त के घर जाने की बात कहकर निकला था। इसके बाद उसका पता नहीं चला तो परिजनों ने पांच अप्रैल को उसकी गुमशुदगी दर्ज कराई थी।

परिजन व पुलिस उसकी तलाश कर रहे थे। कॉल डिटेल के आधार पर पुलिस को उसकी प्रेमिका कादरचौक थाना क्षेत्र के गांव निजामाबाद निवासिनी तनु के बारे में पता लगा। पुलिस ने तनु को पकड़कर पूछताछ की तो पता लगा कि उसने अपने पहले प्रेमी सनी निवासी विजनगर थाना कोतवाली के साथ मिलकर बरेली में शिवांशु की हत्या कर दी और शव सुभाषनगर थाना क्षेत्र में सनैइया की तलैया शैतान अड्डा की झाड़ियों में फेंक दिया।

तनु की निशानदेही पर बदायूं पुलिस ने सुभाषनगर पुलिस के सहयोग से शिवांशु का शव बरामद कर लिया। शव पर अंडरवियर के अलावा कोई कपड़ा नहीं था। सीओ द्वितीय संदीप सिंह, इंस्पेक्टर सुभाषनगर सतीश कुमार राय, इंस्पेक्टर थाना सिविल लाइंस बदायूं और फील्ड यूनिट की टीम मौके पर पहुंची। शव मिलने के बाद बदायूं पुलिस ने गुमशुदगी हत्या में तरमीम कर दी है। पुलिस ने बताया कि तनु मल्टीलेवल कंपनी में नेटवर्किंग का कार्य करती है। वहीं किसी अस्पताल से नर्सिंग का कोर्स भी करती है।



- युवती की निशानदेही पर पुलिस ने बरामद किया बदायूं के युवक का शव

"युवक की हत्या त्रिकोणीय प्रेम प्रसंग में की गई है। युवती की निशानदेही पर शव बरामद कर लिया गया है।
-संदीप सिंह, सीओ द्वितीय

### तनु के चक्कर में सनी ने दोस्त के खून से रंगे हाथ

पुलिस के अनुसार सनी कश्यप और शिवांशु दोनों अच्छे दोस्त थे। सनी ने ही तनु से शिवांशु को मिलवाया था। बाद में तनु और शिवांशु में प्रेम प्रसंग हो गया। यहीं से सनी मन ही मन शिवांशु से रंजिश मानने लगा। दो अप्रैल को सनी ने तनु से कॉल कराकर शिवांशु को बरेली बुलाया। तनु और शिवांशु बातें कर रहे थे। इसी बीच सनी आ गया। सनी को देख शिवांशु जाने लगा तो सनी और तनु ने उसे रोक लिया। रात को नशीला पदार्थ देकर शिवांशु का गला घोंटकर हत्या कर दी। शव को बांधकर गद्दे में लपेटा और चोकर की बोरी में भर लिया। शिवांशु की ही बाइक पर शव रखकर तनु व सनी ने सनैइया स्थित शैतान तलैइया अड्डा पर झाड़ियों में फेंक दिया।

ललित नारायण मिश्र हत्याकांड

## हाईकोर्ट ने सुनवाई को सूचीबद्ध की याचिका

नई दिल्ली। दिल्ली हाईकोर्ट ने 48 साल पहले बिहार के समस्तीपुर रेलवे स्टेशन पर पूर्व रेल मंत्री ललित नारायण मिश्र की हत्या की निष्पक्ष जांच कराने की उनके पोते की याचिका 16 मई को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध की है।

न्यायमूर्ति सुरेश कुमार कैत की पीठ ने वैभव मिश्र की अर्जी दोषियों की अपील के साथ सूचीबद्ध की। अपील में, हत्या के लिए दोषसिद्धि और आजीवन कारावास की सजा सुनाने को चुनौती दी गई है। सुप्रीम कोर्ट ने पिछले साल 13 अक्टूबर को वैभव को दोषियों की अपील पर अंतिम सुनवाई में सहायता करने की अनुमति दी थी, जिसके बाद पूर्व केंद्रीय मंत्री के पोते ने हाईकोर्ट का रुख किया।

# गोरखपुर से सपा उम्मीदवार काजल को पड़ा दिल का दौरा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : गोरखपुर लोकसभा सीट से सपा उम्मीदवार और टीवी अभिनेत्री काजल निषाद को दिल का दौरा पड़ने के बाद रविवार शाम डॉक्टरों ने लखनऊ के मेदांता अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

हृदयाघात गोरखपुर के स्टार अस्पताल में भर्ती रहने के दौरान पड़ा, जिसकी पुष्टि ईसीजी की रिपोर्ट में हुई। काजल निषाद की प्रचार के दौरान शुक्रवार को तबीयत बिगड़ गई थी जिसके बाद उन्हें गोरखपुर के स्टार हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। डॉक्टरों के अनुसार अत्यधिक गर्मी की वजह से काजल को डिहाइड्रेशन हो गया था। रविवार को उनके सीने में दर्द उठा। डॉक्टरों ने काजल को लखनऊ रेफर किया है। उनको एंबुलेंस से लखनऊ लाया जा रहा। काजल के साथ उनके पति संजय निषाद भी हैं।



- प्रचार के दौरान शुक्रवार को बिगड़ी थी तबीयत
- भर्ती रहने के दौरान पड़ा दिल का दौरा, ईसीजी से हुई पुष्टि
- डॉक्टरों ने लखनऊ के मेदांता अस्पताल रेफर किया

# बाबा तरसेम की हत्या में 3 और पकड़े

## पीलीभीत, रामपुर और शाहजहांपुर से किए गए गिरफ्तार

संवाददाता, नानकमत्ता

अमृत विचार : नानकमत्ता डेरा कार सेवा प्रमुख बाबा तरसेम सिंह हत्याकांड में पुलिस ने तीन और षड़यंत्रकारियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने ही शूटर्स को पौनिया राइफल और कार उपलब्ध कराई थी। चार षड़यंत्रकारी पूर्व में ही गिरफ्तार हो चुके हैं। वहीं, दोनों शूटर्स अभी भी पुलिस की पकड़ से बाहर हैं।

बाबा तरसेम सिंह की 28 मार्च को डेरे में घुस कर बाइक सवार दो शूटर्स ने गोली मारकर हत्या करके भाग गए थे। घटनाक्रम सीसीटीवी कैमरों में कैद था, जिससे दोनों शूटर्स की पहचान हुई थी। हाल ही में पुलिस ने शूटर्स हायर कर घटना को अंजाम दिलाने के आरोप में दिलबाग सिंह, बलकार सिंह, हरविंदर सिंह उर्फ पिंदी और अमरदीप को गिरफ्तार किया था। उनके कब्जे से दो कार भी बरामद हुई थी। एसएसपी मंजूनाथ टीसी ने रविवार को तीन और षड़यंत्रकारियों की गिरफ्तारी की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जांच में पता चला कि परगट सिंह पुत्र सोबरन सिंह निवासी तुलापुर (पीलीभीत), सुल्तान सिंह ग्राम दडहा, विलासपुर (रामपुर) और सतनाम सिंह निवासी कुइयां महोलिया, बंडा (शाहजहांपुर) भी बाबा की हत्या में शामिल हैं। घेराबंदी कर परगट सिंह को पकड़ लिया गया।

हत्या में प्रयुक्त 315 बोर की पौनिया राइफल जसपाल सिंह भट्टी उर्फ मिंटू पुत्र सतपाल सिंह निवासी केशोवाला मोड और सुखदेव सिंह गिल उर्फ सोनू गिल पुत्र सत्यपाल सिंह निवासी बन्नाखेड़ा ने हत्यारों को मुहैया कराई थी। हत्यारोपी अमरजीत और सरबजीत सिंह को जसपाल ने 17 मार्च को कार भी दी थी। पुलिस ने शनिवार को जसपाल और रविवार को सुखदेव को गिरफ्तार कर लिया।

- संरक्षण देने के आरोप में 4 लोग पहले ही हो चुके हैं गिरफ्तार

निपुण भारत मिशन | बेसिक शिक्षा परिषद का प्राथमिक और जूनियर विद्यालयों में लक्ष्य को पूरा करने पर जोर

# कार्यकाल पूरा...लक्ष्य अधूरा, रिलीव नहीं होंगे एआरपी

रविशंकर गुप्ता, लखनऊ

अमृत विचार: बेसिक शिक्षा परिषद के प्राथमिक व जूनियर विद्यालयों में निपुण भारत मिशन के लक्ष्य को 2025-26 में हर हाल में पूरा करना है। शिक्षा महानिदेशक कंचन वर्मा ने लक्ष्य पर जोर देते हुए प्रदेश में तैनात एआरपी (एकेडमिक रिसोर्स पर्सन) को अग्रिम आदेश तक काम करने की अनुमति दी है। दरअसल 31 मार्च को सभी एआरपी का कार्यकाल समाप्त हो गया था। इसलिए वह इसे लेकर असमंजस में थे। दरअसल शासन ने पिछले वर्ष 5 जनवरी को एआरपी के सेवा अवधि का विस्तार करते कार्यकाल 31 मार्च 2024 कर दिया था। इस बार फिर अग्रिम आदेश तक मौका दिया गया है। इस स्थिति में निपुण भारत मिशन के अंतर्गत संचालित गतिविधियों, क्रियाकलापों को जारी रखना होगा। साथ ही बेहतर समन्वय, गैप एनालिसिस, सतत अनुश्रवण व अकादमिक पहलुओं के संचालन के संबंध में प्रत्येक माह राज्य परियोजना कार्यालय की ओर से केपीआई (की परफार्मेंस इंडीकेटर्स) अप्रैल माह 2024 के लिए भेजे गए हैं। सभी कार्यों को समय पर पूरा करना होगा। जिम्मेदार अधिकारी को भी निर्देश दिए गए हैं कि वह प्राथमिकता के आधार पर निर्धारित केपीआई को समय पर पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। इसकी प्रगति की समीक्षा मासिक बैठकों में की जाएगी।

- शिक्षा महानिदेशक की ओर से शासन को भेजा गया प्रस्ताव
- 31 मार्च को सभी एआरपी का समाप्त हो गया था कार्यकाल



"निपुण भारत मिशन के लक्ष्य को पूरा करने पर जोर दिया जा रहा है। अभी एआरपी अपने पदों पर रहते हुए कार्य करते रहेंगे। उनके लिए नये शैक्षिक सत्र 2024-25 के लिए जो दिशा निर्देश जारी किए गये हैं उनके अनुसार सभी कार्यों को समय से पूरा करना होगा।
-कंचन वर्मा, स्कूल शिक्षा महानिदेशक

### आचार संहिता के बाद की जाएगी छंटनी

विभागीय जानकारों ने बताया कि आचार संहिता के बाद जिन एआरपी ने बेहतर कार्य किया है उनका कार्यकाल जारी रहेगा। जिनका कार्य अच्छा नहीं रहा है उनकी जगह दूसरों को मौका दिया जायेगा। दरअसल कई एआरपी की कार्यशैली पर भी सवाल उठते रहे हैं।

### 2019 में शुरू की गई थी व्यवस्था

निपुण भारत मिशन के लिए शिक्षा महानिदेशक विजय किरण आनंद की पहल पर 2019 में ब्लॉक संसाधन एवं न्याय पंचायत संसाधन केन्द्रों के पुनर्गठन का फैसला किया गया था। बीआरसी में पूर्व नियुक्त एबीआरसी एवं न्याय पंचायतों के एनपीआरसी की मूल विद्यालयों में वापसी कर इनके स्थान पर हर ब्लॉक में 6 एआरपी की नियुक्ति की गई थी। प्रत्येक ब्लॉक में 5 एआरपी चयन प्रक्रिया द्वारा एवं एक एआरपी डायट मेंटर के रूप में पदेन रूप में पदस्थापित किए गए थे।

# डैम से रास्ता बंद, ग्रामीण बोले पुल नहीं तो वोट नहीं

## कई वाहन नदी में फंसे तो जेसीबी से निकालना पड़ा, कई बाइक सवार भी गिरकर हुए चोटिल

संवाददाता, दुनका

**अमृत विचार :** दुनका में कुल्ली नदी पर बने डैम में दरार आने के बाद वाहनों का आवागमन बंद कर दिया गया। इसकी वजह से लोगों ने नदी से निकलना शुरू किया। रविवार को कई वाहन नदी में फंस गए तो जेसीबी से निकालना पड़ा। कई बाइक सवार भी गिरकर चोटिल हो गए तो ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा। गांव वालों ने प्रदर्शन किया और कहा कि पुल की मरम्मत नहीं होगी तो वोट नहीं देंगे।

कई साल पुराने डैम में दरार आने पर शुक्रवार को नहर खंड के अधिकारियों ने वाहनों का आवागमन रोक दिया गया। दूसरा रास्ता लंबा होने की वजह से गांव के लोगों ने नदी के अंदर से निकलना शुरू कर दिया। रास्ता बंद होने से करीब 50 गांवों के लोग प्रभावित हुए हैं। यदि नदी से लोग न निकलें तो 15 किलोमीटर लंबा चक्कर लगाना पड़ता है। रविवार को जब नदी में वाहन फंस गए तो गांव वालों ने विरोध कर चेतावनी दी कि यदि डैम की मरम्मत नहीं की गई तो क्षेत्रवासी चुनाव का बहिष्कार करने को बाध्य होंगे।




डैम से आवागमन बंद होने पर प्रदर्शन करते ग्रामीण। ● अमृत विचार



कुल्ली नदी से निकलते समय फिसली बाइक को संभालता युवक। ● अमृत विचार

### पोलिंग पार्टियों को भी होगी दिक्कत

7 मई को जिले में चुनाव होना है। चुनाव में डैम के पास के ढकिया, कमालपुर समेत कई गांवों में पोलिंग पार्टियां भी जाएंगी। पुल की मरम्मत नहीं हुई तो पोलिंग पार्टियों को भी दिक्कत हो सकती है। किसानों का कहना है कि डैम न बनने से खेती भी प्रभावित होगी, क्योंकि इससे फसलों की सिंचाई की जाती है। राकेश कुमार, मुनीश कुमार, पुष्पेन्द्र वीर, छोटू कुर्मी, कांता प्रसाद, विनोद गंगवार, अतुल कुमार, छोटे लाल, अरविंद कुमार, नितिन कुमार, डॉ. नानक चंद आदि किसानों ने जल्द पुल की मरम्मत की मांग की।



नदी के रास्ते से निकलता ट्रैक्टर चालक।




डैम के ऊपर दीवार बनाकर रोका रास्ता।

## शहर में पोलिंग पार्टियों के खाने की व्यवस्था बीईओ संभालेंगे

**बरेली, अमृत विचार :** इस बार लोकसभा चुनाव में शहरी क्षेत्र में पोलिंग पार्टियों के खाने की जिम्मेदारी बीईओ संभालेंगे। बीईओ एनजीओ की मदद से कर्मियों के लिए भोजन का इंतजाम करेंगे, जबकि ग्रामीण क्षेत्र में परिषदीय स्कूलों के रसोइयों के कंधों पर इसकी जिम्मेदारी रहेगी। डीएम ने इस संबंध में बीएसए को निर्देश दिए हैं।

अभी तक चुनाव के दौरान पोलिंग पार्टियों को तमाम समाजसेवी संस्थाएं भोजन के पैकेट मुहैया कराती थीं, लेकिन इस बार नगर क्षेत्र में पोलिंग पार्टियों को भोजन मुहैया कराने की जिम्मेदारी बीईओ की रहेगी। शहरी क्षेत्र में करीब 20 हजार पोलिंग पार्टियों को नाश्ता और खाने के पैकेट वितरित होंगे। बीएसए संजय सिंह ने बताया कि इस संबंध में जल्द बीईओ, एआरपी और एसआरजी के साथ बैठक की जाएगी।

## माय बूथ एप पर घर बैठे पता चलेगा मतदेय स्थलों पर कितनी लंबी है लाइन




कलेक्ट्रेट में माय बूथ एप के बारे में जानकारी देते डीएम।

● **मतदान प्रतिशत बढ़ाने और वोटरों की सुविधा के लिए लांच हुआ एप**

**बरेली, अमृत विचार :** जिले में मतदान प्रतिशत बढ़ाकर रिकॉर्ड बनाने और मतदाताओं को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने के लिए माय बूथ एप बरेली को प्रशासन ने लांच किया है। कमिश्नर सौम्या अग्रवाल की पहल पर शुरू किए गए एप की मदद से मतदाताओं को घर बैठे ही अपने मतदेय स्थल की पूरी जानकारी मिल सकेगी।

कलेक्ट्रेट सभागार में रविवार शाम जिला निर्वाचन अधिकारी रविंद्र कुमार ने बताया कि बरेली प्रदेश का शायद पहला ऐसा जिला होगा, जहां मतदाताओं के लिए ये व्यवस्था की गई है। बताया कि एप में सभी 3492 बूथों की जानकारी अपलोड है। एप में विधानसभा वार बूथ संख्या, नाम, लोकेशन, बीएलओ का नाम और मोबाइल नंबर भी रहेगा। सात मई को कड़ी धूप में मतदाताओं को लाइन में लगकर इंतजार करना न पड़े, इसलिए एप में यह सुविधा भी दी गई है कि मतदाता घर बैठे ही पता कर सकते हैं कि बूथ पर कितनी लंबी लाइन है। समस्या होने पर एप से ही बीएलओ का नंबर लेकर बात कर सकते हैं। उन्होंने सभी विभागों के अफसरों से कहा कि एप को अधिक से अधिक संख्या में डाउनलोड कराने का प्रयास किया जाएगा। एप गूगल प्ले स्टोर, क्यू आर कोड से स्कैन कर डाउनलोड किया जा सकता है। प्रेस कॉन्फ्रेंस में एसएसपी घुले सुशील चंद्रभान, नगर आयुक्त निधि गुप्ता वत्स, सीडीओ जगप्रवेश, एडीएम वित्त एवं राजस्व संतोष बहादुर सिंह आदि मौजूद रहे।

## परसाखेड़ा में चुनाव तैयारियों का लिया जायजा

**बरेली, अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव में परसाखेड़ा वेयर हाउस से पोलिंग पार्टियों की रवानगी होगी। एडीएम प्रशासन दिनेश, एडीएम सिटी सौरभ दुबे, सिटी मजिस्ट्रेट राजीव कुमार शुक्ला, एसडीएम सदर रत्निका श्रीवास्तव ने वेयर हाउस में तैयारियों का जायजा लिया। अफसरों ने कहा कि सभी तैयारियां समय से पूरी कर लें। एडीएम प्रशासन ने बताया कि बैरीकेडिंग और सीसीटीवी कैमरे लगाने का कार्य जल्द पूरा करने के निर्देश दिए हैं।

## जिला अस्पताल में मेडिकल बोर्ड के बैठने का नहीं इंतजाम

**बरेली, अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव में गंभीर बीमारी से ग्रसित लोगों की ड्यूटी कटवाने वालों की जांच मेडिकल बोर्ड करता है। पहले बोर्ड विकास भवन में बैठता था लेकिन लोगों की सुविधा के लिए दो दिन पहले बोर्ड के जिला अस्पताल में ही बैठने के निर्देश दिए गए लेकिन यहां पर बैठने का इंतजाम ही नहीं किया गया।

● **पहले विकास भवन में बैठता था बोर्ड**

इसकी वजह से बोर्ड को मेडिकल करने में काफी परेशानी होती है। इस संबंध में जिला अस्पताल की एडीएसआईसी डॉ. अलका शर्मा ने बताया कि बोर्ड के बैठने के लिए सोमवार को सुबह ही स्थान निर्धारित कर दिया जाएगा।

## मीरगंज विधानसभा क्षेत्र में चुनाव कार्यालय शुरू



**बरेली, अमृत विचार :** भाजपा का मीरगंज विधानसभा क्षेत्र में मुख्य चुनाव कार्यालय की रविवार को शुरुआत हुई। इस दौरान सांसद एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री संतोष गंगवार ने कहा कि लोकसभा चुनाव में भाजपा इस बार चार सौ से ज्यादा सीट प्राप्त करेगी और बरेली लोकसभा सीट रिकॉर्ड मतों से जीतेगी। आज मोदी सरकार ने जिस तरह देश को विश्व पटल पर ला दिया है वह हर भारतीय के लिए गर्व की बात है। आज हम सभी को एक साथ पूरे जोश से भाजपा को पूर्ण बहुमत से जिताना है। बरेली के प्रत्याशी छत्रपाल सिंह गंगवार ने कहा कि प्रत्येक कार्यकर्ता अपने-अपने बूथ पर सभी वर्गों और जातियों में संपर्क करे। लोकसभा संयोजक राजकुमार शर्मा ने कहा कि प्रत्येक मतदाता से संपर्क कर प्रत्येक बूथ पर 370 वोट बढ़ाने के लक्ष्य को प्राप्त करना है। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष पवन शर्मा, विधायक डॉ. डी सी वर्मा, चेयरमैन योगेंद्र गुप्ता, सोमपाल शर्मा, अजय सक्सेना, प्रशांत पटेल, तेजश्वरी सिंह, वीरपाल गंगवार, अंकित शुक्ला, राहुल साहू, जिला मीडिया प्रभारी अंकित माहेश्वरी आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## हर बूथ को मजबूत करना है हम सबकी जिम्मेदारी : राकेश सचान



**बरेली, अमृत विचार :** एमएसएमई ( लघु, कुटीर और मध्यम उद्योग) विभाग के मंत्री राकेश सचान रविवार को पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष नीरू पटेल के पवन विहार आवास पर पहुंचे। यहां महेंद्र सिंह ,देवेन्द्र सिंह और पार्टी कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। इस दौरान मंत्री ने बरेली और आंवला लोकसभा सीट पर चुनाव की स्थिति पर चर्चा करते हुए कहा कि हर बूथ को मजबूत करना हम सबकी जिम्मेदारी है। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं को जीत का मंत्र दिया और उत्साह बढ़ाया। हरुनगला पार्षद राजेश पटेल, चंद्रपाल राठौर, पूर्व प्रधान नेपाल सिंह, संजीव सिंह, सुभाष पटेल, रामनाथ ,डा. केपी सिंह ,परीक्षित गंगवार ,प्रमोद गंगवार आदि मौजूद रहे।


## सपा ने वार्ड स्तर पर कार्यालय खोलने पर चर्चा की



**बरेली, अमृत विचार :** सपा ने बैठक कर कार्यकर्ता सम्मेलन करने, वार्ड स्तर पर चुनाव कार्यालय खोलने, शहर और कैंट विधानसभा क्षेत्र में चुनाव संचालन के लिए कार्यालयों पर गठबंधन दलों के प्रमुख पदाधिकारियों को दायित्व सौंपने पर चर्चा की। बैठक में कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के भी पदाधिकारी शामिल हुए। बरेली लोकसभा समन्वयक प्रमोद विष्ट ने एक इंस्टीट्यूट में बैठक की, जिसमें शहर और कैंट विधानसभा क्षेत्र में कार्यकर्ता सम्मेलन करने पर सहमति बनी। कांग्रेस महानगर अध्यक्ष अजय शुक्ला ने कहा कि हमारी बूथ स्तर तक टीम तैयार है। कहा कि सपा की तरह कांग्रेस की ओर से महानगर कोषाध्यक्ष महेश पंडित समन्वयक होंगे। बैठक में शिवचरन कश्यप, शमीम खां सुल्तानी, आम आदमी पार्टी की नेता सुनीता गंगवार ने भी शिरकत की। लोकसभा प्रभारी संजीव यादव, प्रदेश प्रवक्ता मो. साजिद, दीपक शर्मा, रविंद्र यादव, शिवप्रताप यादव, राम प्रकाश यादव, गौरव सक्सेना, नाजिम कुरैशी, योगेश जौहरी, अफरोज खां, केके दीक्षित, सुल्तान खां, रमेश श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।




Video Recto Scope
The Ano-Rectal Clinic
Dr. Sanjay Kumar Yadav
M.S. (Ano-Rectal Surgeon)
अत्याधुनिक विधि द्वारा गुदाद्वार में होने वाली बीमारियों का परीक्षण
लेज़र विधि एवं DGHAL विधि द्वारा बवासीर (Piles) भगन्दर (Fistula) एवं गुदाद्वार में होने वाली अन्य बीमारियों का उचित* इलाज
क्लीनिक का पता एस-80, गोल चौराहा, महानगर कोतवाली के सामने, महानगर, लखनऊ www.anorectalclinic.com | 7388913338, 8005423919


शिव इन्टरप्राईजेज फोम एण्ड प्लाई

गद्दे, सोफे का सामान, पर्दे, प्लाई बोर्ड, दरवाजे, सनमाइका हार्डवेयर, फर्नीचर
सिकलापुर, बरेली
9897245877

## शहर में आज

- बहुजन समाज पार्टी की जनसभा बिशप मंडल इंटर कॉलेज में सुबह 11 बजे।
- सनातन संस्कृति चेतना ट्रस्ट द्वारा सांस्कृतिक मेले का आयोजन बरेली क्लब में शाम 7 बजे।
- रुहेलखंड विश्वविद्यालय की स्नातक और परास्नातक की मुख्य परीक्षा सुबह 7 बजे से।

# दंगे के दो आरोपी गिरफ्तार तौकीर के घर नोटिस चस्पा

## आईएमसी प्रमुख की आज कोर्ट में पेशी, पुलिस फोर्स रहेगी तैनात

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** वर्ष 2010 दंगे में फरार चल रहे आरोपी अबरार और आरिफ को प्रेमनगर थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने दोनों को रविवार को कोर्ट में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। पुलिस ने दंगे के मुख्य आरोपी आईएमसी प्रमुख मौलाना तौकीर रजा खां और वसीम के खिलाफ धारा 82 की कार्रवाई करते हुए दोनों के घरों पर नोटिस चिपका दिया है। तौकीर को सोमवार को कोर्ट में पेश होना है। पुलिस का कहना है कि अगर मौलाना तौकीर रजा पेश नहीं हुए तो कोर्ट के आदेश पर कुर्की की कार्रवाई की जाएगी। पेशी के दौरान कोर्ट में फोर्स तैनात रहेगी।

बता दें कि कोर्ट ने वर्ष 2010 दंगे का मुख्य आरोपी मौलाना तौकीर रजा खां को माना है। तौकीर के खिलाफ कोर्ट ने तीन बार एनबीडब्ल्यू जारी किया लेकिन, अब तक वह कोर्ट में पेश नहीं हुए थे। प्रेमनगर पुलिस ने दंगे के आरोपी पिपरिया गांव भोजीपुरा निवासी अबरार और बानखाना निवासी आरिफ को रविवार को उनके घरों से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इसके अलावा बिहारीपुर निवासी मौलाना तौकीर रजा और बानखाना निवासी वसीम के घरों पर नोटिस चिपकाया है। तौकीर रजा खां को जिला जज की अदालत ने फरार घोषित किया है। पुलिस मौलाना की गिरफ्तारी के लिए दिल्ली और अजमेर भी गई थी लेकिन खाली हाथ लौट आई थी। इसके बाद मौलाना ने घर में प्रेस कॉन्फ्रेंस की थी कि वह हैदराबाद के आउटर में थे, जिसकी वजह से फोन नहीं लग रहा था। मौलाना अस्पताल में भी भर्ती हुए थे।


पुलिस गिरफ्त में 2010 दंगे के दो आरोपी। ● अमृत विचार

> वर्ष 2010 दंगे के दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा है। साथ ही मौलाना तौकीर रजा समेत दो आरोपियों के घर पर नोटिस चिपकाया है। तौकीर रजा कोर्ट में पेश नहीं हुए तो आगे की कार्रवाई की जाएगी।
> –पंकज श्रीवास्तव, सीओ प्रथम

## दरोगा का नोट गिनते हुए वीडियो की सीओ नवाबगंज करेंगे जांच

**बरेली, अमृत विचार :** इज्जतनगर थाने में तैनात दरोगा के पैसे लेते हुए वायरल वीडियो की जांच होगी। एसएसपी घुले सुशील चंद्रभान ने मामले की जांच सीओ नवाबगंज हर्ष मोदी को सौंपी है। इस मामले में थाना प्रभारी जयशंकर सिंह ने दरोगा को क्लीन चीट दी थी। एसएसपी ने इस मामले में थाना प्रभारी को फटकार भी लगाई है। अब सीओ की जांच के बाद ही आगे की कार्रवाई होगी।

बता दें कि 46 सेकेंड के वायरल वीडियो में दरोगा रुपये गिनते दिख रहें हैं। उनके सामने सफेद कुर्ता पायजामा में एक व्यक्ति मोबाइल लिए खड़ा हुआ है। जिस कंम्प्यूटर कक्ष में दरोगा रुपये गिन रहे हैं, उससे ठीक सटा हुआ प्रभारी निरीक्षक का कक्ष है। व्यक्ति और दरोगा में कुछ बातचीत होती है और उसके बाद दरोगा के हाथ में रुपये पहुंचते हैं और वह गिनने लगते हैं। दरोगा पांच-पांच सौ रुपये के नोट गिनते हुए दिख रहे हैं।

# फरीदपुर औद्योगिक क्षेत्र में नौ घंटे गुल रही बिजली

- मरम्मत कार्य के लिए लगातार बिजली कटौती से लोग परेशान

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** बिजली कटौती से उद्योग भी प्रभावित हो रहे हैं। फरीदपुर औद्योगिक क्षेत्र में मरम्मत कार्य की वजह से नौ घंटे की बिजली कटौती से व्यापारी परेशान हो गए। वहीं सिविल लाइंस में भी कई घंटे की कटौती की गई।

गर्मी में लोगों को बेहतर बिजली मिले, इसके लिए विभाग ने फरवरी में अनुरक्ष माह मनाया लेकिन अभी तक काम पूरे नहीं हो सके हैं। भीषण गर्मी में कटौती की जा रही है। रविवार को 33 केवी तथा 11 केवी की विद्युत लाइनों के ऊपर आने वाली पेड़ों की टहनियों की छंटाई और लाइन की मरम्मत की गई। इसकी वजह से फरीदपुर औद्योगिक क्षेत्र में सुबह 10 से शाम 6 बजे तक बिजली आपूर्ति बाधित रही। इसके अलावा सिविल लाइंस प्रथम विद्युत उपकेंद्र से पोषित सभी फीडरों पर सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक मरम्मत कार्य की वजह से बिजली गुल रही। आवास विकास और स्टेशन रोड पर भी तीन से चार घंटे की कटौती से लोग परेशान हो गए। जगतपुर, महानगर, किला और हरुनगला क्षेत्र में भी कटौती और ट्रिपिंग की समस्या रही। गर्मी से पहले अफसरों ने लाइनों को दुरुस्त कराने का दावा किया था, लेकिन अभी तक काम पूरा नहीं हुआ है। इस वजह से आपूर्ति प्रभावित हो रही है।

> बिजली कटौती से औद्योगिक क्षेत्र में दिक्कत होती है। जनरेटर से काम चलाना पड़ता है लेकिन मरम्मत कार्य भी जरूरी है।
> –श्याम अग्रवाल, उद्यमी

> उद्योग को ध्यान में रखते प्रत्येक महीने बिजली की मरम्मत के कार्य कराए जाएंगे, ताकि व्यापारियों को नुकसान न हो।
> –रोशन अग्रवाल, उद्यमी

## 11 को हल्की बारिश का पूर्वानुमान पर गर्मी से नहीं मिलेगी राहत

**बरेली, अमृत विचार:** दिन में तेज धूप की वजह से गर्मी पड़ रही है लेकिन रात में पारा काफी गिर जा रहा है। दिन का तापमान रात से दोगुना हो रहा है। जिले में एक बार फिर से मौसम में बदलाव होगा। मौसम विभाग ने 11 अप्रैल को बारिश का पूर्वानुमान जताया है। रविवार को अधिकतम तापमान सामान्य से 0.9 डिग्री कम 35 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम सामान्य से 2.2 डिग्री कम 17.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। आंचलिक मौसम केंद्र लखनऊ के वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिक डॉ. अतुल कुमार सिंह ने बताया कि 11 अप्रैल को पश्चिमी उत्तर प्रदेश में पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होगा। इसकी वजह से बारिश हो सकती है। इसके बाद अधिकतम तापमान में तेजी से बढ़ोतरी होगी। 15 अप्रैल से लू चलेगी। मौसम को प्रभावित करने का मुख्य कारण जलवायु परिवर्तन है। आगामी सप्ताह में औसतन अधिकतम तापमान 38-39 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 20-23 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने का पूर्वानुमान है।

## एक नजर

### आलमनगर रेलखंड में ब्लॉक, 14 ट्रेनें होंगी प्रभावित, चार निरस्त

**बरेली, अमृत विचार :** उत्तर रेलवे के लखनऊ आलमनगर रेलखंड में तीन दिन का ब्लॉक होने के कारण सोमवार से चार ट्रेन निरस्त रहेंगी। इसके अलावा 14 ट्रेनें प्रभावित होंगी। इससे यात्रियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा। आलमनगर रेलखंड में 8 से 10 अप्रैल तक मरम्मत एवं विकास कार्य के लिए ब्लॉक लिया जाएगा। इस वजह से यात्रियों की मुश्किलें बढ़ेंगी। वहीं, बरेली जंक्शन से मेमू ट्रेन संचालित होने से मुरादाबाद का सफर सुविधाजनक हो जाएगा।

### भवन का किराया न देने पर डॉक्टर समेत तीन के खिलाफ एफआईआर

**बरेली, अमृत विचार :** बारादरी पुलिस ने भवन का किराया न देने के मामले में डॉक्टर समेत तीन लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। शिव गार्डन निवासी मनोज कुमार ने बताया कि आशुतोष सिटी निवासी डॉ. किरन गंगवार, अहलादपुर निवासी अभिषेक अमन और रामस्वरूप ने अस्पताल चलाने के लिए उनका भवन 30 हजार रुपये प्रति माह के किराये पर लिया था। आरोप है कि एग्रीमेंट के बाद भी डॉ. किरन ने उनका 2.40 लाख रुपये भवन का किराया और 15 हजार रुपये बिजली बिल नहीं दिया। उनका कुछ घरेलू सामान भी नहीं दिया है। मांगने पर आरोपी धमकी दे रहे हैं। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है।

# भाजपा नेता की दुकान में पेट्रोल डालकर लगाई आग

- ऑटो से पहुंचा था आरोपी पुलिस ने दर्ज की रिपोर्ट
- सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली तो पता चला

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** सुभाषनगर थाना क्षेत्र में एक भाजपा नेता की दुकान में पेट्रोल डालकर आग लगा दी गई। भाजपा नेता ने लोगों की मदद से आग बुझाई। ऑटो से आकर आग लगाने वाला एक युवक सीसीटीवी में कैद हुआ है। पुलिस पहले मामला टालती रही, लेकिन बाद में अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली।

विश्वनाथपुरम निवासी सुरजीत सिंह चौहान ने बताया कि वह भाजपा में किसान मोर्चा के महानगर उपाध्यक्ष हैं। उनका विश्वनाथपुरम में ही कृष्णा नाम से फोटो स्टूडियो है। वह भाजपा के पदाधिकारियों के साथ शनिवार को प्रत्याशी छत्रपाल सिंह गंगवार के साथ चुनाव प्रचार में गए थे। वह रात में करीब एक बजे घर पहुंचे। दुकान पर काम करने वाले मोहित गुप्ता ने रात तीन बजे उन्हें फोन कर बताया कि दुकान से धुआं निकल रहा है। उन्होंने मौके पर पहुंचकर दुकान का शटर खोला तो अंदर आग जल रही थी। उन्होंने लोगों की मदद से आग बुझाई। उनका कहना है कि करीब एक लाख रुपये का सामान जल गया। पुलिस ने घटना स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली तो पता चला कि एक युवक ऑटो से आया और दुकान में पेट्रोल डालकर आग लगा दी। हालांकि, शुरुआत में पुलिस मामले में कार्रवाई करने की बजाय टालमटोल करती। फिलहाल, आरोपी युवक की तलाश की जा रही है।

# रात भर शिवांशु का शव कमरे में रखा, सुबह बोरे में भरकर फेंका

- सनैइया में झाड़ियों से पुलिस ने बरामद किया छात्र का शव
- तीन अप्रैल को सनी शहामतगंज से बोरा खरीदकर लाया

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** शिवांशु की हत्या करने के बाद सनी और तनु ने उसका शव रात भर कमरे में रखा। उसके बाद सुबह शव को बोरे में बांधकर बाइक से सुभाषनगर थाना क्षेत्र में सनैइया की तलैया शैतान अड्डा की झाड़ियों में फेंक दिया। आरोपियों ने जिस रस्सी से गला घोंटा उसी से शव को बांधकर गद्दे में लपेटा था।

पुलिस की पूछताछ में तनु ने बताया कि दो अप्रैल की रात शिवांशु की हत्या कर दी। इसके बाद शव कमरे में ही रखा रहा। तीन अप्रैल को सुबह करीब नौ बजे सनी शहामतगंज गया। वहां से बड़े साइज का चोकर का बोरा खरीदकर लाया। इसके बाद शव को मोड़कर रस्सी से बांध लिया। इसके बाद शव को गद्दे में लपेटकर बोरे में भर दिया। इसके बाद बाइक से शव को ठिकाने लगाने गए। पड़ोस के ही एक व्यक्ति ने जब टोका तो तनु ने जवाब दिया कि उसके रिश्तेदार का गद्दा और कुछ सामान है, जिसे देने जा रही है। लड़की साथ में होने के कारण मोहल्ले के लोगों ने शक भी नहीं किया। इसके बाद शव फेंक दिया।


बोरे से शव को बाहर निकालता युवक और मौजूद पुलिस। ● अमृत विचार

### हत्या के बाद बदल दिया मकान

दो अप्रैल को शिवांशु की हत्या कर दी गई। चार अप्रैल को तनु ने दूसरा मकान किराये पर ले लिया। परिजनों की शिकायत पर पांच अप्रैल को सिविल लाइंस बदायूं पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज की। गुमशुदगी दर्ज होने के बाद शिवांशु की सीडीआर निकलवाई। जिससे पता चला कि उसने जाने से पहले तनु से कई बार बातचीत की थी। जिसके आधार पर बदायूं पुलिस ने सुभाषनगर पुलिस के सहयोग से तनु को वंशीनगला से गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के बाद तनु ने जिस स्थान पर शव फेंका था, वहां से बरामद करा दिया।

### परिजनों का प्रेम प्रसंग से इन्कार


रोते बिलखते शिवांशु के परिजन।

शिवांशु के पिता और भाई ने बताया कि वह दुकान पर ही बैठा रहता था। प्रेम प्रसंग जैसी कोई बात नहीं है। सनी ने शिवांशु से 50 हजार रुपये लिए थे। उसका पिता बीमार है। पिता के इलाज के लिए भी सनी ने रुपये लिए थे। सनी पर शिवांशु के एक लाख रुपये थे, इसलिए उसने मार दिया है। परिजनों का कहना है कि प्रेम प्रसंग जैसी बात उनके संज्ञान में नहीं है। हालांकि पुलिस प्रेम प्रसंग में हत्या की बात कह रही है।

### परिजन सनी के दोस्त की भी बता रहे साजिश

परिजनों ने बताया कि शिवांशु की हत्या में सनी का दोस्त रमन भी शामिल है। पुलिस अभी तक रमन और सनी को गिरफ्तार नहीं कर सकी है। परिजनों ने शिवांशु की बाइक भी बरामद करने की मांग की है। शिवांशु के पिता निकलेश गौतम उर्फ बबलू ने बताया कि उनके बेटे को दो लोग नहीं मार सकते थे। शिवांशु के भाई ने बताया कि सनी का पिता बरेली में चौपुला पर एक निजी अस्पताल में भर्ती है। जब वे लोग शिवांशु के संबंध में जानकारी करने पहुंचे तो उन्होंने कहा कि सनी नीचे गया है आता होगा, लेकिन सनी नहीं आया और मोबाइल भी बंद कर लिया। फिलहाल पुलिस सनी की गिरफ्तारी के लिए दबिश दे रही है।



अतिक्रमण के चलते जिला अस्पताल गेट पर लगे जाम में फंसे लोग। ● अमृत विचार

## दहेज हत्या के आरोप में पति और देवर पर रिपोर्ट

- मृतका के पिता की शिकायत पर हुई कार्रवाई

**बरेली, अमृत विचार :** इज्जतनगर पुलिस ने दहेज हत्या के मामले में पति और देवर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

बिथरी के गांव वलीपुर निवासी महेन्द्र ने बताया कि बेटी सीमा की शादी छह फरवरी 2017 को पहरापुर वसावन थाना इज्जतनगर निवासी अभिषेक के साथ की थी। शादी के बाद से अभिषेक सीमा को पांच लाख रुपये की मांग करते हुए प्रताड़ित करने लगा। सीमा घर पर चली आई थी। बाद में समझाकर भेज दिया। 29 मार्च को उन्हें सूचना मिली कि सीमा बीमार है। जब वे लोग 30 मार्च की सुबह अभिषेक के यहां पहुंचे तो पता चला कि सीमा की मौत हो चुकी है। महेन्द्र पाल की शिकायत पर इज्जतनगर पुलिस ने अभिषेक और उसके भाई संजू के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

# नोएडा की कंपनी ने पांच करोड़ ठगे

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** बरेली के व्यापारी से नोएडा की गारमेंट कंपनी ने पांच करोड़ रुपये की ठगी कर ली। कोर्ट के आदेश पर कोतवाली पुलिस ने कंपनी के मालिक दंपती और दो अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

सिविल लाइंस निवासी चंदन कुमार पासवान ने बताया कि उनकी कंपनी वेलकिन जोन इंडिया मैनुफेक्चर ऑफ गारमेंट है। दो साल पहले नोएडा की इनोचेन डिजाइन कंपनी के मालिक शाहवाज खां कुछ लोगों के साथ पूर्व डायरेक्टर नितिन जायसवाल के आवास पर आए थे। इस दौरान सशर्त व्यापार करने की सहमति बनी थी। शाहवाज और उसकी पत्नी आयशा ने 22 महीने तक व्यापार किया। उन्होंने कई कंपनियों के पैसे आरोपियों की कंपनी में व्यापार के लिए ट्रांसफर किए। जब उन्होंने शाहवाज से हिसाब मांगा तो उसने फर्जी दस्तावेज थमा दिए। जब कंपनी ने मूल दस्तावेज मांगे तो वह टाल मटोल करने लगा। वह दबाव बनाने पर कंपनी छोड़कर भाग गया। वह दो लोगों के साथ आठ मार्च को बरेली स्थित कार्यालय आया। यहां पर पैसे मांगने पर वह भड़क गया और जान से मारने की धमकी देने लगा। कोर्ट के आदेश पर कोतवाली पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### सात लाख की धोखाधड़ी में ठेकेदार पर रिपोर्ट

**आंवला, अमृत विचार :** ठेकेदार ने सरकारी काम बताकर तीन दुकानदारों से 7 लाख 3 हजार 2 सौ रुपये का हैंडपंप और बोरिंग का सामान उधार ले लिया लेकिन पैसे नहीं दिए। दुकानदार ने आईजी के आदेश पर आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। कस्बे के गंज पुरैना ढाल निवासी रवि गुप्ता ने बताया कि उनकी श्री श्याम ट्रेडर्स नाम से दुकान है। वह हैंडपंप और हार्डवेयर का व्यापार करते हैं। उनके पास मेरठ के महरौली निवासी ठेकेदार शुभम चौधरी आया। उसने सरकारी नल (हैंडपंप) लगवाने और बोरिंग कराने का सरकारी काम मिलने की बात बताकर उधार सामान लिया था। उसने सरकार से भुगतान होने पर रुपये देने की बात कही थी। उसने विश्वास करके उसे 5 लाख 36 हजार रुपये का सामान दे दिया। रुपये मांगने पर वह टाल मटोल करता रहा। 20 फरवरी को उसने रुपये देने से इन्कार कर दिया। अब वह फोन नहीं उठा रहा है। दुकानदार का कहना है कि ठेकेदार ने फर्जी आधार कार्ड दिखाकर उससे और मऊचंदपुर गांव निवासी इकरार अहमद से एक लाख 82 हजार 7 सौ रुपये और भमोरा के गांव सेंधा निवासी अनिल कुमार गुप्ता से 84 हजार 5 सौ रुपये का सामान लेकर धोखाधड़ी की है।

# आग से गेहूं की फसल जलकर राख

संवाददाता, फतेहगंज पश्चिमी

**अमृत विचार:** गांव रहपुरा जागीर में रविवार शाम लगने के कारण साढ़े छह बीघा गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। आग में यूकेलिप्टस के पेड़ भी जल गए। गांव वालों ने किसी तरह आग बुझाई। सूचना के बाद भी फायर ब्रिगेड के नहीं पहुंचने पर लोगों ने नाराजगी जाहिर की।

रविवार शाम 5 बजे गांव रहपुरा जागीर में एक गेहूं के खेत में आग लग गई। एक ग्रामीण खेत में जुताई करने गया तो उसने आग लगने की सूचना फोन पर खेत मालिक और अन्य गांव वालों को दी। ग्रामीणों ने पानी और लाठी-डंडों से आग को बुझाया लेकिन तब तक गंगाश्री का करीब 4 बीघा, पप्पू का ढाई बीघा गेहूं जलकर राख हो गया। गांव के ही रामकिशोर का खेत खाली था, लेकिन उसके चारों ओर यूकेलिप्टस के कई दर्जन पेड़ जल गए। ग्रामीणों की सूचना पर यूपी 112 पुलिस करीब एक घंटे के बाद मौके पर पहुंचीं। प्रधान के पति गंगा चरण ने राजस्व टीम को सूचना कर दी है।


आग से जली गेहूं की फसल।

## नकब लगाकर लाखों की चोरी

**भमोरा, अमृत विचार :** सुने घर से नकब लगाकर चोरों ने सोने-चांदी के जेवर समेत अन्य सामान समेट ले गए, पीड़ित ने तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। नौगांव अहिरान निवासी मनोज कुमार ने बताया कि उसका एक मकान आंवला -भमोरा रोड पर मकरंदपुर रेलवे फाटक के पास है। वहीं पर वह परिवार के साथ रहता है, उसकी पत्नी शनिवार को रिश्तेदारी में होली मिलने गई थी, और वह गांव में गेहूं निकलवाने गया था। रविवार सुबह जब लौटकर आया तो देखा मकान के पीछे दीवार में नकब लगाकर चोर सोने चांदी के जेवर समेत कीमती सामान समेट ले गए। पीड़ित ने थाने में अज्ञात के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की।

### रोक के बावजूद ट्रैक्टर ट्राली का वाणिज्यिक में कराना चाह रहे पंजीकरण

**बरेली, अमृत विचार :** ट्रैक्टर-ट्रॉली का वाणिज्यिक में पंजीकरण की व्यवस्था साल 2017-18 से बंद है लेकिन इसके बावजूद लोग आवेदन कर रहे हैं। जिले में 22 लोगों ने ट्रैक्टर-ट्राली का वाणिज्यिक में पंजीकरण कराने के लिए आवेदन किया। इन आवेदनों को आरटीओ ने मुख्यालय भेज दिया है। जिले में 35728 टैक्टर ट्राली हैं, जिसमें से सिर्फ 162 ट्रैक्टर ट्रॉली का वाणिज्यिक में पंजीकरण है। पहले मैनुअली ट्रैक्टर-ट्राली का वाणिज्यिक में पंजीकरण किया जाता था लेकिन ऑनलाइन व्यवस्था में इसका कॉलम ही नहीं है। जिले में ट्रैक्टर-ट्राली से ईंट, सीमेंट, रेता बजरी, गन्ना और अन्य सामान ढोया जा रहा है। एआरटीओ प्रशासन मनोज सिंह ने बताया कि पहले ट्रैक्टर-ट्राली का वाणिज्यिक में पंजीकरण हो जाता था, लेकिन जब से आनलाइन प्रकिया हुई है तब से व्यवस्था बंद कर दी गई है। जिले में कई लोगों ने वाणिज्यिक कराने के लिए आवेदन किया है, उनकी फाइल मुख्यालय को भेजकर अवगत करा दिया गया है।



घंटाघर के पास गड्ढे को ड्रम रखकर ढका गया है लेकिन कभी भी हादसा हो सकता है।

## एक ही जमीन का दो बार करा दिया बैनामा

**बरेली, अमृत विचार :** जालसाजों ने एग्रीमेंट करने के बाद लाखों रुपये की जमीन दूसरों को बेच दी। पीड़ित ने बैनामा कराने को कहा तो धमकी दी। शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने आठ आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। बारादरी के सुरेश शर्मा नगर निवासी अरविंद अग्रवाल ने बताया कि लालपुर स्थित 900 वर्गगज जमीन का एग्रीमेंट 12 जुलाई 2021 को रजनी से छह लाख रुपये में कराया था। रजनी ने इसी जमीन का बैनामा रामपुर जिले के नगीपुर निवासी लक्ष्मण को पांच जून 2023 में कर दिया। आरोपियों ने दाखिल खारिज भी करा लिया। इसी जमीन का लक्ष्मण ने 10 जनवरी 2024 को रजनी की देवरानी पूनम और जेठानी रेशमा के लिए बैनामा कर दिया। इस मामले में पारस मिश्रा, प्रेम सिंह, रामगोपाल और हरपाल ने गवाही दी। शिकायत पर पुलिस ने रजनी, लक्ष्मण, रेशमा, पूनम, पारस मिश्रा, प्रेम सिंह रामगोपाल और हरपाल के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

## गैंगस्टर भाइयों की पौने चार लाख की संपत्ति कुर्क होगी

**बरेली, अमृत विचार :** गैंगस्टर एक्ट में दो आरोपी भाइयों की लाखों की संपत्ति कुर्क की जाएगी। इंस्पेक्टर ने कुर्की की तारीख तय करने के लिए एसडीएम सदर रत्निका श्रीवास्तव को पत्र लिखा है। किला थाना प्रभारी निरीक्षक हरेंद्र सिंह की ओर से एसडीएम को लिखे पत्र के मुताबिक सरताज और उसका रिजवान गैंगस्टर एक्ट के आरोपी हैं। जांच में पता चला कि दोनों ने अवैध तरीके से संपत्ति अर्जित की है। दोनों की जसौली गांव में तीन लाख 76 हजार 245 की कीमत की जमीन कुर्क की जाएगी।

बिना ऑपरेशन गुर्दे की पथरी का इलाज होम्योपैथी द्वारा

सिन्कोना होम्योपैथिक सेन्टर

डा. ब्रजेश कुमार
होम्योपैथिक फिजीशियन
बी.एच.एम.एस. (आगरा)

सम्पर्क करें :
9058575790
8077383286

- चर्म रोग (सोराइसिस, दाद, एक्जीमा, मस्से इत्यादि)
- बच्चों का रात में बिस्तर गीला कर देना
- बालों का झड़ना, गंजापन, बालों की सफेदी
- महिलाओं की माहवारी सम्बन्धित समस्याएं ल्यूकोरिया आदि
- बवासीर, फिशर
- मानसिक रोग (डिप्रेशन)
- चेहरे के कील, मुहांसे
- मिर्गी
- माइग्रेन (आधे सिर का दर्द)
- ब्लड प्रेशर, शुगर
- सियाटिका का दर्द
- मानसिक दुर्बलता
- मोटापा
- पेट संबंधी रोग, जिगर के रोग
- साइनस
- टॉसिल का बढ़ जाना
- थायराइड
- जोड़ों का दर्द
- गुप्त रोग

पता : 116 बी-1, मॉडल टाउन, स्टेडियम रोड, (निकट संजय नगर पेट्रोल पम्प) बरेली
समय : सोमवार से शनिवार
प्रात: 11 बजे से 4 बजे तक, शाम 6 बजे से रात 9 बजे तक
रविवार
12 बजे से 2 बजे तक

## सनातन व्रतोत्सव पत्रिका के 26 वें अंक का विमोचन


सनातन व्रतोत्सव पत्रिका के विमोचन के दौरान मौजूद लोग।

**बरेली, अमृत विचार:** श्री सनातन व्रतोत्सव दर्पण पत्रिका के 26 वें संस्करण का विमोचन रविवार को वीर सवारकर नगर में अमित गोयल के आवास पर हुआ।

इस मौके पर मुख्य संरक्षक नरेंद्र गोयल को शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। पत्रिका के प्रधान संपादक पंडित हरी शर्मा शास्त्री ने बताया कि इस वर्ष ग्रह मंडल के राजा मंगल और मंत्री शनि हैं। अध्यक्ष संदीप अग्रवाल, उपाध्यक्ष अमित गोयल, सहसंपादक पं.प्रभात शर्मा, संरक्षक डॉ आशीष गुप्ता, बल्ले ठाकुर, आरएसएस के महानगर प्रचारक मयंक, नगर प्रचारक सौरभ, नगर व्यवस्था प्रमुख गजेंद्र, नगर कार्यवाह पुष्पेंद्र, तरुण आदि उपस्थित रहे।

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 7464943582

डॉ. नितिन अग्रवाल
एम.डी. (गोल्ड मेडिलिस्ट), डी.एम. (कार्डियोलॉजी)
हृदय रोग विशेषज्ञ मो. 9457833777
ECG+ECHO+TMT+HOLTER
हृदय रोग के लक्षण:- ♦ घबराहट ♦ छाती में दर्द या भारीपन ♦ सांस फूलना ♦ पैरों में सूजन ♦ हाई ब्लडप्रेशर ♦ हाई कोलेस्ट्रोल ♦ डाइबिटीज (शुगर) ♦ सीने या पेट में जलन या दर्द ♦ हार्ट अटैक ♦ हार्ट फेल
APPLE CARDIAC CARE DR NITIN AGARWAL'S HEART CLINIC
ए-3, एकता नगर, केयर अस्पताल के सामने, स्टेडियम रोड, बरेली। सम्पर्क करें:- 9458888448

डॉ. गयास अहमद
MBBS, DCH, DNB (Paediatric) NEW DELHI
नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ
भू.पू. चिकित्सक सर गंगाराम अस्पताल, नई दिल्ली
NEW BORN AND CHILD CARE CLINIC
1. मुंशी नगर गेट, डेलापीर मण्डी, पीलीभीत रोड, बरेली
समय - प्रातः 9 बजे से 12 बजे तक, शाम 4 बजे से 8 बजे तक
सुविधायें :- ♦ वेन्टीलेटर/BIPAP/CPAP युक्त NICU/PICU की सुविधा, ♦ प्रीमेच्योर बच्चों के लिए सफेक्टेन्ट एवं विशेष देखभाल की सुविधा, ♦ नवजात निमोनिया व जन्मजात दौरे पड़ने का इलाज, ♦ पीलिया का इलाज, ♦ दिमागी बुखार, ♦ मलेरिया, डेंगू, टायफाइड का इलाज
HELP LINE - 7017920279, 8920198518

डॉ. रजनीकांत साहू
MBBS, MS, MCh. (SGPGI, Lucknow)
Ex-Consultant-MAX Hospital, Delhi
वरिष्ठ न्यूरो सर्जन
मो. 7417389433
सुविधायें:- सिर की चोट का इलाज व ऑपरेशन, ब्रेन ट्यूमर, दिमागी गांठ तथा ब्रेन हैमरेज का ऑपरेशन, गर्दन व पीठ का दर्द, सियाटिका, स्लिप डिस्क, स्पाइनल ट्यूमर का इलाज व ऑपरेशन, सिर दर्द व मिर्गी के दौरे का इलाज।
बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सेन्टर
पता:- सी 427 डिवाइन हॉस्पिटल के सामने, के.के. हॉस्पिटल रोड, राजेन्द्रनगर, बरेली
मिलने का समय प्रात: 10 से 12, सायं 6 से 8
7017678157

डा. सतेन्द्र शर्मा
M.D. (Ayu.)
बवासीर, भगन्दर रोग विशेषज्ञ
क्या आपकी हर सुबह परेशानी लेकर आती है
जैसे : शौच के समय जलन, दर्द एवं खून, मल द्वार के पास से मवाद व कपड़े खराब होते रहना।
क्षार सूत्र विधि द्वारा इन सभी बीमारियों से सम्पूर्ण निदान पायें।
श्रद्धा केयर अस्पताल
मिनी बाईपास, प्रेम नर्सरी के सामने, कर्मचारी नगर, नैनीताल रोड बरेली सम्पर्क सूत्र : 9758284825, 8077550393

डॉ. पुनीत सरपाल (वरिष्ठ चिकित्सक) डॉ. सोनम सरपाल (चिकित्सक)
समय-प्रात: 9 बजे से सायं 7 बजे तक
विशेषज्ञ
कैंसर, गुर्दे रोग, पथरी, बांझपन, हाईड्रोसीफलस, चर्म रोग
Piles, Fissure, Fistula, Avan, Pancreas, ITP
Since 1978
सरपाल होम्योपैथी
ए-92, आई.सी.आई.सी.आई. बैंक के पास, एकता नगर, बरेली
9837318170, 9149172383
डॉ. प्रियम सरपाल
youtube channel : www.youtube.com/user/drPunitSarpal/Videos

PRIME HOSPITAL
प्राइम हॉस्पिटल एण्ड ट्रामा सेन्टर
नरियावल बाजार के सामने, बिथरीचैनपुर रोड, नरियावल, बरेली
• मेडिसिन विभाग • सर्जरी विभाग • स्त्री एवं प्रसूति विभाग • मानसिक रोग विभाग • हड्डी रोग विभाग • न्यूरो विभाग • बाल रोग विभाग
आयुष्मान योजना के तहत फ्री ऑपरेशन व इलाज
24 घण्टे इमरजेन्सी सुविधा उपलब्ध 7302532226, 9758044442
डॉ. मिनहाज अली खान एम.डी.

डा० आदित्य त्यागी
MBBS, DOMS DNB MINAMS
CATARACT, REFRACTIVE & GLAUCOMA SURGEON
Trust your eyes with us
ADITYA
भूतपूर्व चिकित्सक- शहीद भगत सिंह आई हॉस्पिटल, बरेली
50000 से अधिक आँखों के आपरेशन का अनुभव
TIME : 10:00 AM TO 5:00 PM
8077344353
अब इस पते पर उपलब्ध हैं :- आँखों का अस्पताल
आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, रेड टेप शोरूम के बराबर में, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

# सनातन नव वर्ष मेले में साधो बैंड ने मचाई धूम

## शिव तांडव, लेजर शो की शानदार प्रस्तुति को लोगों ने सराहा, देश भक्ति गीत में बच्चों ने जीते पुरस्कार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** सनातन संस्कृति चेतना ट्रस्ट की ओर से बरेली क्लब में आयोजित तीन दिवसीय सनातन नववर्ष मेले के दूसरे दिन रविवार को कई प्रतियोगिताएं हुईं। साधो बैंड की प्रस्तुति पर दर्शक झूम उठे। भोलेनाथ पर आधारित शिव तांडव लेजर शो की शानदार प्रस्तुति को लोगों ने सराहा। मेला राम को समर्पित रहा। मुख्य अतिथि वन एवं पर्यावरण मंत्री डॉ. अरुण कुमार सक्सेना, विशिष्ट अतिथि डॉ. बृजेश यादव और भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं एमएलसी विजय बहादुर पाठक रहे।

मेले में रामायण को नृत्य नाटिका के माध्यम से प्रस्तुत किया गया। बैंड के जरिए राम भजनों का गायन, वादन और नृत्य के माध्यम से भावपूर्ण प्रदर्शन किया गया। राम के जीवन चरित्र को लेजर शो के माध्यम से शानदार ढंग से दर्शाया गया।

मनोज दीक्षित ने भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष विजय बहादुर पाठक का स्वागत किया। मेले का मुख्य उद्देश्य सनातन की भावी पीढ़ी को सनातन संस्कृति की वैज्ञानिक विशेषताओं से परिचित कराकर उन्हें दिशा-बोध कराना है। मेले में खान-पान, खरीदारी और विभिन्न झूलों की व्यवस्था की गई है। अध्यक्ष डॉ. पवन अग्रवाल, मेला डायरेक्टर रोहित जिंदल, आशु अग्रवाल, राजन जैन, मुकेश जैन, अनुपम खंडेलवाल, भावेश अग्रवाल, अमित भारद्वाज, आलोक अग्रवाल, मनीष जैन, डॉ रविंद्र भास्कर, डॉ. रूचिन अग्रवाल, माधव अग्रवाल, मुकेश बंसल, प्रवेश उपाध्याय, रोहित गुप्ता, दिनेश खंडेलवाल, उमेश नेमानी, पवनदीप सिंह, राहुल गुप्ता, सुबोध गुप्ता, रविंद्र अग्रवाल, डॉ. डीके सक्सेना, आशीष तायल आदि मौजूद रहे।

- **सनातन संस्कृति चेतना ट्रस्ट की ओर से बरेली क्लब में हुआ आयोजन**


बरेली क्लब में आयोजित सनातन नववर्ष मेले में बैंड की प्रस्तुति देते कलाकार। ● अमृत विचार

### गीत प्रतियोगिता में अनूप शर्मा ग्रुप ने मारीबाजी

मेले में कलाकारों ने फ्यूजन डांस, देशभक्ति गीत आदि की प्रस्तुति दी। इस दौरान दर्शकों ने तालियां बजाकर कलाकारों का उत्साह बढ़ाया। मेले में बच्चों के लिए रामायण और महाभारत से संबंधित देश और धर्म के लिए बलिदान देने वाले वीर क्रांतिकारियों और महापुरुषों के जीवन के ज्ञान से संबंधित प्रश्नोत्तरी और भारतीय सांस्कृतिक परिधान प्रतियोगिता आयोजित की गई। देशभक्ति गीत ग्रुप में अनूप शर्मा ग्रुप प्रथम, कौशल ग्रुप द्वितीय और प्रिया मिश्रा ग्रुप तृतीय स्थान पर रहा। देश भक्ति गीत सोलो में ध्रुविका शुक्ला ने प्रथम, अनमोल गुप्ता और ऋषभ ने द्वितीय और अपर्णा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।



मेले में लेजर शो रहा आकर्षण का केंद्र। ● अमृत विचार


मेले में कलाकारों ने श्रीराम, सीता, लक्ष्मण और हनुमान की झांकी प्रस्तुत की।


बरेली क्लब में आयोजित मेले में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। ● अमृत विचार

## क्षत्रिय समाज से एकजुटता का किया आह्वान

**बरेली, अमृत विचार:** क्षत्रिय महासभा ने सुभाष नगर में रविवार को होली मिलन कार्यक्रम आयोजित किया। इस मौके पर अखा निवासी क्रिकेटर मुस्कान सिंह को प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। मंडलीय संयोजक केपी सिंह भदौरिया ने उन्हें पांच हजार रुपये की धनराशि भेंट की। उन्होंने क्षत्रिय समाज से एकजुटता का आह्वान किया। अध्यक्षता पूर्व ब्लाक प्रमुख देवपाल सिंह चौहान ने की। मंडलीय महासचिव हरवीर सिंह, नरेंद्र सिंह पंवार, अशोक सिंह, अमर सिंह परमार, धर्मपाल सिंह चौहान, महीपाल सिंह, देवेन्द्र सिंह, भारतेन्दु सिंह, विनय कुमार सिंह, गौरव सिंह आदि मौजूद रहे।

## नवरात्र पर सजा बाजार


कुतुबखाना बाजार में नवरात्र के लिए पूजन सामग्री की दुकान पर खरीदारी करते लोग। ● अमृत विचार

## साठा धान की खेती पर पाबंदी, फिर भी कर रहे बुवाई

**बरेली, अमृत विचार :** प्रतिबंध के बाद भी आंवला और बहेड़ी तहसील में कई स्थानों पर साठा धान की बुवाई की जा रही है। जिला कृषि अधिकारी धीरेंद्र चौधरी का कहना है कि साठा धान में पानी की अधिक जरूरत होती है। बारिश का सीजन न होने पर ट्यूबवेल से जल्दी-जल्दी सिंचाई करनी पड़ती है। इसके लिए अंधाधुंध पानी का दोहन किया जाता है। कृषि विभाग की टीमें सक्रिय हैं। ऐसे किसानों को चिह्नित किया जा रहा है।

## मतदान नहीं किया तो खुद के साथ करेंगे धोखा



**बरेली, अमृत विचार :** भारतीय उद्योग व्यापार मंडल ने मतदाता जागरूकता अभियान की शुरुआत की। महानगर अध्यक्ष अनिल अग्रवाल ने गांधी उद्यान में सभी को मतदान करने की शपथ दिलाई। इस दौरान जिलाध्यक्ष विकास अग्रवाल, मनोज गुप्ता, संजू, विकास प्रताप, छत्रपाल, प्रतीक मिश्रा, हैप्पी गुप्ता, सौरभ दीक्षित, धीरज कुमार, राजेश, मनोज शर्मा, मेहरबान सिंह, संजय कठेरिया, योगेंद्र चौहान, रवि, मनीष, गौरव सोलंकी आदि मौजूद रहे।

## हरिओम अध्यक्ष तो नवीन बने उपाध्यक्ष




**बरेली, अमृत विचार :** फार्मा सेल्स एक्जीक्यूटिव एसोसिएशन का रविवार को रोटरी भवन में चुनाव हुआ, जिसमें हरिओम राठौर को अध्यक्ष, नवीन सक्सेना को उपाध्यक्ष, विकास शंखधार को सचिव, संजीव गुप्ता, हृदेश को सहसचिव और विवेक गोयल को कोषाध्यक्ष चुना गया। इसके अलावा मुकेश सक्सेना, विक्रम वर्मा, अरुण नेगी, अनुपम शुक्ला, अनुराग भूषण और गौरव मिश्रा को कार्यकारिणी सदस्य चुना गया।

## चुनाव की तैयारी में जुट जाएं कार्यकर्ता



**बरेली, अमृत विचार :** भाजपा की शहर विधानसभा क्षेत्र चुनाव संचालन समिति की बैठक रविवार को चुनाव कार्यालय बसंत टाकीज पर हुई, जिसमें चुनाव की तैयारी पर चर्चा की गई। मुख्य अतिथि देवेंद्र सिंह ने कहा कि कार्यकर्ता अभी से कमर कस लें। शहर विधानसभा क्षेत्र के संयोजक अनिल सक्सेना, सह संयोजक डॉ. केएम अरोड़ा, शीतल गुलाटी, डॉ. विमल भारद्वाज, राजीव गुप्ता, सभासद कुक्की, मीडिया प्रभारी रामकृष्णशुक्ल, योगेंद्र कुमार, पूनम गौतम आदि मौजूद रहे।

## महिला मंच की जिलाध्यक्ष बनीं ममता

**बरेली, अमृत विचार :** लखनऊ में अपना दल (कमेरावादी) की मासिक बैठक प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सीएल पटेल की अध्यक्षता में हुई। राष्ट्रीय अध्यक्ष कृष्णा पटेल ने बरेली की ममता राजपूत व अन्य को पार्टी की सदस्यता ग्रहण कराई। जिलाध्यक्ष सुभाष पटेल के अनुमोदन पर ममता राजपूत को जिलाध्यक्ष (महिला मंच) की जिम्मेदारी दी।



## संचारी रोग नियंत्रण अभियान शुरू पर शहर में टीमों का पता नहीं

- **सिर्फ देहात क्षेत्र में ही टीमें कर रही हैं सर्वे**
- **डेंगू-मलेरिया के मामलों में जिला प्रदेश में रह चुका है टॉप पर**

**बरेली, अमृत विचार :** डेंगू-मलेरिया के मामलों में जिला प्रदेश में टॉप पर रहा है। इसके बाद भी विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान को गंभीरता से नहीं लिया जा रहा है। शहरी क्षेत्र में टीमें अभी तक सक्रिय नहीं हो पाई हैं। मलेरिया विभाग को यह पता नहीं है कि कितनी टीमों ने अब तक घरों का सर्वे किया है।

एक अप्रैल से जिले में विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान शुरू हो चुका है, लेकिन शहर में टीमों की गतिविधि कहीं नजर नहीं आ रही है। अभी तक टीमों ने शहरी क्षेत्र के कितनों घरों में सर्वे किया है, इसकी रिपोर्ट भी विभाग के पास नहीं है। हालांकि विभाग का तर्क है कि 10 अप्रैल से शुरू होने वाले दस्तक अभियान में टीमों का सर्वे आरंभ होगा। वहीं, देहात क्षेत्र में टीमों ने सर्वे शुरू कर दिया है।

> शहरी क्षेत्र में टीमें 10 अप्रैल से शुरू होने वाले दस्तक अभियान के दौरान सर्वे करेंगी। शहरी क्षेत्र में मलेरिया का केस सामने आने पर निरोधात्मक कार्रवाई की जिम्मेदारी नगर निगम की होती है। **सत्येंद्र सिंह**, जिला मलेरिया अधिकारी

**नगर निगम भी शांत :** देहात क्षेत्र के जिस भी इलाके में मलेरिया का मरीज सामने आता है, वहां निरोधात्मक कार्रवाई करने की जिम्मेदारी स्वास्थ्य विभाग की होती है, जबकि शहर में नगर निगम की होती है, लेकिन निगम की कार्ययोजना अभी तक कागजों से बाहर नहीं आई है।

## सोशल मीडिया से चांद की शरई शहादत नहीं मानी जाएगी

**बरेली, अमृत विचार :** ईद का चांद नजर आते ही रमजान का महीना समाप्त हो जाएगा। काजी ए हिन्दुस्तान की ओर से 9 अप्रैल का चांद देखने का एलान किया गया है, अगर मंगलवार को चांद नजर आ गया तो 10 अप्रैल को ईद का त्योहार मनाया जाएगा। अगर कहीं से चांद देखने की शहादत नहीं मिलती है तो 11 अप्रैल को ईद मनाई जाएगी।

काजी ए हिंदुस्तान मुफ्ती असजद रजा कादरी की सरपरस्ती में मुफ्ती नाजिम अली, मुफ्ती अब्दुर्रहीम नश्तर फारूकी, मुफ्ती अफजाल, कारी काजिम रजा आदि की निगरानी में चांद देखने के लिए टीम गठित की गई है। जमात रजा- ए- मुस्तफा के राष्ट्रीय महासचिव फरमान हसन खान ने कहा कि सुन्नी रूयते हिलाल की तरफ से दरगाह पर चांद दिखने की व्यवस्था की गई है। अगर कहीं भी चांद नजर आता है तो उलमा और लोगों से अपील है कि वे जमात रजा मुस्तफा के हेड ऑफिस से संपर्क करें, ताकि समय से ईद के चांद का एलान किया जा सके। सोशल मीडिया से चांद की शरई शहादत नहीं मानी जाएगी।


कुतुबखाना बाजार में ईद के लिए खरीदारी करते लोग। ● अमृत विचार

**बाकरगंज ईदगाह में 10:30 बजे होगी नमाज**

ईद की नमाज को लेकर ईदगाह और मस्जिदों में तैयारी पूर कर ली गई है। ईद की नमाज अदा करने के लिए मस्जिदों में समय तय कर दिया गया है। बरेली जंक्शन की नूरी मस्जिद में सुबह 6:15 बजे, खन्नू मोहल्ला की मस्जिद अबू बकर में 7 बजे, कैंट की हाथीखाने की मस्जिद में 7:30 बजे, पुराना शहर की मस्जिद ताड़ वाली में 7:30 बजे, मलूकपुर लाल मस्जिद में 7 :45 बजे, कोतवाली की मोती मस्जिद, विहारकलां की ईदगाह, बमनपुरी मस्जिद इब्राहिम, जखीरा की सय्यदानाबी मस्जिद, खलील स्कूल की मस्जिद, अजहरी मस्जिद, आवास विकास कॉलोनी की मस्जिद में 8 बजे और बाकरगंज ईदगाह में 10:30 बजे नमाज होगी।

# पीएचडी प्रवेश परीक्षा में 35 फीसदी अभ्यर्थी रहे अनुपस्थित, नकल करने की कोशिश

## रुहेलखंड विश्वविद्यालय परिसर समेत सात केंद्रों पर हुई परीक्षा, छात्र नेता पर की गई सख्ती

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** रुहेलखंड विश्वविद्यालय की पीएचडी प्रवेश परीक्षा रविवार को सात केंद्रों पर हुई। परीक्षा में 65 प्रतिशत छात्र उपस्थित और 35 प्रतिशत अनुपस्थित रहे। विश्वविद्यालय परिसर में मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग में बने केंद्र में एक छात्र नेता ने बोलचाल और ताकाझांकी कर नकल की कोशिश की तो चीफ प्रॉक्टर प्रो. एके सिंह, सुरक्षा प्रभारी सुधांशु आदि ने सख्ती की और न मानने पर पुलिस बुलाने की चेतावनी दी। इसके बाद छात्रनेता शांत हुआ। परीक्षा के बाद कुछ अभ्यर्थियों ने प्रश्नपत्र आसान तो कुछ ने कठिन बताया।

शोध निदेशक प्रो. सुधीर कुमार ने बताया कि परीक्षा के लिए 2215 अभ्यर्थी पंजीकृत थे, जिनमें 1587 उपस्थित और 628 अनुपस्थित रहे। विश्वविद्यालय परिसर में इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग में 446 अभ्यर्थियों में से 335 उपस्थित और 111 अनुपस्थित, मेकेनिकल इंजीनियरिंग में 440 में 347 उपस्थित और 93 अनुपस्थित, इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग में 437 में 321 उपस्थित और 116 अनुपस्थित रहे। इसके अलावा गाजियाबाद में 97 में से 48 उपस्थित और 49 अनुपस्थित, मेरठ में 104 में से 71 उपस्थित और 33 अनुपस्थित, मुरादाबाद में 539 में से 370 उपस्थिति और 169 अनुपस्थित और लखनऊ में 152 में से 95 उपस्थित और 57 अनुपस्थित रहे। परीक्षा में कोई दिक्कत नहीं हुई।



रुहेलखंड विश्वविद्यालय में पीएचडी प्रवेश परीक्षा देकर बाहर आते अभ्यर्थी। ● अमृत विचार



योग विषय के सवाल तो ठीक थे, इसलिए दिक्कत नहीं हुई। दूसरे प्रश्नपत्र को हल करने में दिक्कत हुई। -विभु



रसायन विज्ञान का प्रश्नपत्र काफी टफ आया था। इसलिए कुछ दिक्कत हुई। तैयारी के हिसाब से हल किया है। -अंकुश तिवारी



सैन्य अध्ययन का प्रश्नपत्र काफी आसान रहा। उम्मीद है कि चयन हो जाएगा। -अमरीष यादव



विधि का प्रश्न काफी टफ थे। हल करने में कुछ परेशानी हुई, फिर भी अच्छा रहा। -नीता सिंह



चित्रकला का प्रश्नपत्र सही रहा। तैयारी पहले से थी, इसलिए हल करने में कोई खास दिक्कत नहीं हुई। -अंशिका

# उद्ग्राह में पूर्व और पश्चिम के संगीत की दिखी जुगलबंदी



रिद्धिमा में संगीत प्रस्तुत करते कलाकार। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** हजियापुर स्थित एसआरएमएस रिद्धिमा में रविवार को वाद्ययंत्रों के गुरुओं और विद्यार्थियों ने उद्ग्राह कार्यक्रम में पूर्व और पश्चिम के संगीत का मेल कराया, इसकी जुगलबंदी से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।

कार्यक्रम की शुरुआत बंगाल और राजस्थानी सुगम संगीत से हुआ। इसे विद्यार्थियों ने गुरुओं के साथ प्रस्तुत किया। इसमें गायन गुर स्नेह आशीष दुबे ने अलाप के जरिये अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। वाद्य यंत्रों के गुरुओं ने शिष्यों के साथ वायलिन, कीबोर्ड, पियानो, बांसुरी और ड्रम का प्रयोग कर पाश्चात्य संगीत की धुनों को प्रस्तुत किया। इसमें गायन गुरु प्रियंका ग्वाल ने अलाप के जरिये सहयोग किया। तीसरी प्रस्तुति में वादन गुरुओं ने पश्चिमी स्टाइल में भारतीय वाद्य यंत्रों से राग वसंती पर जुगलबंदी प्रस्तुत की। अंतिम प्रस्तुति भारतीय और पाश्चात्य वाद्ययंत्रों की जुगलबंदी के नाम रही। इसमें सितार और बांसुरी, हारमोनियम और गिटार, सारंगी और वायलिन की जुगलबंदी पर श्रोता मंत्रमुग्ध हो गए। उमेश मिश्रा ने (सारंगी), कुंवर पाल ने (सितार व इकतारा), सूर्यकांत चौधरी ने (वायलिन), रोनी फिलिप्स ने (सेक्सोफोन), सूरज पांडेय ने (बांसुरी), हिमांश चंद्र ने (गिटार), आशीष सिंह ने (पियानो), टुकु मनी सेन ने (हारमोनियम), अमर नाथ ने (तबला), सुमन विश्वास ने (घटम एवं खंजीरा), प्रियांशु मैसी ने (ड्रम) और सुरेंद्र ने (कांगो) से विद्यार्थियों का संगत में साथ देकर प्रोत्साहित किया। एसआरएमएस ट्रस्ट के चेयरमैन देव मूर्ति, आशा मूर्ति, आदित्य मूर्ति, सुभाष मेहरा, डा. एमएस बुटोला, डा. प्रभाकर गुप्ता, डा. अनुज कुमार, डा. रीता शर्मा मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### मैथिल ब्राह्मण सभा ने होली मिलन समारोह किया



**बरेली, अमृत विचार :** मैथिल ब्राह्मण सभा ने रविवार को संजय नगर स्थित एक बरातघर में होली मिलन समारोह आयोजित किया। इस मौके पर मुख्य अतिथि डॉ. उमेश गौतम ने मैथिल ब्राह्मण समाज को सहयोग का आश्वासन दिया। प्रांतीय महासचिव ओपी शर्मा ने स्वजातियों को संगठित करने पर जोर दिया। ज्ञानेंद्र शर्मा, केसी शर्मा, महेश चंद्र शर्मा, जौहरी लाल शर्मा, महेश योगी, राम आसरे शर्मा, रामा शंकर शर्मा, मुनेश कुमार शर्मा, राजेश शर्मा, डॉ. बनवारी लाल शर्मा, गिरीश शर्मा एडवोकेट, मेवाराम शर्मा, मास्टर लक्ष्मी नारायण, भगवत शरण आदि मौजूद रहे।

### प्रियंका बनीं शिक्षक संघ की जिला संगठन मंत्री



**बरेली, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ की रविवार को जिलाध्यक्ष नरेश गंगवार की अध्यक्षता में कैंप कार्यालय में बैठक हुई। जिलाध्यक्ष ने सर्वसम्मति से फरीदपुर के सितारगंज स्थित प्राथमिक स्कूल की सहायक अध्यापक प्रियंका भास्कर को जिला संगठन मंत्री पद पर मनोनीत किया। जिला मंत्री बलबीर सिंह ने उन्हें मनोनयन पत्र सौंपा। जिला उपाध्यक्ष मनोज गंगवार, ललित गंगवार, शोभित गंगवार, गीता, पुष्पलता, रवि कुमार, प्रगति भास्कर आदि लोग उपस्थित रहे।

### रक्तदान शिविर में 50 से अधिक लोगों ने किया रक्तदान



**बरेली, अमृत विचार :** मानव सेवा क्लब ने रविवार को प्रेमनगर धर्मकांटा स्थित अजय प्रतिमा हॉस्पिटल में रक्तदान और चिकित्सा शिविर आयोजित किया। चिकित्सकों ने मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। इस दौरान निशुल्क जांच करने के साथ दवा भी बांटी गई। वहीं शिविर में 50 से अधिक लोगों ने रक्तदान किया। इससे पहले शिविर का उद्घाटन आईएमए के अध्यक्ष डॉ. राजीव गोयल ने किया। डॉ. अजय गुप्ता, डा. अतुल वर्मा, डॉ. एमएम .अग्रवाल, डॉ. वीपी भारद्वाज, डा. प्रतिमा गुप्ता, डा. रश्मि शर्मा, डा .शिप्रा आदि का सहयोग रहा। सीएस अंकित अग्रवाल, डा . प्रणव गौतम, पूर्वी सिन्हा, संकल्प सिन्हा, मोहित मेहरोत्रा, मुकेश सक्सेना, सुनील शर्मा, दीप्ति शर्मा, वीरेंद्र कुमार, सचिन सक्सेना, शैलेन्द्र सिंह, मानिक गुप्ता, सागर श्रीवास्तव, अखिल शर्मा, अंकुर सक्सेना, मनुज गुप्ता, अंजलि गंगवार, सोनी, जितेंद्र श्रीवास्तव, अमरपाल सिंह, अतुल अग्रवाल, जतिन सक्सेना ने रक्तदान किया। अध्यक्ष सुरेंद्र बीनू सिन्हा, महासचिव सत्येन्द्र कुमार सक्सेना, महेश मेहरोत्रा, राहुल शर्मा, मुकेश कुमार सक्सेना, आरके सक्सेना, राजेश जिंदल, निर्भय सक्सेना, डा . प्रणव गौतम, डा . पारुल प्रिया, साधना अग्रवाल मौजूद रहीं।

### मतदान के प्रति जागरूक करने की दी जिम्मेदारी



**बरेली, अमृत विचार :** नागरिक सुरक्षा की चौपुला पोस्ट की बैठक में रविवार को मतदाता जागरूकता, हाउस होल्ड रजिस्टर की समीक्षा आदि कई बिंदुओं पर समीक्षा की गई। पदाधिकारियों को 18 साल से अधिक आयु के लोगों को मतदान के लिए प्रेरित करने की जिम्मेदारी दी गई। पोस्ट वार्डन अर्चना राजपूत, राजेश पटेल, दिग्विजय प्रताप सिंह, यशवंत सिंह, अंकित चंद्रा, सोनाली वर्मा आदि लोग उपस्थित रहे।

### कन्या भूड़ महाविद्यालय में पुरातन छात्राओं ने साझा कीं यादें



**बरेली, अमृत विचार :** आर्य समाज भूड़ कन्या महाविद्यालय में रविवार को समागम में पुरातन छात्राओं ने अपनी स्मृतियां साझा कीं। कार्यक्रम की शुरुआत डॉ. सुनीता जोशी, डॉ. सविता उपाध्याय और डॉ. चंद्रा मिश्रा ने दीप प्रज्ज्वलित कर की। डॉ. श्यामली सोना, डॉ. पूजा सक्सेना, डॉ. मीरू दुसेजा और डॉ. मीना सक्सेना ने सरस्वती वंदना की प्रस्तुति दी। दीप्ति खुराना ने कविता प्रस्तुत की और साहू गोपीनाथ की प्रधानाचार्य डॉ. गुड्डी पाल ने अपनी स्मृतियों को साझा किया। राजेंद्र प्रसाद डिग्री कॉलेज की शिक्षिका डॉ. दीप्ति मिश्रा ने गीत प्रस्तुत किया। महावीर प्रसाद सक्सेना कन्या इंटर कॉलेज की भूतपूर्व प्रधानाचार्या ने नृत्य, डॉ. मीरू दुसेजा ने कविता पाठ, डॉ. रुपाली सोना, डॉ. रीना टंडन, अंजलि शर्मा, चंद्रप्रभा, अंजुला, अनुराधा ने युगल नृत्य प्रस्तुत किया। इसके अलावा दीपिका सूद ने स्मृतियां साझा कीं। भूतपूर्व छात्र समागम समिति की संयोजक डॉ. सविता उपाध्याय, संरक्षिका डॉ. सुनीता जोशी, डॉ. मुक्ता मणि मिश्रा आदि मौजूद रहे।

### दो महीने बाद भी यूडायस का डाटा नहीं किया अपडेट

**बरेली, अमृत विचार :** दो महीने बाद भी 20 माध्यमिक स्कूलों ने यूडायस प्लस का डाटा पोर्टल पर अपडेट नहीं किया है। डीआईओएस ने डाटा अपडेट न करने वाले स्कूलों के प्रबंधक और प्रधानाचार्यों को नोटिस जारी कर चेतावनी दी है। डीआईओएस देवकी सिंह ने 31 जनवरी तक जिले के सभी स्कूलों को यूडायस प्लस के तहत छात्रों का डाटा पोर्टल पर अपलोड करने के निर्देश दिए थे। डीआईओएस ने बताया कि कई स्कूलों ने डाटा पोर्टल पर अपडेट नहीं किया है तो कई के डाटा में गलतियां हैं। स्कूलों को दो दिन में सही डाटा अपडेट करने के निर्देश दिए हैं।

# रेफरल वेटेनरी पॉली क्लिनिक में पहुंच रहे किलनी से ग्रसित पशु

**बरेली, अमृत विचार :** अधिकतम तापमान में बढ़ोतरी के साथ पशुओं में किलनी की समस्या बढ़ गई है। आईवीआरआई के रेफरल वेटेनरी पॉलीक्लिनिक में पशु पालक किलनी से परेशान कुत्तों को लेकर पहुंच रहे हैं। हफ्ते में ऐसे 6 से 8 पशु आ रहे हैं। आरवीसी के प्रभारी डा अमरपाल ने बताया कि पशुओं में किलनी होने से अन्य पशुओं में भी बीमारियों का संक्रमण बढ़ने का खतरा रहता है। किलनी अधिकांश बीमारियों में वायरस व बैक्टीरिया के फैलाने का काम करती है। इसलिए किलनी से बचाव करना पशुपालकों की प्राथमिकता होनी चाहिए। किलनी के काटने के एक सप्ताह में पशु में बीमारी के लक्षणों में तेज बुखार, आंखों में आंसू और पुतली में सूजन आना, नाक से स्राव आदि शामिल हैं। इलाज के अभाव में दो से तीन सप्ताह में 70 प्रतिशत पशुओं की मृत्यु हो जाती है। इस रोग के उपचार के लिए आईवीआरआई रोग शोध निदान केंद्र में पशुपालकों को पशुशाला में साफ-सफाई, किलनीनाशक दवाओं और टीकाकरण करने की सलाह देते हैं। पशुओं को दवा के रूप में बूपारवाक्वोन (ब्यूटालैक्स) देते हैं।

### लू से बचाव के लिए पशुओं का रखें ध्यान

**बरेली, अमृत विचार :** गर्मी में लू लगने से दुधारू पशुओं के बीमार होने की आशंका बढ़ जाती है। मौसम विभाग ने 15 अप्रैल से लू की संभावना जताई है। ऐसे में पशुओं की विशेष देखभाल के लिए पशुपालन विभाग ने एडवाइजरी जारी की है। सीवीओ डॉ. मेघश्याम ने पशुपालकों को सलाह दी है कि अधिक ठंड और गर्मी दोनों ही पशुओं के लिए हानिकारक हैं। गर्मियों में पशुओं के रोग प्रतिरोधी क्षमता और दुग्ध उत्पादन पर असर पड़ता है। पशु के सूखा चारा खाने की मात्रा और दुग्ध उत्पादन क्षमता में 30 प्रतिशत तक की कमी आ सकती है। इसलिए दुधारू पशुओं व बछड़े या बछियों को लू से बचाने के लिए धूप में न जाने दें, बार-बार पानी पिलाएं। ज्वार, मूंग, मक्का आदि को हरे चारे के रूप में दे सकते हैं। इससे दूध उत्पादन में कमी नहीं आ सकती है।

# पंचम इंटर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट आज से

**बरेली, अमृत विचार :** एसआरएमएस ट्रस्ट की ओर से पंचम श्रीराम मूर्ति मेमोरियल इंटर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट सोमवार से शुरू होगा। श्रीराम मूर्ति स्मारक क्रिकेट स्टेडियम में 18 अप्रैल तक होने वाले टूर्नामेंट में 16 स्कूलों की टीमें शामिल होंगी। पहला मैच मिशन एकेडमी बहेड़ी और बासुबरल सरस्वती स्कूल की टीमों के बीच खेला जाएगा। प्रेस कॉन्फ्रेंस में आयोजन समिति के सचिव डॉ. सोवन मोहंती ने बताया कि टूर्नामेंट में 20-20 ओवर में 16 टीमों के बीच नॉक आउट आधार पर फाइनल समेत 15 मैच खेले जाएंगे। रोज दो मैच खेले जाएंगे। ईद की वजह से 11 या 12 अप्रैल को मैच नहीं होने के साथ ही 14, 17 अप्रैल का दिन रिजर्व रखा गया है। कॉन्फ्रेंस के दौरान जितेंद्र सिंह यादव, अरविंद मिश्रा, अश्वनी कुमार, दीपाली अग्रवाल, रिजवाना बी, शंकर पाल गंगवार, युसुफ अंसारी आदि मौजूद रहे।

# व्यापारियों का सुरक्षा कवच है व्यापार मंडल



स्टेशन रोड स्थित होटल में इलेक्ट्रिकल कॉन्टैक्टर मर्चेंट वेलफेयर एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने ली शपथ। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- लखनऊ के अजय सक्सेना को प्रांतीय अध्यक्ष और बरेली के संजीव चांदना को महामंत्री की मिली जिम्मेदारी

**अमृत विचार :** इलेक्ट्रिकल कॉन्टैक्टर मर्चेंट वेलफेयर एसोसिएशन का शपथ ग्रहण समारोह सोमवार को स्टेशन रोड के एक होटल में हुआ।

मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष मुकुंद मिश्रा ने इलेक्ट्रिकल संगठन में लखनऊ के अजय सक्सेना को प्रांतीय अध्यक्ष, बरेली के संजीव चांदना को महामंत्री और मुरादाबाद के संजीव बंसल को कोषाध्यक्ष और प्रांतीय महामंत्री राजेंद्र गुप्ता ने प्रवीण यादव और प्रदीप गुप्ता को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, सात उपाध्यक्ष, तीन संगठन मंत्री और दस कार्यकारिणी सदस्यों को संगठन के प्रति हमेशा निष्ठावान और क्रियाशील रहने की शपथ दिलाई।

मुकुंद मिश्रा ने कहा कि व्यापार मंडल व्यापारियों का सुरक्षा कवच बनकर काम कर रहा है। इस दौरान उन्होंने तमाम जिलों से आए इलेक्ट्रिकल संगठन के पदाधिकारियों से दुकान पर आने वाले ग्राहकों को मतदान के प्रति जागरूक करने का आह्वान किया। नव निर्वाचित प्रांतीय अध्यक्ष अजय कुमार सक्सेना ने तीन साल की विस्तृत योजना रखी। संजीव चांदना ने सभी प्रतिनिधियों को चुनाव में अधिक से अधिक मतदान करने और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करने की शपथ दिलाई। राजन गुप्ता, विजय अग्रवाल, आदर्श जायसवाल, कुलभूषण बग्गा, अरुण भसीन, राजीव, वीरेश यादव आदि का सहयोग रहा।

# परिषदीय स्कूलों का समय परिवर्तित करने की उठने लगी मांग

**बरेली, अमृत विचार :** मौसम में तपिश बढ़ने के साथ शिक्षक संगठन परिषदीय स्कूलों के समय में परिवर्तन करने की मांग करने लगे हैं। प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष नरेश गंगवार ने बीएसए से स्कूलों का समय सुबह 8 से 12:30 बजे तक करने की मांग की है। यूनाइटेड टीचर्स एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष भानू प्रताप सिंह ने बताया इस संबंध में जल्द एडी बेसिक और महानिदेशक को पत्र सौंपा जाएगा। ज्यादातर परिषदीय स्कूलों में पर्याप्त संख्या में पंखे भी नहीं है। शिक्षक नेताओं का कहना है तापमान में बढ़ोतरी होने पर बच्चों में डायरिया आदि का खतरा बढ़ सकता है।

# बच्चों को हिंसा से दूर रख दें सुगम वातावरण

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- इंस्टीट्यूट ऑफ डेंटल साइंसेस की ओर से किया गया जागरूक

**अमृत विचार :** बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के इंस्टीट्यूट ऑफ डेंटल साइंसेस की ओर से ओरल हेल्थ माह के तहत बच्चों के मुख स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया जा रहा है। इस संबंध में कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ. सत्यजीत ने बताया कि बच्चों को सुरक्षित वातावरण में विकसित होने का अधिकार है। बच्चों के खिलाफ हिंसा न केवल उनके जीवन बल्कि स्वास्थ्य को भी खतरे में डालती है। रैगिंग, जो कि स्कूल-कॉलेजों में बहुत आम हो चुकी है, जिसके कारण उन्हें बहुत सी दिक्कतें होती हैं। बच्चों के खिलाफ हिंसा रोकने के लिए सरकार ने कई योजनाएं और हेल्पलाइन नंबर जारी किए हैं। वहीं, तमाम समाजसेवी संस्थाएं भी हिंसा की रोकथाम के लिए प्रयासरत हैं।

बच्चों से अपशब्द न कहें, उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करें, उनकी बातों को सुने और उचित देखभाल करें।

# बरेली कॉलेज में कल्चरल क्लब का गठन होगा

**बरेली, अमृत विचार :** कला और संस्कृति की जागरूकता के लिए बरेली कॉलेज में कल्चरल क्लब का गठन होगा। इस संबंध में क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी लखनऊ की ओर से कॉलेज को पत्र भेजा गया है। चीफ प्रॉक्टर प्रो. आलोक खरे ने बताया कि पत्र के अनुसार इस क्लब में न्यूनतम 20 और अधिकतम 35 विद्यार्थी शामिल होंगे। इसको लेकर विद्यार्थियों की जानकारी 10 अप्रैल तक भेजी जाएगी। इसमें क्लब बनने की स्वीकृति मिलने के बाद संस्कृति मंत्रालय से अनुदान भी मिलेगा।

### माध्यमिक स्कूलों में भी चलेगा स्कूल चलो अभियान

**बरेली, अमृत विचार :** परिषदीय स्कूलों की तर्ज पर माध्यमिक विद्यालयों में भी स्कूल चलो अभियान चलाया जाएगा। डीआईओएस ने इस संबंध में प्रधानाचार्यों को निर्देश दिए हैं। अभियान के तहत स्कूल के शिक्षक आसपास के क्षेत्रों में रैली निकालकर अभिभावकों को बच्चों का दाखिला स्कूल में कराने के लिए प्रेरित करेंगे। डीआईओएस देवकी सिंह ने बताया कि कक्षा 9 और 11 वीं छात्रों के पंजीकरण के लिए कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। कुछ दिन बाद शासन की ओर से हाईस्कूल और इंटर परीक्षा के फार्म भरने के लिए भी रूपरेखा जारी हो जाएगी।

# रन फार अंबेडकर में भाग लेकर स्वस्थ रहने का लिया संकल्प

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- गौतम बुद्ध पार्क से हुई कार्यक्रम की शुरुआत
- लोगों के हाथों में थे डॉ. अंबेडकर के चित्र और झंडे

**अमृत विचार :** डॉ. अंबेडकर जयंती के उपलक्ष्य में कार्यक्रम किए जा रहे हैं। इस क्रम में अंबेडकर जन्मोत्सव समिति और सम्यक दृष्टि समिति के पदाधिकारियों ने रविवार को रन फार अंबेडकर का आयोजन किया, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लेकर स्वस्थ रहने का संकल्प लिया।

गौतम बुद्ध पार्क से रन फार अंबेडकर की शुरुआत की गई। इस दौरान लोगों के हाथों में डॉ अंबेडकर के चित्र और जय भीम के नारे लिखे झंडे थे। लोग यहां से रैली के रूप में कोतवाली स्थित अंबेडकर पार्क पहुंचे। यहां डॉ. अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इसके बाद आईएमए हाल में रक्तदान शिविर आयोजित किया गया, जिसमें 36 लोगों ने रक्तदान किया। रक्तदाताओं में पुष्पा सिंह, विमला देवी, डॉ. अरुण सिंह पेरियार, नरेंद्र सोनकर, जितेंद्र मुंडे , एकलव्य सिंह, संजय वर्मा, भावना सिंह, सूर्यप्रताप बौद्ध, रनवीर सिंह, डॉ. एमपी सिंह, इरम नासिर, हरीश वाल्मीकि, सुनील सागर आदि रहे। ब्रह्मस्वरूप सागर, सुरेंद्र सोनकर, वेदप्रकाश वाल्मीकि, राजेश सागर, राजेंद्र पाल, रमेश चन्द्रा, अजय सागर, राजेश सागर, पप्पू राणा, अशोक चौधरी, ताराचंद चौधरी आदि मौजूद रहे।



बाबा साहब अंबेडकर जयंती के पखवाड़े उपलक्ष्य में गौतम बुद्ध पार्क से रन फॉर अंबेडकर में शामिल लोग। ● अमृत विचार












# सैक्स रोगी मिलें

सैक्स रोगों का एकमात्र स्थायी समाधान



## डॉ. रफीक

समय-रोजाना प्रातः 9 बजे से सायं 5 बजे तक (रविवार अवकाश)
बड़ी बिहार, निकट डेलापीर मण्डी, बरेली। मो. 9319929913

नामर्दी Impotance, नसों की कमजोरी, संभोग से घबराहट, उत्तेजना की कमी, स्त्रियों में सैक्स की इच्छा न होना, मानसिक तनाव आदि के लिए निःसंकोच मिलें।

**ताकत, जोश, रुकावट और वैवाहिक जीवन का आनन्द उठाएं।**

- शीघ्र पतन (Premature Ejaculation)
- धात रोग (Spermatorrhoea)
- स्वप्न दोष (Night Fall)
- वीर्य का पतलापन बगैरा का इलाज विशेष प्रकार की भस्मों, माजून, तिलों द्वारा किया जाता है।
- निल शुक्राणु (Azoospermia)
- शुक्राणुओं की कमी (Oligospermia)
- बांझपन (Sterility)
- सफेद पानी (Leucorrhoea)
- पेट में दर्द (Pelvic Pain)
- बार-बार गर्भपात होना

35 वर्षों का अनुभवी आयुर्वेदिका, यूनानी इलाज कराएं, जीवन में खुशियां लाएं।

ALA Herbal

ताकत, जोश, रुकावट का स्थायी समाधान
**कैप्सूल मैनसूल (काम्बो पैक)**



**धात, शीघ्रपतन, नपुंसकता** के सम्पूर्ण समाधान के लिए इस पैक में तीन प्रकार के कैप्सूल है। तीनों तरह के एक-एक कैप्सूल दूध के साथ खाने से हर प्रकार की कमजोरी ठीक हो जाती है। यह शुक्राणुओं की कमी को दूर करता है। इम्युनिटी पावर को बढ़ाता है। Stress, Depression में लाभ करता है।

**यह पूर्णतयः हर्बल है, इसका कोई साइड इफैक्ट नहीं है**

Flipkart, Amazon पर उपलब्ध है।

Helpline No. 8439818102 7451039913

स्टॉकिस्ट
**आरोग्य सदन बरेली**
9837007202



# बवासीर भगन्दर

ऑपरेशन से बचें दर्द रहित उपचार

# सैक्स

रोगियों का यूनानी आयुर्वेदिक इलाज



## डॉ. एस.के. गुप्ता

(गुप्त रोग चिकित्सक)
बवासीर भगन्दर रोग विशेषज्ञ
ऑपरेशन से बचें # दर्द रहित उपचार

धात, स्वप्नदोष, सुस्ती, कमजोरी, शीघ्र पतन होना, जोश में कमी, रूकावट, बवासीर, भगन्दर, ल्यूकोरिया, महावारी का न होना, शुक्राणुओं की कमी, निःसन्तान रोगी (नशा छुड़वायें), सोराइसिस, नलों का बंद होना, कैंसर, शुगर, इन्द्री का लंबापन, मोटापन, 50 साल से ऊपर वाले मर्दो का सैक्स पावर खत्म होना, गुर्दे का क्रीटनीन, प्रोस्टेट, अल्सर, योनि का ढीलापन, पेशाब बार-बार आना, पेशाब में खून आना।

## डॉ. सी.पी. गुप्ता क्लीनिक

स्थापित 1960
माध्यमिक शिक्षा परिषद बोर्ड आफिस के सामने, चौपुला से कुतुबखाना रोड, बरेली।
मो. 9259082174


## पांच लाख और कार न देने पर शादी से किया इन्कार

**बरेली, अमृत विचार :** किला थाना क्षेत्र की युवती की सगाई हरिद्वार निवासी एक युवक से हुई थी। सगाई के बाद वर पक्ष दहेज में पांच लाख और कार की मांग करने लगा और मांग पूरी न होने पर शादी से मना कर दिया। युवती ने एसएसपी घुले सुशील चंद्रभान से शिकायत की। एसएसपी के आदेश पर किला पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। बाकरगंज निवासी युवती ने बताया कि उनका रिश्ता 23 अप्रैल 2023 को झबरेड़ा रोड गुरुकुल नारसन हरिद्वार निवासी सुनित सौरायन से तय था। सगाई और तिलक भी हो चुका था। आरोप है कि सुनित सौरायन, उसका भाई संदीप उर्फ गुड्डू और उनके पिता डॉ. नरेन्द्र पाल सौरायन दहेज में कार और पांच लाख रुपये की मांग करने लगे। इसके अलावा सामान सहित 25 लाख रुपये शादी में खर्च करने का दबाव बनाने लगे।

# ऑनलाइन काम का झांसा देकर युवक से 94 हजार ठगे

### पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ दर्ज की रिपोर्ट

**शीशगढ़, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के एक युवक को ऑनलाइन काम का झांसा देकर ठग ने दो बार में 94,500 रुपये ठग लिए। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

गांव कुतकपुर निवासी देवपाल सिंह ने अपनी तहरीर में बताया कि 18 जून 2023 को एक अंजान नंबर से उनके मोबाइल पर ऑनलाइन काम करने के लिए फोन आया। फोन आने के कुछ समय बाद टेलीग्राम पर मेसेज भेजा। उस आईडी पर 23500 रुपये डालने को कहा तो उन्होंने भेज दिए। उसके बाद ठग ने खाते में 71 हजार रुपये यह कहकर डलवाए कि आपकी भेजी गई राशि 94500 रुपये हो जाएगी जिस पर आपको 25 हजार रुपये मुनाफे के मिलेंगे।

### लोन दिलाने के बहाने 70 हजार की ठगी

**बरेली, अमृत विचार :** बारादरी क्षेत्र के रबड़ी टोला निवासी अफजाल खान से लोन दिलाने के बहाने धनी फाइनेंस कम्पनी के लोगों ने 70 हजार रुपये ठग लिए। एसएसपी घुले सुशील चंद्रभान के आदेश पर साइबर थाना पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। अफजाल ने बताया कि वह जरी का काम करते हैं। जुलाई 2023 में उनके पास तीन अलग-अलग नंबरों से फोन आया। फोन करने वाले ने खुद को धनी फाइनेंस कम्पनी का कर्मचारी बताया। ठगों ने लोन दिलाने के बहाने अलग-अलग चार्ज के नाम पर 70 हजार रुपये ले लिए। इसके बाद भी 10 हजार रुपये की मांग की।

### क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ाने के बहाने 40 हजार ठगे

**बहेड़ी, अमृत विचार :** क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ाने के नाम पर एक महिला ने युवक से 40 हजार रुपये ठग लिए। पीड़ित ने पुलिस से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है। कस्बे के मोहल्ला शेखूपुर (मदार नगर) के रहने वाले मो. वसीम ने बताया शुक्रवार को एक महिला का उनके पास फोन आया। उसने बताया कि वह स्टेट बैंक आफ इंडिया से संबद्ध है। उनके क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ाने का आफर आया है। उन्हें भरोसा दिलाने को महिला ने संबंधित बैंक का परिचय पत्र भी भेजा जिसकी वजह से वह उसके झांसे में आ गए। इसके बाद वसीम ने महिला द्वारा भेजे लिंक पर क्रेडिट कार्ड की प्रविष्टियों को भर दिया, इसके तुरंत बाद उसके खाते से 40 हजार रुपये कट गए।

## वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक ने यात्री सुविधाओं को परखा



जंक्शन का निरीक्षण करते वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक आदित्य गुप्ता।

**बरेली, अमृत विचार :** वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक आदित्य गुप्ता ने रविवार को बरेली जंक्शन का निरीक्षण कर यात्री सुविधाओं को परखा। उन्होंने कैटरिंग स्टॉल, रिफ्रेशमेंट रूम, बुकिंग कार्यालय, पार्सल कार्यालय, वेटिंग हाल, सर्कुलेटिंग एरिया, कार पार्किंग और डॉरमेट्री का निरीक्षण किया। जनता खाना की उपलब्धता का देखा और खानपान की वस्तुओं में साफ सफाई की निरंतरता बनाएं रखने के निर्देश दिया। पेयजल व्यवस्था को चाक चौबंद रखने को कहा। उन्होंने कर कोड से टिकट बनाने के संबंध में अफसरों को निर्देश दिए।


## डॉ. अमन रस्तोगी

BAMS, MD
Consultant Physician



- शुगर से पूर्णतः निजात एवं परहेज से निजात
- पाइल्स का सम्पूर्ण आयुर्वेद द्वारा उपलब्ध है।
- पथरी एवं हृदय रोग विशेषज्ञ
- घुटने एवं गठिया का पूर्ण उपचार।
- सफेद दाग का गारंटिड इलाज।
- पित्त की थैली एवं किडनी की पथरी का बिना आपरेशन द्वारा इलाज।

**लाईफ लाइन क्लीनिक**
कर्मचारी नगर, गांधीपुरम, भारत गैस गोदाम के सामने, बरेली
मो. 6398965384

# गुप्त रोगी मिलें

## डा. मौर्य

जोश मर्दाना, कमजोरी, ताकत, शुक्राणु की कमी, स्वप्नदोष, शीघ्रपतन
बरेली कृष्णा नगर मो. 7534002651

प्रवेश प्रारम्भ प्रवेश प्रारम्भ

## वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय

**वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग**
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त

**बी.एस.सी. नर्सिंग**
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ

**पोस्ट बेसिक नर्सिंग**
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)

**जी.एन.एम.**
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)

**ए.एन.एम.**
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)

प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992

पता
**वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल**
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर


## सार-संक्षेप

### किराएदार के दोस्तों ने मकान मालिक को पीटा

**बरेली, अमृत विचार :** बारादरी क्षेत्र में किराएदार के दोस्तों ने मकान मालिक की पिटाई कर दी और जातिसूचक टिप्पणी भी की। मकान मालिक की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। सनराइज कॉलोनी निवासी कमल सागर ने बताया कि उनका किराएदार अवधेश गंगवार अपने दोस्त की बाइक मांगकर लाया था। किराएदार के दो दोस्त आपस में हाथापाई करने लगे और एक दूसरे की गर्दन काटने की धमकी देने लगे। जब उन्होंने मना किया तो उनके साथ मारपीट की और जातिसूचक टिप्पणी भी की।

### जेठ ने महिला से दुष्कर्म की कोशिश की

**बरेली, अमृत विचार :** सुभाषनगर क्षेत्र में रहने वाली महिला ने जेठ पर शराब के नशे में दुष्कर्म करने की कोशिश का आरोप लगाया है। आईजी डॉ. राकेश सिंह के आदेश पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। युवती के मुताबिक उसके पति काम की वजह से अधिकतर बाहर रहते हैं। आरोप है कि एक अप्रैल को रात में शराब के नशे में जेठ उनके घर में घुस आया और दुष्कर्म की कोशिश की। शोर मचाने पर लोग आ गए तो मारपीट की, जिससे तीन लोग घायल हो गए।

### बहन के ससुराल पहुंचकर भाइयों ने की मारपीट

**फतेहगंज पश्चिमी, अमृत विचार :** घरेलू विवाद के बाद बहू ने मायके से भाईयों को बुला लिया, जिन्होंने उसकी ससुराल वालों से मारपीट की। नौगवां घाटमपुर निवासी दानवीर ने पुलिस को दी तहरीर में बताया उनकी बड़ी बहू किसी बात को अपनी सास को पीट रही थी, जानकारी होने पर परिवार वालों ने उसे बचाया। बीच बचाव में धक्का लगने से बहू जलते चूल्हे पर गिर गई, जिससे उसका हाथ जल गया। उसकी तहरीर पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए देवर संजू की शांति भंग में चालान किया था। रविवार को बहू ने अपने भाईयों और बहनोई को बुलाकर जमकर मारपीट की। लोगों के जुटने पर आरोपी भाग गए।

### तमंचे के साथ युवक गिरफ्तार, भेजा जेल

**सिरौली, अमृत विचार :** पुलिस ने तमंचा और दो कारतूस के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया। उसके खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर उसे कोर्ट में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया। पुलिस ने शिवपुरी मार्ग एक युवक को पकड़ा। उसके पास से एक 12 बोर का तमंचा और 2 कारतूस बरामद हुए हैं। आरोपी ने अपना नाम फिरोज सलमानी निवासी ग्राम शिवपुरी थाना सिरौली बताया है।

### एसडीएम का आदेश फिर भी निर्माण रोक रहे दबंग

**बिथरी चैनपुर, अमृत विचार :** दबंग किसान को उसकी जमीन पर घर का निर्माण नहीं करने दे रहे हैं। मामले में एसडीएम ने जांच कराकर निर्माण कार्य कराने के लिए निर्देश दिए हैं। बावजूद इसके निर्माण नहीं होने दे रहे है। किसान ने अब जिलाधिकारी से पूरे मामले की शिकायत की है। सैदुपुर कुर्मियान के ओमप्रकाश ने जिलाधिकारी से की शिकायत में बताया वह 40 साल पुरानी खपरैल को गिराकर नया निर्माण कार्य करा रहा है, जो कि पुरानी आबादी में दर्ज है। स्थलीय जांच के आधार पर एसडीएम सदर रत्निका श्रीवास्तव ने जगह चिन्हित करवाकर निर्माण कार्य करने के निर्देश दे जा चुकी हैं। इसके बाद भी गांव के ही कुछ दबंग लोग निर्माण कार्य मे बाधा डाल रहे हैं।

### हादसे में युवक की मौत के मामले में रिपोर्ट दर्ज

**कैंट, अमृत विचार :** ऑटों की टक्कर से युवक की मौत के मामले में मृतक के पिता ने शनिवार को अज्ञात ऑटो चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई। थाना सुभाषनगर क्षेत्र के पटेल विहार निवासी विजय गोस्वामी ने बताया की 17 मार्च को उनका पुत्र आकाश गोस्वामी और भतीजा रोहित गोस्वामी बाइक से लालफाटक की ओर जा रहे थे। बाइक बंद होने पर सड़क किनारे खड़ी करके दोनों उसका प्लग खोल रहे थे। इसी बीच लालफाटक की ओर से गलत दिशा में आते हुए एक ऑटो ने उन्हें टक्कर मार दी। हादसे में दोनों भाई गंभीर घायल हो गए। घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डॉक्टरों ने आकाश गोस्वामी को मृत घोषित कर दिया वही रोहित गोस्वामी की हालत चिंताजनक बताई जा रही है।

### परचित से मिलने गए युवक को भाइयों ने पीटा

**कैंट, अमृत विचार :** परचित के घर गए युवक को दो भाइयों ने मिलकर मारपीट की, पीड़ित ने थाने में तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कराई। थाना इज्जत नगर के रहपुरा चौधरी निवासी आमीन खान ने बताया कि कैंट के मोहनपुर मसीतगंज गौटिया में परचित के यहां उसका आना-जाना है, इससे वहां के रहने वाले दो लोग उससे रंजिश मानने लगे। 3 अप्रैल की रात वह वहां गया था। इसी दौरान शमशाद खान, नौशाद खान ने गाली देते हुए उससे मारपीट की, धमकी दी यहां दोबारा दिखे तो जान से मार देंगे, बाइक भी तोड़ दी। पीड़ित की तहरीर पर कैंट पुलिस ने दोनों आरोपित भाइयों के खिलाफ शनिवार रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### 27 को श्री चित्रगुप्त प्रकटोत्सव आयोजित होगा



**बरेली, अमृत विचार :** अखिल भारतीय कायस्थ महासभा जिला कमेटी की मासिक बैठक बदायूं रोड पर रविवार को अनुपम नगर स्थित मुख्य कार्यालय पर हुई। इसमें भगवान श्री चित्रगुप्त प्रकटोत्सव कार्यक्रम का प्रस्ताव रखा, जो कि सर्वसहमति से 27 अप्रैल को करने का निर्णय लिया गया। बैठक की अध्यक्षता कर रहे अध्यक्ष मुकेश सक्सेना ने संगठन द्वारा किए गए कार्यों का विवरण प्रस्तुत किया। सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष एवं जिला महासचिव आशीष जौहरी ने बताया कि श्री चित्रगुप्त प्रकटोत्सव भव्य रूप से मनाया जाएगा। जिसमें कई कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। मुख्य आकर्षण भजन संध्या कार्यक्रम रहेगा। पदाधिकारियों ने समाज के लोगों से लोकसभा चुनाव में मतदान अवश्य करने की अपील की। कोषाध्यक्ष श्यामदीप सक्सेना, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अविनाश सक्सेना, निर्भय सक्सेना, सुधीर मोहन, उपाध्यक्ष हिमांशु सक्सेना, विजय बब्बल, दीपक सहाय, महिला जिलाध्यक्ष मीरा मोहन, जिला युवा अध्यक्ष अमित आनंद, उपाध्यक्ष अमित सक्सेना, युवा कोषाध्यक्ष संजीव कुमार सक्सेना, महानगर अध्यक्ष अतुल सक्सेना, प्रेम कुमार सक्सेना, चंद्र प्रकाश सक्सेना, मनोहर लाल जौहरी, एके जौहरी, रजनी सक्सेना, शिवाजी सक्सेना, स्नेह राज सक्सेना आदि उपस्थित रहे।

आखिर कब तक शर्माते रहोगे



हर उम्र में जबरदस्त ताकत व रुकावट प्राप्त करें

शीघ्रपतन, शुक्राणुओं की कमी

बवासीर, शुगर व निःसंतान रोगी मिलें

मैं नीरज कुमार, आंवला निवासी हूं मैनें बचपन में अपने हाथों से अपना जीवन खराब कर लिया था काफी जगह ईलाज कराया परन्तु कोई फायदा नहीं हुआ फिर मेरे दोस्त ने डा. शेख के बारे में बताया वहां मैनें 40 दिन ईलाज कराया आज मैं पूरी तरह अपने वैवाहिक जीवन का आनंद उठा रहा हूं अगर आप भी नामर्दी, घात, स्वप्नदोष, शीघ्रपतन जैसी बिमारियों से परेशान हैं तो डाक्टर शेख से मिलकर बिमारियों से छुटकारा पायें।

मैं अकील खान, शाहजहांपुर निवासी हूं मुझे शीघ्रपतन की बिमारी थी। काफी नीम हकीमों से ईलाज कराया परन्तु कोई फायदा नहीं हुआ मैं इस बिमारी के कारण अपनी घरवाली से भी आंख नहीं मिला पाता था। क्योंकि सेक्स के समय मेरा वीर्य एक या दो मिनट में ही निकल जाता था जिस कारण घरवाली संतुष्ट नहीं हो पाती थी। फिर मैंने डा.शेख से सम्पर्क किया आज मैं पूरी तरीके से ठीक हूं मेरा टाईम तकरीबन 15 से 20 मिनट बढ गया है।

मैं सतीस, उम्र 55 साल है मैं पीलीभीत निवासी हूं मुझे डायबिटीज है। डायबिटीज के कारण मेरा सेक्स पूरी तरह से खत्म हो गया था काफी ईलाज कराया कोई फायदा नहीं हुआ फिर मैं डा. शेख से मिला। डा.शेख ने शुगर के साथ मुझे मर्दाना कमजोरी की दवा भी दी। आज मेरी शुगर भी कंट्रोल है और मर्दाना ताकत भी पुनः वापस आ गई है। आज मैं फिर से जवान हो गया हूं।

मैं समीर, उम्र 35 साल है मैं रामपुर निवासी हूं मेरी शादी को 10 साल हो गये थे। मेरे वीर्य के अंदर शुक्राणुओं की संख्या बहुत कम थी जिसके कारण मैं पिता नहीं बन पा रहा था। बडे बडे अस्पताल वाले आईवीएफ (IVF) की सलाह दे रहे थे। फिर मैनें डा.शेख से सम्पर्क किया। डा.शेख ने मुझे 3 महीने का ईलाज दिया जिससे मेरे शुक्राणु 60 प्रतिशत हो गये और 2 महीने के बाद मेरी पत्नी गर्भवती हो गई। मैं डा.शेख का धन्यवाद करता हूं और आप लोगों से अपील करता हूं कि यदि आपके वीर्य में भी शुक्राणुओं की संख्या कम है तो डा. शेख से सम्पर्क करें।

मैं पूनम कुमारी, उम्र 25 साल है मैं बरेली की निवासी हूं मुझे सफेद पानी की काफी दिनों से शिकायत थी। ल्यूकोरिया की वजह से मेरी कमर व पैरों में दर्द रहता था मेरा वजन कम हो रहा था। मेरे चेहरे से रंगत जा रही थी मैं काफी ईलाज करा कर थक चूकी थी। फिर मैनें डा.शेख द्वारा निर्मित एल–7 कैप्सूल का उपयोग किया और साथ ही वी–16 पाउडर से गुप्तांग की सफाई की। जिससे मेरा सफेद पानी आना पूरी तरह से बंद हो गया और वेजाईना टाईट हो गया।

क्या आप यौन समस्याओं से परेशान हैं और इधर उधर ईलाज कराकर थक चूके हैं और इन बिमारियों को लाईलाज समझ चूके हैं जैसे नामर्दी, धात, शीघ्रपतन, शुक्राणुओं की कमी, माहवारी का कम या ज्यादा आना, स्तनों का बैडोल होना, जोडों का दर्द, शुगर, पेट रोग, किडनी रोग, हृदय रोग, निःसंतान दम्पति डा. शेख से सम्पर्क करें। डा. शेख के नाम से हिन्दुस्तान में 50 दवाखाने चल रहे हैं डा.शेख अपने मरीजों के लिये दवायें खुद तैयार करते हैं दवायें सहार हर्बल फार्मेसी में तैयार की जाती है। दवायें देश विदेश में लाखों मरीजों पर आजमाई हुई हैं। डा.शेख को अच्छे ईलाज के लिए अनेकों अवार्ड मिल चूके है जैसे Gold Medelist, Best Sexologist in India, Pride of Country, Kohinoor A Tibb, Chikitasak Ratan, Asia's Best Sexual Health Clinic

Highest 5 Star Rating in Google

भारत प्रसिद्ध YouTube पर Search करें गोल्ड मेडेलिस्ट

डा.शेख
Best Sexologist in india

मिलें हर मंगलवार
मालियों की पुलिया बरेली
9837023223

# आंवला के बाजार में भारी वाहनों के आने से लगा जाम

## व्यापारी दिन में बड़े वाहनों के प्रवेश पर रोक लगाने की कर रहे मांग

संवाददाता, आंवला

**अमृत विचार :** कस्बे के व्यापारी समेत आम जनता जाम से परेशान है। बड़े वाहनों के दिन में बाजार में प्रवेश वर्जित कराने की व्यापारी मांग कर चुके हैं। परंतु प्रशासन ने इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया। जिसे लेकर व्यापारियों में रोष है।

व्यापारी नेता वरुण अग्रवाल ने बताया कि नगर में रविवार दोपहर करीब दो घंटे तक जाम लगा रहा। उन्होंने पुलिस समेत अधिकारियों को फोन कर जाम की जानकारी दी। उसके बाद पुलिस ने बड़े वाहनों को नगर में प्रवेश करने से रोक लगवाकर जाम खुलवाया। व्यापारियों ने बताया कि नगर में बड़े वाहनों के प्रवेश से अक्सर जाम लग जाता है। सारा कारोबार बंद होने की नौबत आ चुकी है, पूरा



जाम की सूचना पर पहुंचे पुलिसकर्मी वाहनों को निकलवाते हुए। ● अमृत विचार

● **रविवार दोपहर दो घंटे तक जाम में फंसे रहे वाहन चालक**

दिन जाम रहता है। ग्राहक दुकान के आगे खड़ा तक नहीं हो पाता है। कोई भी अधिकारी सुनने को तैयार नहीं है। व्यापारी बड़े वाहनों की दिन में नगर में प्रवेश न करने देने की करीब छह माह से मांग कर रहे है। प्रशासनिक अधिकारी मात्र आश्वासन देते आ रहे हैं। परंतु जाम को लेकर कोई ठोस कदम नहीं उठाया है। व्यापारी जाम की समस्या को लेकर शीघ्र बैठक करेंगें। जिसमें अग्रिम कार्रवाई के लिए विचार विमर्श होगा। उन्होंने चेतावनी दी कि शीघ्र समस्या का समाधान नहीं हुआ तो व्यापारी विरोध प्रदर्शन करेंगे।

## फायरिंग का आरोपी तमंचे के साथ गिरफ्तार

**फतेहगंज पूर्वी, अमृत विचार :** पुलिस ने फायरिंग के आरोपी को तमंचे के साथ गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया। फतेहगंज पूर्वी थाना क्षेत्र के गांव भदपुरा में शनिवार को जमीन के बंटवारे को लेकर दो पक्षों में कहासुनी हो गई थी। विवाद बढ़ने पर एक युवक ने तमंचे से फायरिंग कर दी। फायरिंग से गांव में दहशत फैल गई, एक ग्रामीण बाल-बाल बच गया। पीड़ित रविन्द्र पाल ने मामले की तहरीर थाने पहुंचकर पुलिस को दी। पुलिस ने शनिवार देर रात फायरिंग के आरोपित को मुखबिर की सूचना पर भदपुरा गांव से पकड़ लिया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम हंसराज बताया। तलाशी लेने पर उसके पास एक तमंचा और दो कारतूस बरामद हुए हैं। पुलिस ने आरोपित के विरुद्ध थाना पूर्वी में प्राथमिकी लिख न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया।

## सार-संक्षेप

### रजत जयंती पर सेवानिवृत्त शिक्षकों को किया सम्मानित



**शिवपुरी, अमृत विचार :** गौतम बुद्ध इंटर कॉलेज परिसर में रजत जयंती मनाई गई, जिसमें कॉलेज के सेवानिवृत्त शिक्षकों को सम्मानित किया गया। समारोह में मीरगंज विधायक डीसी वर्मा ने कहा की शिक्षा से व्यक्ति सब कुछ पा सकता है, आंवला एसडीएम रहे एके सिंह ने कहा शिक्षा में लिंग भेद नहीं होना चाहिए समान रूप से बालक एवं बालिकाओं को शिक्षित करना अभिभावक का पूर्ण कर्तव्य है। पूर्व आईएएस रमाशंकर मौर्य ने कहा हमारे देश में ग्रामीण क्षेत्र का विकास शिक्षा से ही सम्भव है। विद्यालय संस्थापक बीआर मौर्य ने विद्यालय के इतिहास की जानकारी दी। इस दौरान प्रबंधक डॉ. जितेंद्र मौर्य, संजीव द्विवेदी, हरिशंकर मौर्य, डॉ. केपी सिंह चौहान, प्रतीक दीक्षित, भगवान सिंह चौहान, मानसिंह मौर्य, आदि मौजूद रहे।

### शिव तेरस पर जलाभिषेक करने को उमड़े श्रद्धालु



**देवरनियां, अमृत विचार :** प्राचीन शिव मंदिर पर तेरस के उपलक्ष्य में रविवार से 11 दिवसीय मेला शुरू हुआ। सुबह चार बजे से ही भक्तों की कतारे लग गई। इस दौरान एसपी देहात उत्तरी मुकेश चंद्र मिश्रा और सीओ बहेड़ी व्यवस्था में लगे रहे। पूरे दिन शिवलिंग पर जलाभिषेक करने के लिए लाइन लगी रहीं। मेले में महिलाओं को बच्चों ने खरीदारी के साथ ही झूले का आनंद लिया। इस दौरान सीओ अरुण कुमार सिंह, इंस्पेक्टर देवेन्द्र सिंह धामा, कांस्टेबल अंकित भाटी, उमेश कुमार, महेन्द्र सिंह, मनीष कुमार आदि अधिकारी मौजूद रहे।

### नवनियुक्त विहिप जिलाध्यक्ष का हुआ स्वागत



**आंवला, अमृत विचार :** विश्व हिंदू परिषद की कस्बे के सरस्वती विद्या मंदिर स्कूल में बैठक हुई। जिसमें नवनियुक्त जिलाध्यक्ष संजय भदौरिया शामिल हुए। स्थानीय पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने उनके पहली बारआगमन पर स्वागत किया। उन्होंने कहा कि आगामी महिला शक्ति वर्ग आंवला में ही लगाया जाएगा। जिलामंत्री धर्मेंद्र सिंह ने कहा रामोत्सव नगर के प्रत्येक वार्ड में मनाएं। बजरंग दल जिला संयोजक अमित कुमार ने कहा मई में होने वाले प्रांतीय वर्ग को सफल बनाने के लिए अभी से तैयारी करें। पदाधिकारियों ने संगठन का विस्तार करते हुए कार्यकर्ताओं को पदभार सौंपे। इस दौरान नगर अध्यक्ष दुर्गेश सक्सेना, मनोज प्रजापति, गोपाल सिंह, मनोज लोधी, अमर शर्मा, पूनम प्रजापति, शक्ति सिंह, अभय चौहान, रतन सिंह, चिराग गुप्ता, वैभव शर्मा समेत अन्य लोग रहे।

### पूर्व पीएम को भारत रत्न मिलने पर जताया आभार



**बहेड़ी, अमृत विचार :** केंद्र सरकार ने पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह समेत पांच हस्तियों को भारत रत्न से नवाज हैं। पूर्व पीएम को भारत रत्न मिलने पर जाट समाज ने रविवार को एक सम्मेलन आयोजित करके धन्यवाद दिया। वक्ताओं ने कहा कांग्रेस सरकार ने जिन्हें उपेक्षित रखा उन्हें मौजूदा सरकार ने सम्मानित किया। जाट समाज के लिए यह गौरव की बात है कि पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न देकर सम्मान से नवाजा। ये बातें भाजपा के जिला प्रभारी चौधरी देवेंद्र सिंह ने जाट सम्मेलन में कहीं। सम्मेलन में आखिरी वक्त पर पहुंचे पीलीभीत लोकसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी जितिन प्रसाद का स्वागत किया गया। इस अवसर पर पूर्व विधायक पप्पू भरतौल, दलपत सिंह, रवि ढाका, अतुल गर्ग, डॉ. परमजीत सिंह, डॉ. विश्व विजय सिंह, अतर सिंह, राकेश मिश्रा, पालिकाध्यक्ष पति अजय जायसवाल, सचिन सिंह व राज कमल सिंह सहित करीब 30 गांवों से आए जाट बंधु मौजूद रहे।

### आंवला में आर्य समाज का 110वां वार्षिकोत्सव शुरू



**आंवला, अमृत विचार :** आर्य समाज आंवला की ओर से 110वां वार्षिकोत्सव मनाया जा रहा है। जिसमें क्षेत्र के विभिन्न अलग–अलग स्थानों पर यज्ञ ( हवन) आदि धार्मिक अनुष्ठान किए जा रहे हैं। रविवार को प्रधान राजकुमार सिंह आर्य के आवास पर हवन पूजन किया। उसके बाद मुजफ्फरनगर के आचार्य कुंवरपाल शास्त्री ने प्रवचन दिए। बरेली के भानुप्रकाश आर्य और आगरा की सुरभि आर्या ने भजनोपदेश किया। कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री धर्मपाल सिंह, बरेली आर्यसमाज अनाथालय के प्रधान आचार्य ओमकार आर्य, रामकुमार आर्य, अनिल आर्य, ओमशरण आर्य, गंगाराम रस्तोगी, आयुष अग्रवाल, अमरसिंह, संदीप आर्य, प्रताप सिंह आर्य, भारत सिंह आर्य, भानु प्रकाश आर्य, रामबहादुर शास्त्री, आदि शामिल रहे।

### कूड़ादान गिराने पर चार लोगों पर रिपोर्ट दर्ज

**शीशगढ़, अमृत विचार :** सरकारी भूमि पर बने सार्वजनिक कूड़ादान को गिराने पर पुलिस ने प्रधान पति की शिकायत पर चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। ग्राम बूंची की गोंटिया के प्रधान पति शेर सिंह ने पुलिस से शिकायत की थी कि उनके गांव में सरकारी भूमि पर सार्वजनिक कूड़ादान बना था।जिसको गांव के दबंग अशर्फी लाल,ओमप्रकाश,देव कुमार और महिपाल ने दबंगई के बल पर गिरा दिया। शिकायत करने पर आरोपी झगड़े पर आमदा हो गए।

## समाज को एक सूत्र में बांधती है इफ्तार पार्टी

**रिठौरा, अमृत विचार:** रमजान माह में रविवार को नगर के पीएन दीवान पब्लिक स्कूल में इफ्तार पार्टी रखी गई। रोजेदारों ने विद्यालय परिसर में रोजा इफ्तार किया। इस मौके पर गोपाल गुप्ता ने कहा हमारे देश की खूबसूरती अनेकता में एकता की है। विविध त्योहारों का यह देश है। इफ्तार पार्टी समाज को एक सूत्र में बांधती है। इस मौके पर प्रधानाचार्य प्रदीप कुमार गुप्ता, उमेश गंगवार, भूपेन्द्र गंगवार,सूरज गंगवार,मधु, फहीम खान, शाहीन खान, इमरान खान, आविद,आकिल सहित अन्य रहे।

# कुरान ए पाक मुकम्मल का जश्न मना

संवाददाता, देवरनियां

**अमृत विचार :** रमजान के आखिरी असरे की 27वीं शबे कद्रपर रिछा की मोती मस्जिद में कुरान ए पाक मुकम्मल का जश्न मनाया गया। रमजान की रातों में ईशा की नमाज के बाद तरावही अदा की जाती है, इसमें हाफिजे कुरान मौखिक रूप से पढ़ते हैं।

रिछा की मोती मस्जिद में मस्जिद के इमाम हजरत मौलाना हाफिज मुबीन ने कुरान ए पाक सुनाया, जबकि हाफिज रफीक ने सुना। कुरान सुनाने वाले हाफिज मुबीन और सुनने वाले हाफिज रफीक को मस्जिद कमेटी की जानिब से नजराना पेश कर हार पहनाकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर तरावीह पढ़ने वाले लोगों के अलावा बाबू जुबैर,हाजी इरफान, हाजी माजिद, मोहम्मद अरशद, इकरार समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

- क्योलड़िया के जामा मस्जिद में कुरान के मुकम्मल होने पर जश्ने खत्म शरीफ मनाया गया। तराबीह में कुरान पाक सुनाया हाफिज मोहम्मद अयान रजा और हाफिज शहाबुद्दीन अजहरी ने। रविवार को कुराने पाक मुकम्मल होने पर कमेटी के लोगों ने दोनों हाफिजों का स्वागत किया।
- भोजीपुरा में मस्जिदे फातिमा हलवाईयान में तरावीह की नमाज के दौरान कुरान मजीद मुकम्मल हुआ जिस पर नमाजियों ने हाफिज ओ कारी हजरत गुलाम मुस्तफा का फूल मालाओं से इस्तकबाल किया।
- मीरगंज के मोहल्ला सूफी टोला में स्थित हरी मस्जिद में शनिवार 26 वे रोजे और 27वीं शबे कद्र के मौके पर तरावीह की नमाज में कुरान शरीफ मुकम्मल हुआ, कुरान शरीफ सुनाने वाले हाफिज हज़रत उवैद रजा कुरानसुना कर मुकम्मल किया, इस मौके पर मिलाद ऐ महफिल का आयोजन भी हुआ।

## जामा मस्जिद में सामूहिक रोजा इफ्तार कराया

**नवाबगंज, अमृत विचार :** सभासद हसीब सिद्दीकी ने रविवार को नगर के जामा मस्जिद परिसर में सामूहिक रोजा इफ्तार कराया। इफ्तारी में जामा मस्जिद के इमाम मुफ्ती फरियाद हुसेन, डॉ. सईदुर्रहमान, अजीम सिद्दीकी, वसीम सिद्दीकी, फुरकान सिद्दीकी, डॉ. रिजवान सिद्दीकी, वकील अहमद, मो., परवेज, मो. तफसील, मो. जाहिद, शाहिद सिद्दीकी, अजीज खान , मो. सलीम , सादाब आलम और मो. रेहान समेत बड़ी तादात में लोगों ने शिरकत की ।

### सदर कैंट में रोजा इफ्तार हुआ

**कैंट, अमृत विचार :** सदर बाजार स्थित छोटी मस्जिद के पास रविवार को समाजसेवी इमरान अली खान उर्फ कासिफ की सरपरस्ती में भारी संख्या में लोगों ने 27वां रोजा इफ्तार किया। रोजा इफ्तार कार्यक्रम में कैंट बोर्ड के नामित सदस्य डॉ. वैभव जायसवाल, डॉ. आशीष जायसवाल, सपा जिला उपाध्यक्ष सैय्यद हैदर अली, अफसार खान, हिकमत अली, विक्रान्त साहू, एके आजाद समेत अन्य लोग शामिल हुए।

## दहेज उत्पीड़न के मामलों में नौ लोगों पर रिपोर्ट दर्ज

**बहेड़ी, अमृत विचार :** दहेज उत्पीड़न के दो अलग -अलग मामलों में पुलिस ने नौ लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की हैं।

नबावगंज थाने के गांव अभय राजपुर निवासी आरती देवी ने बताया कि उसकी शादी सात साल पहले गांव भरौनी में मुकेश से हुई थी। दो साल पहले नौकरी के सिलसिले में लखनऊ जाने के दौरान पति की सीतापुर के पास दुर्घटना में मौत हो गई। उसके बाद से ही ससुराल वालों ने उसका उत्पीड़न शुरू कर दिया। उसे एक दिन परेशान करके घर से निकाल दिया। इस मामले में ससुर काली चरन, सास हीराकली और देवर के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। वहीं गांव हरहरपुर उर्फ डूंडा शुमाली निवासी ज्योति ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि ससुराल वाले शादी के बाद दो लाख रुपये और लाने की मांग करते थे। आरोप लगाया कि पति के एक महिला से अवैध संबंध है। इन सभी बातों को लेकर उसका शारीरिक व मानसिक उत्पीड़न किया जाता था। तहरीर के आधार पर पुलिस ने पति सत्य वीर, उसके मां- बाप और भाई समेत छह लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

## पुलिस से उधार दिए रुपये वापस दिलाने की मांग

**क्योलड़िया, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के गांव ढकिया बर्कली के भगवान दास चौकीदारी करते है। उसने गांव के ही सफाई कर्मी मूलचंद को 2 साल पहले पचास हजार रुपये उधार दिए थे। वह जब भी अपने पैसे वापस मांगता है तो आरोपी उसे टरका देता है, पीड़ित का कहना है कि उसकी बेटी की 11 अप्रैल को शादी है, लेकिन वह रुपये नहीं वापस कर रहा हैं। पीड़ित ने प्रभारी निरीक्षक को नामजद तहरीर देकर अपने पैसे वापस दिलवाने की गुहार लगाई है।

# महिला से दुष्कर्म के मामले में रिपोर्ट

संवाददाता, कैंट

**अमृत विचार :** महिला से दुष्कर्म के मामले में कैंट पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर पति समेत छह ससुरालियों पर मुकदमा दर्ज किया हैं।

थाना क्षेत्र की रहने वाली महिला ने बताया कि शादी के बाद से उसका जेठ उस पर गलत नीयत रखने लगा। कई बार अकेला पाकर उससे छेड़छाड़ की, जिसकी शिकायत उसने ससुरालियों से की, लेकिन सभी ने एकराय होकर उसे ही डांटकर शांत करा दिया। 14 सितंबर को वह कमरे में अकेली थी, मौका पाकर जेठ कमरे में घुस आया और चाकू के बल पर दुष्कर्म किया, धमकी देकर गया कि अगर किसी को बताया तो जान से मार दूंगा। महिला ने ससुरालियों से शिकायत की, लेकिन किसी ने उसका साथ नहीं दिया, उल्टे उसे पीटकर घर से निकाल दिया। महिला ने कैंट थाने और पुलिस उच्चाधिकारियों से शिकायत की। कार्रवाई न होने पर कोर्ट की शरण ली। कोर्ट के आदेश पर रविवार को कैंट पुलिस ने पति समेत 6 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

### किशोरी के अपहरण के मामले में एफआईआर

**मीरगंज, अमृत विचार :** थाना शाही क्षेत्र के एक युवक ने आईजी के यहां तहरीर देकर बताया 29 मार्च को उसकी नाबालिग बेटी को गांव के ही तीन लोग अपहरण कर ले गए। इसकी सूचना मिलते ही वह तीनों आरोपियों के घर गया तो सभी ने उसे मारपीट कर भगा दिया। आरोप है कि उसी दिन पीड़ित ने इसकी शिकायत थाना शाही में जाकर की तो पुलिस ने कहा कि ऊपर से आदेश कराकर लाओ तभी हम तुम्हारी रिपोर्ट दर्ज करेंगे। इसके बाद उसने आईजी से शिकायत की । उनके आदेश पर पुलिस ने आरोपियों लाल सिंह, प्रेम शंकर और लालता प्रसाद पर रिपोर्ट दर्ज की हैं।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
बरेली संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
0581-4000222
हेड ऑफिस :- 932, कटरा चांद खां भारत पेट्रोल पम्प के सामने , पीलीभीत बाईपास रोड बरेली 243006

### रिठौरा मंडल अध्यक्ष बने दिनेश भास्कर



**रिठौरा, अमृत विचार :** अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष पूर्व ब्लाक प्रमुख विनोद दिवाकर ने दिनेश भास्कर को रिठौरा मंडल अध्यक्ष अनूसूचित जाति मोर्चा मनोनीत किया है। उनके मनोनीत होने पर नवाबगंज विधायक डॉ. एमपी आर्या, प्रभु दयाल शर्मा, रामौतार, बाबू राम भास्कर, रामपाल, दुर्गा प्रसाद, राकेश, किशोर, अमित, सूरज प्रदीप कुमार आदि ने खुशी जताई है।

### नमीशर को प्रदेश सचिव की जिम्मेदारी



**अलीगंज, अमृत विचार :** सपा ने बरेली से मुलायम सिंह यादव यूथ ब्रिगेड की राज्य कार्यकारिणी में प्रदेश सचिव पद पर नमीशर निवासी गांव चुरहा नवदिया पोस्ट गैनी को जिम्मेदारी दी। इस मौके पर सूरज यादव , यशवीर सिंह यादव , देवेन्द्र कश्यप आदि ने उन्हें बधाई दी।

### मतदाता सूचना पर्ची और मार्गदर्शिका की वितरित

**बहेड़ी, अमृत विचार :** चुनाव आयोग के निर्देश पर मतदाताओं की सुविधा और उनको बूथ संबंधित जानकारी देने के लिए बूथ लेबल अफसरों ने बूथ पर मतदाता सूचना पर्ची व मार्गदर्शिका वितरण किया। पीलीभीत लोकसभा क्षेत्र से संबद्ध बहेड़ी विधानसभा में कुल 3,70,637 मतदाता हैं। इसके लिए 403 बीएलओ को जिम्मेदारी सौंपी गई। बीएलओ के काम की निगरानी के लिए तीन जोनल अधिकारियों के साथ 34 सेक्टर मैजिस्ट्रेट लगाए गए हैं। सहायक रिटर्निंग अफसर अजय कुमार उपाध्याय ने बताया कि रविवार को प्रभारी तहसीलदार, नायब तहसीलदारों, राजस्व निरीक्षकों व लेखपालों का भी सहयोग लिया गया।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

सूचना

पहले मेरा नाम TASALIM था अब मैं ने अपना नाम बदलकर TASLEEM रख लिया है भविष्य मे मुझे मेरे सही नाम TASLEEM S/o MAHAFUJAUDDIN निवासी मो. अशरफ खां जिला, पीलीभीत के नाम से जाना पहचाना जाये।

वैधानिक सूचना :- समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।



# रालोद के लिए नाक का सवाल बना बिजनौर का रणक्षेत्र

दिग्विजय सिंह

**अमृत विचार।** जाटलैंड की बिजनौर संसदीय सीट पर इस बार मुकाबला कांटे का होने की उम्मीद है। 2014 की मोदी लहर में इस सीट पर भाजपा ने कब्जा तो जमा लिया था लेकिन 2019 के चुनाव में जब सपा और बसपा का गठजोड़ हुआ तो बसपा के मलूक नागर ने भाजपा के उम्मीदवार को पटखनी दे दी थी। भाजपा ने इस बार एनडीए में शामिल राष्ट्रीय लोकदल को यह सीट दी है। पार्टी ने यहां से विधायक चंदन चौहान को मैदान में उतारा है तो सपा ने दीपक सैनी को अपना चेहरा बनाया है। बसपा ने रालोद से आए विजेंद्र सिंह को उम्मीदवार बनाया है। तीनों दलों से दमदार उम्मीदवार होने से यहां त्रिकोणीय संघर्ष के आसार हैं। वैसे तो 2004 और 2009 के चुनाव में इस सीट पर राष्ट्रीय लोकदल काबिज रह चुकी है। अब देखना यह है कि मोदी की गारंटी, राम मंदिर निर्माण से उपजी लहर और केंद्र व राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के दम पर चंदन चौहान जीत दर्ज कर पाते हैं फिर किसानों की नाराजगी का कुछ नुकसान उठाना पड़ता है।


**मीरापुर के विधायक हैं चंदन चौहान:** भाजपा के पदाधिकारी और कार्यकर्ता भी मीरापुर से विधायक चंदन चौहान को सांसद बनाने में जुट गए हैं। भाजपा अपने नेताओं और कार्यकर्ताओं को यह संदेश दे रही है कि रालोद के निशान को ही कमल का निशान समझें और ताकि चार सौ पार का सपना साकार हो सके। चंदन ने भी यह कोशिश की है कि उनके किसी कदम से भाजपा के कार्यकर्ता नाराज न हों। चंदन के दादा चौधरी नारायण सिंह 1977 में उप मुख्यमंत्री रह चुके हैं। साथ ही उनके पिता संजय चौहान भी विधायक रह चुके हैं।

**हर दल को मतदाताओं ने अपनाया:** यहां के मतदाताओं ने हर दल को गले लगाया। चाहे वह कांग्रेस हो या जनता पार्टी, बसपा, सपा, कांग्रेस, भाजपा और रालोद। जनता पार्टी सेक्युलर को भी यहां जीत मिल चुकी है।

पहली बार 1991 में यहां भाजपा जीती थी। 1996 के चुनाव में भी कमल खिला था पर 1998 में सपा की ओमवती ने भाजपा से यह सीट छीन ली थी लेकिन जब 1999 में लोकसभा का चुनाव हुआ तो यह सीट पुनः भाजपा के खाते में आ गई। लेकिन 2004- 2009 के चुनाव में यहां के मतदाताओं ने रालोद पर भरोसा जताया।

2014 में मोदी लहर में भाजपा यहां जीती जरूर लेकिन 2019 में सपा- बसपा गठबंधन में बसपा के मलूक नागर ने भाजपा को यहां हरा दिया।

- पिछले चुनाव में इस सीट पर सपा से गठबंधन के चलते बसपा के मलूक नागर बने थे सांसद
- सपा ने इस बार दीपक सैनी को तो बसपा ने रालोद से आए विजेंद्र सिंह को बनाया उम्मीदवार



### दो-दो विधानसभा सीटों पर भाजपा- रालोद काबिज

- इस लोकसभा क्षेत्र में पांच विधानसभा सीटें आती हैं। इनमें से दो- दो विधानसभा सीटों पर रालोद- भाजपा |का कब्जा है। एक सीट पर सपा काबिज है। मुजफ्फरनगर जिले की पुरकाजी और मीरापुर सीट पर रालोद और बिजनौर की बिजनौर सीट पर भाजपा और चांदपुर सीट पर सपा और मेरठ जिले की हस्तिनापुर सीट पर भाजपा का कब्जा है।

### रालोद के बागी पर बसपा का दांव

- मेरठ के जलालपुर लावड़ निवासी चौधरी विजेंद्र सिंह इस मुकाबले को त्रिकोणीय बनाने में जुटे हुए हैं। हाल ही में उन्होंने बसपा की सदस्यता ग्रहण की थी। वह रालोद से त्यागपत्र देकर बसपा में आए थे। रालोद से बगावत के पीछे टिकट न मिलने को कारण बताया गया था।

### मीरा कुमार यहां से पहुंची थीं संसद

1984 में कांग्रेस के सांसद गिरधारी लाल का निधन हो गया था। तब इस सीट पर उप चुनाव हुआ और पूर्व प्रधानमंत्री जगजीवन राम की बेटी मीरा कुमार ने यहां से जीत दर्ज की थी। मीरा कुमार ने यहां से लोकदल के उम्मीदवार पूर्व केंद्रीय मंत्री राम विलास पासवान को हराया था। मीरा कुमार कांग्रेस की उम्मीदवार थीं। इस चुनाव में मायावती बतौर निर्दलीय उम्मीदवार मैदान में थीं। इसी सीट से उनकी सियासी लांचिंग हुई थी। 2014 में पूर्व सांसद एवं फिल्म अभिनेत्री जयाप्रदा यहां से राष्ट्रीय लोकदल के टिकट पर मैदान में उतरीं थीं पर चौथे स्थान पर रहीं थीं।




चौधरी विजेंद्र सिंह।



दीपक सैनी।



चंदन चौहान।




**2019 का वोट प्रतिशत**

| | | |
|---|---|---|
| बसपा | मलूक नागर | 51.21 |
| भाजपा | कुंवर भारतेंद्र | 44.67 |
| कांग्रेस | नसीमुद्दीन | 2.36 |

बसपा भाजपा कांग्रेस

**26% मुस्लिम मतदाता**

**22 % दलित मतदाता**

**18 % जाट मतदाता**

**06% गुर्जर मतदाता**

**28 % अन्य वोटर**

**17,33,372**
बिजनौर सीट पर कुल मतदाता

### सपा को बदलना पड़ा उम्मीदवार

- बिजनौर सीट पर जीत दर्ज करने के लिए सपा ने पहले पूर्व सांसद यशवीर सिंह धोबी को मैदान में उतारा था। यशवीर सिंह 2009 में नगीना सीट से सांसद चुने गए थे। वह नगीना से ही टिकट चाह रहे थे लेकिन बदली परिस्थितियों में पार्टी ने उन्हें बिजनौर के रण में उतारना जरूरी समझा। हालांकि इससे यशवीर सिंह खुद ही असहज महसूस कर रहे थे। पार्टी ने उनके भाव को समझा और टिकट बदलते हुए नूरपुर से विधायक राम अवतार सैनी के बेटे दीपक सैनी को मैदान में उतार दिया। अब दीपक ने इस समर को जीतने के लिए रात दिन एक कर दिया है। युवाओं की टोली के साथ वे लगातार क्षेत्र में भ्रमण कर रहे हैं और किसानों को यह याद दिलाने की कोशिश कर रहे हैं कि केंद्र और राज्य सरकार ने उनके आंदोलन को किस तरह कुचला। केंद्र में इंडिया गठबंधन की सरकार बनने पर ही किसानों को न्याय मिलेगा। बसपा उम्मीदवार विजेंद्र चौधरी जल्द ही यहां पार्टी प्रमुख मायावती और आकाश आनंद की रैली कराने की तैयारी कर रहे हैं ताकि इस रणक्षेत्र में वे जीत दर्ज कर सकें। रालोद और भाजपा की रणनीति पर भी उनकी गहरी नजर है। इसके लिए वे लगातार रालोद कार्यकर्ताओं के संपर्क में भी हैं।

# कमलनाथ के गढ़ में क्या इस बार खिलेगा कमल

मनोज त्रिपाठी

मध्यप्रदेश में पहले चरण के चुनाव में 19 अप्रैल को हाई प्रोफाइल सीट छिंदवाड़ा के साथ सीधी, शहडोल, मंडला, जबलपुर, बालाघाट लोकसभा सीटों पर वोट डाले जाएंगे। इन आधा दर्जन सीटों में सबसे ज्यादा रोचक मुकाबला छिंदवाड़ा में कांग्रेस के मौजूदा सांसद नकुल नाथ और भाजपा के विवेक बंटी साहू के बीच होगा। इस सीट पर देश भर की निगाह लगी है। छिंदवाड़ा में लगातार कांग्रेस से भाजपा में शामिल होने वाले नेताओं और कार्यकर्ताओं की लाइन लगी है। दो दिन पहले पूर्व मुख्यमंत्री कमल नाथ के काफी खास रहे पूर्व मंत्री दीपक सक्सेना भी कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हो चुके हैं। भाजपा ने इस बार छिंदवाड़ा सीट को प्रतिष्ठा से जोड़ लिया था और राज्य की सभी 29 सीटों पर क्लीन स्वीप की बात कही है। 2019 में भाजपा ने 28 सीटें जीती थीं, सिर्फ छिंदवाड़ा में कांग्रेस और कमलनाथ का किला नहीं ढहा पाई थी। भाजपा के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज पाटिल द्वारा यहां बिछाई गई बिसात पर वर्तमान सीएम मोहन यादव और वरिष्ठ भाजपा नेता कांग्रेस को मात देने में जुटे हैं।


छिंदवाड़ा सीट पर बीते चार दशक से कमलनाथ परिवार का कब्जा है। छिंदवाड़ा में भले ही कांग्रेस से नकुल नाथ लोकसभा चुनाव लड़ रहे हैं पर प्रतिष्ठा उनके पिता पूर्व मुख्यमंत्री कमल नाथ की दांव पर लगी है। वर्ष 1971 से 2019 के बीच हुए 14 लोकसभा चुनावों में 13 बार यहां से कांग्रेस जीती है। 1980 से लेकर 2019 तक तो केवल कमलनाथ परिवार का ही दबदबा रहा है। इस सीट पर केवल वर्ष 1993 का उपचुनाव छोड़कर कमलनाथ हमेशा लोकसभा का चुनाव जीतते रहे हैं। 1993 के उपचुनाव में सुंदरलाल पटवा ने उनको पराजित किया था। इस बार कांग्रेस की इस परंपरागत सीट पर जीत हासिल करने के लिए मुख्यमंत्री डा.मोहन यादव, पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह के अलावा मंत्री कैलाश विजयवर्गीय और प्रहलाद सिंह पटेल लगातार दौरे कर रहे हैं। इनके मुकाबले कमल नाथ ने अकेले मोर्चा संभाल रखा है। वह लगातार घूम-घूमकर सभी विधानसभा क्षेत्रों में कार्यकर्ताओं से संवाद कर रहे हैं। अपनी सभाओं में यह कहते नहीं थकते हैं कि 'जब मैं छिंदवाड़ा आया था, तब लोगों को इसका नाम पता नहीं था। यह देश का सबसे पिछड़ा इलाका होता था।



| | |
|---|---|
| अनुसूचित जनजाति आबादी | 37% |
| अनुसूचित जाति की जनसंख्या | 12% |
| कुछ अधिक मुस्लिम आबादी | 5% |

**74%** ग्रामीण मतदाता

**26%** शहरी मतदाता



**16** लाख 40 हजार के आसपास मतदाता हैं यहां

**08** लाख 30 हजार पुरुष मतदाता चुनेंगे सांसद

- मध्य प्रदेश की हाई प्रोफाइल छिंदवाड़ा लोकसभा सीट जीतने के लिए भाजपा ने इस बार पूरी ताकत झोंकी
- बीते कुछ समय से यहां बड़ी संख्या में कांग्रेस नेता और कार्यकर्ता भाजपा में हुए शामिल, 19 अप्रैल को मतदान
- चार दशक से यहां कमलनाथ परिवार का कब्जा, पिछली बार बेटे नकुलनाथ को जीतने में छूट गया था पसीना

### कमलनाथ के सामने दो बार कड़ी चुनौती पेश कर चुके हैं बंटी साहू

- भाजपा प्रत्याशी विवेक बंटी साहू छिंदवाड़ा के युवा व्यवसायी हैं। वह पहली बार लोकसभा का चुनाव लड़ रहे हैं। लेकिन इससे पहले छिंदवाड़ा से दो बार विधानसभा का चुनाव लड़ चुके हैं। दोनों ही बार उन्हें हार भले मिली हो, पर उन्होंने कमलनाथ के सामने कड़ी चुनौती पेश की थी। 2019 के विधानसभा उपचुनाव में बंटी साहू को कमलनाथ से सिर्फ 35 हजार वोटों से हार मिली थी। पिछले साल हुए विधानसभा चुनाव में कमलनाथ 34 हजार मतों से ही पराजित कर पाए थे।

**08** लाख 10 हजार महिला मतदाता

**53** हजार से ज्यादा फर्स्ट टाइम वोटर

### लोकसभा क्षेत्र की सभी सीटों पर कांग्रेस काबिज

- छिंदवाड़ा जिले में पिछले साल-2023 के अंत में हुए विधान सभा चुनाव में भाजपा को बड़ी जीत मिली थी, लेकिन पार्टी छिंदवाड़ा में एक भी सीट नहीं जीत पाई थी। यहां की सभी सातों विधान सभा सीटें कांग्रेस के खाते में गई थीं। 2018 के विधानसभा चुनाव में भी यहां की सभी सीटों पर कांग्रेस ने ही जीत दर्ज की थी। पिछले विधानसभा चुनाव में छिंदवाड़ा विधान सभा सीट से कमलनाथ जीते थे। लेकिन माना जा रहा है कि लोकसभा चुनाव में कमलनाथ या कांग्रेस के लिए छिंदवाड़ा में मुकाबला आसान नहीं रहने वाला है। इसकी बड़ी वजह लोग यह भी बताते हैं कि नकुलनाथ 2019 में सांसद जरूर चुने गए थे। लेकिन उनकी जीत का आंकड़ा 37 हजार 536 मतों का ही था। नकुलनाथ को 5,87,305, जबकि भाजपा प्रत्याशी नथनशाह कवरेती को 5,49,769 मत मिले थे।

### प्राकृतिक सुंदरता से संपन्न अब 'कॉर्न सिटी' की नई पहचान

- मध्य प्रदेश राज्य बनने के साथ ही छिंदवाड़ा जिला भी वर्ष 1956 में अस्तित्व में आया था। क्षेत्रफल की दृष्टि से छिंदवाड़ा पूरे मध्य प्रदेश का सबसे बड़ा जिला है। घने जंगल, पहाड़, नदियां, प्राचीन किले, कोयले की खदान, संतरों के बाग और हरियाली अगर इसे प्राकृतिक रूप से खूबसूरत बनाती है, तो बीते कुछ वर्षों से मक्का की बढ़िया फसल के कारण छिंदवाड़ा को 'कॉर्न सिटी' के नाम से भी जाना जाता है।



**तेवर दिखाए** नई दिल्ली से भाजपा प्रत्याशी बांसुरी स्वराज ने शराब घोटाले के आरोपी तिहाड़ जेल में बंद दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के खिलाफ कनाट प्लेस में अनोखे अंदाज में प्रदर्शन करके इस्तीफा मांगा।

# शिरडी सीट पर इस बार शिवसेना बनाम शिवसेना की लड़ाई

शिरडी

**अमृत विचार।** महाराष्ट्र की शिरडी लोकसभा सीट में इस बार शिवसेना बनाम शिवसेना की लड़ाई है। इससे चुनाव दिलचस्प हो गया है। शिरडी लोकसभा क्षेत्र अहमदनगर जिले में आता है। इस संसदीय क्षेत्र में कुल 6 विधानसभा क्षेत्र अकोले, संगमनेर, शिरडी, कोपरगांव, श्रीरामपुर, नेवासा शामिल हैं। यहां पहला संसदीय चुनाव साल 2009 में हुआ। इस सीट पर शिवसेना का दबदबा है।

वर्तमान में यहां से शिवसेना के सदाशिव लोखंडे सांसद हैं। शिवसेना में बगावत के बाद सदाशिव लोखंडे ने शिंदे गुट के साथ जाने का फैसला किया। शिवसेना में फूट के बाद उन्होंने एकनाथ शिंदे को समर्थन देने का फैसला किया था। इसलिए उन्हें दोबारा टिकट दिया गया है। वह पिछले दो बार से लगातार शिव सेना के टिकट पर शिरडी लोकसभा क्षेत्र से सांसद चुने गए हैं। इससे पहले 2009 के लोकसभा चुनाव में भाऊसाहेब वाकचौरे ने इस सीट से जीत हासिल की थी।

उन्होंने शिवसेना के टिकट पर चुनाव भी लड़ा था। अब शिवसेना में फूट के बाद यहां चुनाव रोचक हो गया है। शिरडी लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र की स्थापना 2008 में हुई थी। भाऊसाहेब वाकचौरे ने निर्वाचन क्षेत्र की स्थापना के बाद पहला चुनाव 2009 में जीता और सदाशिव लोखंडे ने 2014 और 2019 में लगातार जीत हासिल की है। इससे पहले 2004 तक इस निर्वाचन क्षेत्र (कोपरगांव) पर मुख्य रूप से बालासाहेब विखे पटल का दबदबा था। बालासाहेब विखे पाटिल ने लोकसभा में इस निर्वाचन क्षेत्र का 7 बार प्रतिनिधित्व किया। इनमें से 6 बार वह कांग्रेस से और एक बार शिवसेना से लोकसभा चुनाव जीते। इस सीट पर भाजपा को सिर्फ एक बार जीत मिली है। 1996 के चुनाव में भाजपा के भीमराव बडाडे चुने गए।

### विस में महायुति और महाविकास अघाड़ी के पास 3-3 सीटें

इस लोकसभा क्षेत्र की विधान सभा में महायुति के पास तीन सीटें और महाविकास अघाड़ी के पास तीन सीटें हैं। इनमें कांग्रेस के 2 विधायक, एनसीपी अजित पवार गुट के 2 विधायक, बीजेपी का एक विधायक और ठाकरे समर्थक शंकरराव गडाख नेवासी विधायक हैं।

**पश्चिम बंगाल में गरजे मोदी** जलपाईगुड़ी में में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने टीएमसी पर जमकर निशाना साधा और चार सौ पार का नारा दिया

# पीएम मोदी ने भ्रष्टाचार के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की कसम खाई

**जलपाईगुड़ी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को पश्चिम बंगाल में चार जून के बाद भ्रष्टाचार के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की कसम खाई और भरोसा दिया कि गरीबों से लूटा गया पैसा उनके पास वापस जायेगा। मोदी ने कहा कि भ्रष्टाचारियों ने जो पैसे गरीबों से लूटे हैं तथा जो भी संपत्ति और पैसा प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने जब्त किये हैं, वे गरीबों को लौटाये जाएंगे। गरीबों से लूटा गया पैसा उनके पास वापस आ जाएगा। जो भी संपत्ति और पैसा ईडी ने भ्रष्टाचारियों से जब्त किया है वह सब गरीबों के पास जाएगा। यह 'मोदी की गारंटी' है। एक तरफ मोदी गारंटी देते हैं वहीं इंडिया समूह गालियां देता है। उन्होंने कहा कि वह वर्ष 2047 तक भारत को वैश्विक स्तर पर तीसरी सबसे बड़ी आर्थिक शक्ति बनाने के लिए रात-दिन कर रहे हैं। विकसित भारत के सपने को पूरा करने के लिए, मेरे जीवन का हर पल देश को समर्पित है। जलपाईगुड़ी लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार जयंत कुमार रॉय के समर्थन में विजय संकल्प चुनावी रैली को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा," हम भ्रष्टाचार को खत्म करने के लिए लड़ रहे हैं, लेकिन तृणमूल कांग्रेस, वाम दल और कांग्रेस कथित तौर पर 'भ्रष्टाचारियों को बचाने' का प्रयास कर रहे हैं। प्रधानमंत्री ने दोहराया, भ्रष्टाचार और विभाजनकारी ताकतों के साथ खेलने के लिए तीनों एक-दूसरे का समर्थन कर रहे हैं। यह चुनाव 2024 केंद्र में एक मजबूत और स्थिर सरकार के बारे में है। चार जून के बाद भ्रष्टाचारियों के खिलाफ कार्रवाई में तेजी आएगी। उन्होंने उत्तर 24 परगना में संदेशखाली प्रकरण का भी जिक्र किया जहां तृणमूल नेता कथित तौर पर महिलाओं पर अत्याचार करने में शामिल थे और कहा कि अपराधियों को दंडित किया जाएगा और वे अपना शेष जीवन जेल में बिताएंगे।



जबलपुर में रोड शो के दौरान जनता का शीश झुकाकर अभिवादन करते पीएम मोदी।

## कांग्रेस की हर सरकार में हुआ घोटाला ही घोटाला : राजनाथ

**झुंझुनूं।** रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि केंद्र में कांग्रेस की सरकार जब भी रही, कोई न कोई घोटाला जरूर हुआ है। भ्रष्टाचार के कारण ही कांग्रेस के मंत्रियों को भी जेल की हवा खानी पड़ी। भाजपा सरकार पर भ्रष्टाचार का एक भी दाग नहीं है। राजनाथ सिंह ने रविवार को झुंझुनूं जिले के पिलानी में भाजपा प्रत्याशी शुभकरण चौधरी के समर्थन में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि राजस्थान शौर्य और पराक्रम की धरती है। राणा की शक्ति, मीरा की भक्ति, भामाशाह की संपत्ति ही राजस्थान की धरती है। राजस्थान सहित पूरे देश में एक चुनाव होना चाहिए। अलग-अलग चुनाव से समय और पैसे की बर्बादी होती है। हमारी सरकार वन नेशन वन इलेक्शन का समर्थन करती है। पहले देश में कहीं ना कहीं आतंकी घटना होती रहती थी। जम्मू-कश्मीर में हमेशा आतंकी घटना होती रहती थी। लेकिन अब किसी मां के लाल में दम नहीं जो हमारी तरफ आंख उठा कर देख सके। जब जरूरत पड़ी तो सीमा के इस पार और सीमा के उस पार भी मारेंगे। 2014 से पहले प्रतिवर्ष 600 करोड़ रुपये से अधिक की आयुध सामग्री बाहर से मंगवाई जाती थी। वर्तमान में हम 21 हजार करोड़ रुपये की स्वदेश निर्मित रक्षा सामग्री दूसरे देशों को बेच रहे हैं।





**सड़क पर सीएम** बेंगलुरु में नार्थईस्ट सीट से कांग्रेस प्रत्याशी राजीव गौड़ा के समर्थन में सड़क पर चुनाव प्रचार करने कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दारमैया निकले तो जनता ने हाथ हिलाकर जीत का भरोसा जताया।

# बाघ के हमलों में गन्ना छील रहे दो किसान व योग शिक्षक घायल

## 6 घंटे में दो बार किया बाघ ने हमला, भीड़ पर हुआ हमलावर

**संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ**

**अमृत विचारः** दक्षिण खीरी वन प्रभाग के गोला रेंज के जंगल में बाघों की चहलकदमी लगातार देखी जा रही है। सड़क और खेतों में घूम रहे बाघ ने रविवार को छह घंटे के अंतराल में दो स्थानों पर लोगों पर हमला कर दहशत फैला दी। सुबह कुरैया गांव किनारे खेत में बोने के लिए गन्ने की छिलाई कर रहे दो किसानों को घायल करने के बाद बाघ बांकेगंज-गोला सड़क पर एक निजी स्कूल के पास झाड़ियों में छिप गया। भीड़ के साथ पहुंचे योग शिक्षक और आरएसएस के नगर सह कार्यवाह भी बाघ के हमले से घायल हो गए। उन्हें सीएचसी लाया गया,


जंगल की ओर जाता बाघ।

जहां से उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है, जबकि एक घायल को लखनऊ भेजा गया है।

वन रेंज गोला और थाना हैदराबाद क्षेत्र के गांव कोरैया निवासी कमलेश (28) गांव के ही मनोज कुमार वर्मा (35) के साथ बुबाई के लिए खेत में गन्ने की छिलाई कर रहे थे। बाघ ने कमलेश पर पीछे से हमला कर दिया। मनोज चीखे और बचाने की कोशिश की तो बाघ ने उन पर भी हमला कर दिया, जिसमें दोनों गम्भीर घायल हो गए। उधर पुलिस और वन विभाग की टीम बाघ को खदेड़ रही थी। इस दौरान बांकेगंज रोड पर दो स्थानों पर काफी भीड़ थी। चिल्ड्रेन्स एकेडमी स्कूल के पास आरएसएस के सह नगर कार्यवाह योग शिक्षक शशिकांत दीक्षित (35) भी देखने लगे। हांका लगाकर बाघ को भगाया जा रहा था। बाघ ने एकाएक भीड़ पर हमला कर दिया जिसमें शशिकांत घायल हो गए। उन्हें सीएचसी ले जाया गया जहां से उन्हें भी जिला अस्पताल भेज दिया गया।

## बरौनी-ग्वालियर एक्सप्रेस में बम की सूचना से मचा हड़कंप

**बाराबंकी, एजेंसी :** बरौनी-ग्वालियर एक्सप्रेस में रविवार को बम की सूचना मिलने के बाद हड़कंप मच गया और आनन-फानन में ट्रेन को बाराबंकी में रोककर उसकी पूरी तलाशी ली गई। पुलिस सूत्रों के अनुसार आज सुबह सूचना मिली कि बरौनी-ग्वालियर एक्सप्रेस में बम है। बाराबंकी रेलवे स्टेशन पर ट्रेन को रोककर भारी पुलिस बल, फायर ब्रिगेड और बम डिस्पोजल दस्ते ने तलाशी की। ट्रेन को करीब 50 मिनट रोका गया। सभी बोगियों में बम की सघन तलाशी की गई। हालांकि सूचना गलत पाई गई। अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी चिरंजीवी नाथ ने बताया कि आज सुबह सूचना मिली तो कुछ ही मिनट बाद कई थानों की पुलिस फोर्स फायर ब्रिगेड और बम डिस्पोजल दस्ता बाराबंकी रेलवे स्टेशन पहुंच भारी पुलिस बल के साथ ट्रेन के अंदर घुसकर हर डिब्बे में तलाशी शुरू की गई।

## दुधवा टाइगर रिजर्व में चार शावकों के साथ दिखी बाघिन


दुधवा टाइगर रिजर्व में चार शावकों के साथ बाघिन।

**संवाददाता, लखीमपुर खीरी**

**अमृत विचारः** दुधवा टाइगर रिजर्व में सैलानियों के लिए खुशी की खबर है। इन दिनों चार शावकों के साथ बाघिन जंगल सफारी के रास्ते पर टहलती अक्सर दिख रही है। रविवार की शाम को एक बाघ रास्ते में दिखा, जिसे देख सैलानी रोमांचित हो उठे।

वहीं शनिवार की शाम दूसरी शिफ्ट में चार शावकों के साथ बाघिन को देख सैलानियों में उत्साह है। दुधवा की किशनपुर रेंज में कई दिनों से लगातार बाघ दिखने से सैलानियों की संख्या में बढ़ोतरी हो रही है। दुधवा टाइगर रिजर्व के उप निदेशक डॉ. रंगाराजू टी ने बताया कि शनिवार को दिल्ली, लखनऊ और उत्तराखंड से कुछ सैलानी जंगल सफारी करने आए थे। शनिवार को दूसरी शिफ्ट में जंगल सफारी के दौरान एक जगह चार शावकों के साथ बाघिन चहलकदमी करती दिखी। सैलानियों ने कैमरे में उनकी तस्वीरों को कैद कर लिया।

## सार-संक्षेप

### ट्रैक्टर ट्रॉली पलटी बच्ची की मौत, 16 लोग घायल

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** थाना धौरहरा क्षेत्र में मेला जा रहे लोगों की ट्रैक्टर-ट्राली पलटने से उसके नीचे दबकर पांच साल की बच्ची की मौत हो गई। करीब 16 लोग घायल हो गए। चार महिलाओं की हालत गंभीर है। उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। हादसा शनिवार की देर रात हुआ। धौरहरा थाना क्षेत्र के रामबट्टी में मेला लगा है जिसमें रात में वृंदावन के कलाकर रासलीला का मंचन कर रहे हैं। शनिवार को गांव सुजई कुंडा से महिलाएं, पुरुष और बच्चे ट्रैक्टर-ट्राली में सवार होकर रासलीला देखने जा रहे थे। ट्राली में करीब 20 लोग सवार थे। तेज रफ्तार ट्रैक्टर-ट्राली पंडित पुरवा रोड पर अनियंत्रित होकर पलट गई। लोग ट्राली के नीचे दब गए और चीख-पुकार मच गई। शोर शराबा होने पर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और ट्राली के नीचे दबे लोगों को निकला। सभी घायलों को सीएचसी भेजा, जहां डॉक्टर ने मोहिनी (5) पुत्री मोती लाल को मृत घोषित कर दिया। हालत गंभीर होने पर राम दुलारी पत्नी रामू, पिंकी देवी पत्नी राजाराम, चंदरी पत्नी रामा और सुनीता पत्नी अच्छे लाल को जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

### ई-रिक्शा पलटने से आलू व्यापारी की दबकर मौत

**सीतापुर, अमृत विचार :** महोली कोतवाली इलाके में ई-रिक्शा पलटने से आलू व्यापारी की दर्दनाक मौत हो गई। रिक्शे का पहिया निकलने से बीच सड़क हादसे से कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है। क्षेत्र के मस्जिद गांव निवासी नासिर (35) पुत्र मोहम्मददीन रविवार को सुबह महोली मंडी में आलू की खरीद करने के लिए आया हुआ था। मंडी में आलू खरीद करने के बाद वह आलू एक ई-रिक्शा पर लोड करके अपने घर के लिए निकले थे। बताया जाता है कि ई रिक्शा कस्बे में स्थित संकटा देवी मंदिर के निकट पहुंचा तो अचानक उसका पिछला पहिया निकल गया। जिसके कारण ई-रिक्शा पलट गया। ई-रिक्शा पलटने से उसमे बैठे आलू व्यापारी नासिर नीचे दबकर बुरी तरह से घायल हो गए। मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों ने तत्काल ई-रिक्शा को सीधा कर घायल व्यापारी को निकाल कर महोली सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए। जहां पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### पशुओं की मौत के बाद पहुंचती है 1962 सेवा

**लखनऊ, अमृत विचार :** पिछले वर्ष प्रदेश में पशु उपचार के लिए शुरू हुई 1962 सेवा मकसद पर फेल है। संचालन करने वाली कंपनियों की मनमानी और पशु पालन विभाग की लापरवाही के आगे पशु दम तोड़ रहे हैं। कहने को आकस्मिक सेवा है, जबकि टोलफ्री नंबर मिलता नहीं है, यदि 15 से 20 मिनट बाद लगता है तो मौके पर मोबाइल वेटरनिटी यूनिट (एंबुलेंस) बुलाना संघर्ष से कम नहीं है। तमाम बहानेबाजी बताई जाती है और फोन पर ही परामर्श देकर पल्ला झाड़ते हैं। चाहे पशु की हालत कितनी गंभीर क्यों न हो। यदि एंबुलेंस आती है तो दो से तीन घंटे बाद तब तक पशु की मौत हो जाती है। रविवार को उन्नाव में ऐसी घटना का प्रमुख सचिव रवींद्र ने संज्ञान लेकर जांच के निर्देश दिए हैं। साथ ही कंपनियों के कार्यों की विधिवत रिपोर्ट मांगी है।

### पीडीएम न्याय मोर्चा का हिस्सा बने छह छोटे दल

**लखनऊ, अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव में सपा से बागी हुईं अपना दल कमेरावादी की नेता पल्लवी पटेल ने एआईएमआईएम के प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी के साथ मिलकर बने पीडीएम न्याय मोर्चा का रविवार को विस्तार किया। इसमें छह छोटे दल और शामिल हुए हैं। मोर्चा की संयोजक विधायक पल्लवी पटेल के साथ छह छोटे दलों के नेताओं ने रविवार को बैठक कर मोर्चा में शामिल होने की घोषणा की। लालबाग स्थित अपना दल (कमेरावादी) कार्यालय में हुई बैठक में शामिल होनेवाल नए दलों के नेताओं ने एकजुट होकर चुनाव मैदान में उतरने का एलान भी किया। आदिम समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष हंसराज कोल, एक्शन पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष रविंद्र मिश्रा, भारतीय समता समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष महेंद्र प्रजापति, अनजान आदमी पार्टी की रंजना श्रीवास्तव, राष्ट्रीय विकल्प पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेके मोहन विश्वकर्मा और भारतीय सुहेलदेव जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष भीम राजभर ने पीडीएम (पिछड़ा, दलित, मुस्लिम) मोर्चा के साथ चलने का फैसला लिया। ये सभी नेता बैठक में शामिल थे।

### अयोध्या में हुआ जबरदस्त विकास : मिश्र

**अयोध्या, अमृत विचार :** अयोध्या में जबरदस्त विकास हुआ है। हवाई अड्डे ने अयोध्या का स्वरूप ही बदल दिया। रामलला का मंदिर बनने के बाद पहली बार अयोध्या आया हूं। ये बातें रविवार को राजस्थान के राज्यपाल कलराज मिश्र ने कहीं। वो परिवार के साथ रामलला के दर्शन करने के बाद पत्रकारों से वार्ता कर रहे थे। रामलला के दर्शन कर भावुक हुए राज्यपाल ने कहा कि मुझे भी मंदिर आंदोलन के दौरान भी सहभागी रहने का अवसर प्राप्त हुआ था। इससे पहले महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर परिवार के साथ पहुंचे राज्यपाल कलराज मिश्र का जिलाधिकारी नितीश कुमार और नगर विधायक वेद प्रकाश गुप्ता समेत कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। प्रोटोकॉल के बीच पहले सर्किट हाउस पहुंचे। विश्राम के बाद हनुमानगढ़ी और राम मंदिर में दर्शन पूजन के लिए पहुंचे। राममंदिर में पुजारी प्रदीप दास ने तिलक लगाकर स्वागत किया और अंगवस्त्र व प्रसाद भी भेंट किया।

## बिजली की लाइन से उठी चिंगारी 50 बीघा गेहूं की फसल राख

**कार्यालय संवाददाता, रामपुर/पटवाई**

**अमृत विचार :** पटवाई और शहजादनगर में अलग-अलग घटनाओं में किसानों की खेतों में खड़ी गेहूं की फसल में आग लगने से लाखों रुपये का नुकसान हो गया।

पटवाई थाना क्षेत्र के जनकपुर गांव में बिजली की लाइन से उठी चिंगारी से गेहूं की 50 बीघा फसल जलकर राख हो गई। थाना क्षेत्र के गांव जनकपुर निवासी जोगिंद्र सिंह की आठ एकड़ जमीन में गेहूं की फसल खड़ी है। फसल पक चुकी थी। रविवार दोपहर करीब एक बजे को फसल काटने के लिए जैसे ही कंबाइन मशीन शुरू हुआ तो खेत के पास से गुजर रही बिजली की लाइन से चिंगारी निकलकर फसल पर गिरी, जिससे फसल में आग लग गई। खेत स्वामी ने खाली ट्रैक्टर-ट्राली को दौड़ाकर आग पर काबू पाने की कोशिश की।

सफल न होने पर उसने ग्रामीणों को जानकारी दी। अन्य ग्रामीण भी चार ट्रैक्टर लेकर वहां पहुंच गए। सभी की मदद से आग पर बुझाई गई। इस दौरान खेत स्वामी भी मामूली रूप से झुलस गया। किसान ने बताया कि उसकी करीब 50 बीघा गेहूं की फसल जल गई। यदि आग पर काबू नहीं पाया जाता तो हजारों एकड़ फसल आग की चपेट में आ जाती।

## आप कार्यकर्ताओं ने रखा उपवास

**लखनऊ, अमृत विचार :** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के खिलाफ आम आदमी पार्टी (आप) के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने रविवार को उपवास रखा। प्रदेश महासचिव दिनेश पटेल समेत अन्य पदाधिकारियों ने महात्मा गांधी और डॉ.भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किये और कहा कि आप ही भाजपा के कुशासन की कलई खोलने का काम करेगी। अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी को तानाशाह की सनक बताते हुए कहा कि मोदी सरकार ईडी, सीबीआई का दुरुपयोग कर विपक्ष के नेताओं को जेल में डाल रही है। मोदी सरकार आम आदमी पार्टी और केजरीवाल से डरी हुई है।

## चूर्ण समझकर चाट लिया सल्फास

**संवाददाता, बिसौली/ओरछी**

- आंगन में खेल रहे थे बच्चे, चार की हालत बिगड़ी, अस्पताल में भर्ती

**अमृत विचार :** थाना फैजगंज बेहटा क्षेत्र के कस्बा मुड़िया धुरेकी निवासी एक परिवार ने कुठला में से गेहूं निकाले और सूखने के लिए आंगन में फैला दिए। गेहूं में कीड़े मारने वाली सल्फास की पुड़िया पड़ी थी।

घर के आंगन में खेल रहे चार बच्चों ने पुड़िया उठाई। चूर्ण समझकर चाट ली। कुछ ही देर में चारों बच्चों की हालत बिगड़ गई। परिजन उन्हें बिसौली के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए। जहां प्राथमिक उपचार करने के बाद चारों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जहां बच्चों की हालत खतरे से बाहर बताई गई है। कस्बा मुड़िया धुरेकी के


जिला अस्पताल में भर्ती अनाबिया।

मोहल्ला पड़ाव के रामलीला मैदान के पास सईद और राकेश के मकान आमने-सामने हैं। सईद दिल्ली में रहकर काम करते हैं। राकेश सब्जी विक्रेता हैं। रविवार को अच्छी धूप होने की वजह से राकेश की पत्नी गुड़िया ने घर के कुठला में रखे पुराने गेहूं बाहर निकाले थे। इसमें गेहूं को कीड़ा से बचाने के लिए लगाई गई सल्फास की पुड़िया थी। गुड़िया की इसपर नजर नहीं पड़ी। गुड़िया ने गेहूं घर के आंगन में सूखने के लिए डाल दिए। वह घर के अन्य काम में व्यस्त हो गईं। आंगन में उनकी तीन साल की बेटी संख्या और दो साल का बेटा रामा के अलावा सईद का चार साल का बेटा जैद और दो साल की बेटी अनाबिया खेल रहे थे। इसी दौरान उन्होंने गेहूं में पड़ी सल्फास की पुड़िया उठाई। चूर्ण समझकर चाट लिया। कुछ समय के बाद चारों की हालत बिगड़ गई। वह उल्टी करने लगे। परिजनों ने देखा तो घबरा गए। पास में ही सल्फास की खुली हुई पुड़िया पड़ी थी। परिजन समझ गए। सईद के भाई की पत्नी आ गईं। परिवार के लोग बच्चों को अस्पताल ले गए।

## आतंकवादियों को बिरयानी खिलाती थी कांग्रेसः योगी

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ**

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव में भाजपा के स्टार प्रचारक मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को राजस्थान के भरतपुर, दौसा, सीकर में आयोजित जनसभाओं को संबोधित किया। इस दौरे की जानकारियां लखनऊ पार्टी मुख्यालय से साझा की गई। भाजपा उम्मीदवारों के लिए जनता से वोट की अपील करने के दौरान योगी के निशाने पर राजस्थान में प्रमुख विपक्षी दल कांग्रेस रही। उन्होंने कांग्रेस को देश की सबसे बड़ी समस्या बताते हुए कहा कि उसके शासनकाल में गरीबों के हक पर डाका डालने के साथ ही आतंकियों को बिरयानी खिलाई जाती थी और दंगे कराना व कर्फ्यू लगाना कांग्रेस के डीएनए में शामिल है।

उन्होंने कहा कि अयोध्या में केवल श्रीरामलला का भव्य मंदिर ही नहीं बल्कि देश में चार करोड़ गरीबों के मकान भी मोदी के शासनकाल में बने हैं। योगी आदित्यनाथ ने भरतपुर में रामस्वरूप कोली और सीकर में सुमेधानंद के पक्ष में प्रचार अभियान की कमान संभाली। भरतपुर में योगी ने कहा कि एक तरफ द गार्डियन की रिपोर्ट कहती है कि पाकिस्तान के अंदर चुन-चुन कर आतंकवादी मारे जा रहे हैं। समाज के बोझ यह आतंकवादी मारे ही जाने चाहिए। यह सबकी सुरक्षा के लिए खतरा हैं, लेकिन कांग्रेस अपनी सरकार के समय गरीबों को भूखों मारती थी और आतंकवादियों को बिरयानी खिलाती थी।

### अयोध्या आकर दर्शन करने को किया आमंत्रित


सीकर में चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए योगी आदित्यनाथ ने राजस्थान वासियों का आह्वान किया कि चुनाव संपन्न होने के बाद फिर से नई अयोध्या के दर्शन करने आएं। जहां उन्हें त्रेतायुग जैसी अयोध्या का अनुभव होगा। उन्होंने कहा कि महज दो महीने के भीतर अब तक डेढ़ करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने रामलला का दर्शन कर लिया है। यह दर्शाता है कि देश की आस्था को पहले दबाया गया था।

## सुलतानपुर में प्रापर्टी डीलर विजय नारायण की गोली मारकर हत्या

**सुलतानपुर, अमृत विचारः** हाईकोर्ट से जमानत पर छूट कर आए बहुचर्चित डा. घनश्याम तिवारी हत्याकांड के आरोपी विजय नारायण सिंह की रविवार की रात शहर के दरियापुर तिराहे के पास गोली मारकर हत्या कर दी गई। गोली लगने से घायल उसका एक साथी गंभीर हालत में लखनऊ रेफर कर दिया गया है। प्रापर्टी डिलिंग के दौरान साथियों के साथ होटल में चल रही पार्टी के दौरान यह सनसनीखेज वारदात हुई है। पुलिस अधीक्षक सोमेन बर्मा मेडिकल कॉलेज सुलतानपुर पहुंचकर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। खुलासे के लिए तत्काल चार टीमें लगा दी गई है।

दरियापुर के पास स्थित पल्लवी होटल में कुछ प्रापर्टी डीलरों की पार्टी चल रही थी। रविवार की शाम करीब साढ़े आठ बजे आपस में बहसबाजी में उसी में एक ने विजय नारायण सिंह पर गोली दाग दी। साथ में रहे अनुज शर्मा ने इसका विरोध किया तो उसे भी गोली मार कर घायल कर दिया और वहां से भाग निकला।

# उत्तराखंड

## इंजीनियर से एक लाख ठग लिये

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** साइबर ठगों ने खुद को क्राइम ब्रांच का अधिकारी बताकर एक सॉफ्टवेयर इंजीनियर को डिजिटल अरेस्ट किया। ड्रग्स का नाम लेकर डराया और एक लाख ठग लिए। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गुरीपुर जीवानंद लामाचौड़ मुखानी निवासी निखिलेश गुणवंत सॉफ्टवेयर इंजीनियर हैं। उन्होंने पुलिस को दिए शिकायती पत्र में कहा कि बीती 1 अप्रैल को उनके पास फोन आया। फोन करने वाले ने खुद को मुंबई साइबर क्राइम ब्रांच का अधिकारी बताया। बताया कि ताईवान जा रहे एक कोरियर में निखिलेश का आधार कार्ड लगा है। उस कोरियर में मादक पदार्थ एमडीएमए, लैपटॉप व अन्य सामान है। जालसाज ने निखिलेश को मुंबई बुलाया और ठगी कर ली।

## आईआईएम के सहयोग से काशीपुर बनेगा पर्यटन और शिक्षा का हब

**संवाददाता, काशीपुर**

**अमृत विचारः** पौराणिक नगरी काशीपुर को विकसित बनाने के लिए केडीएफ आईआईएम के विशेषज्ञों की मदद लेगा। जानकारों की राय लेकर नए उद्योग स्थापित करने, पर्यटन को बढ़ावा देकर रोजगार के अवसर पैदा करने और शिक्षा का हब बनाने के लिए स्थानीय स्कूलों के प्रबंधन को बेहतर बनाया जाएगा। इससे काशीपुर राज्य के अग्रणी शहरों में अपने आप को स्थापित कर सकेगा।

रविवार को द्रोणसागर स्थित द्रोण पार्क में केडीएफ के अध्यक्ष राजीव घई के नेतृत्व में आईआईएम के अधिकारियों के साथ बैठक हुई। राजीव घई ने बताया कि काशीपुर को हर क्षेत्र में कैसे आगे बढ़ाना है, युवाओं का भविष्य कैसे संवारना है, इस पर आईआईएम के निदेशक कुलभूषण बलूनी, प्रोफेसर विवेक राय, प्रोफेसर डॉ. धीरज के साथ गहन मंथन किया गया। आईआईएम के विशेषज्ञ काशीपुर को विकसित करने के लिए हर संभव मदद करने को तैयार हैं।

बताया कि द्रोणसागर में पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं। इससे कुमाऊं में आने वाले पर्यटक काशीपुर में आ सकेंगे और सकारात्मक अनुभव लेकर लौटेंगे। बताया कि शिक्षा के क्षेत्र में स्थानीय स्कूलों का प्रबंधन आईआईएम की मदद से उच्च स्तर का बनाया जाएगा। जरूरत पड़ने पर स्कूलों के शिक्षकों की ट्रेनिंग कराई जाएगी। स्कूली शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए कोर्स विकसित किए जाएंगे। ताकि यहां के छात्र-छात्राएं भी आईएएस जैसे बड़े कोर्स करेंगे।

## जेब में रखा मोबाइल फटा, युवक घायल

**रुद्रपुर, अमृत विचार :** सिडकुल चौकी इलाके में ड्यूटी जाते वक्त एक श्रमिक की जेब में रखा मोबाइल फट गया। मोबाइल फटने से युवक का पैर झुलस गया और घायल ने जिला अस्पताल पहुंचकर उपचार कराया। पीड़ित ने सिडकुल पुलिस को तहरीर देकर उपभोक्ता फोरम जाने की तैयारी शुरू कर दी है। वार्ड-25 सनसिटी कॉलोनी निवासी महेश पाल सिडकुल की एक कंपनी में कार्यरत हैं। रोजमर्रा की भांति शनिवार को कर्मी कंपनी की बस में बैठकर कंपनी गेट पहुंचा ही था कि अचानक जेब से धुआं निकलने लगा। जब तक कर्मी कुछ समझ पाता तब तक जेब में रखा मोबाइल धमाके के साथ फट गया। मोबाइल फटने से कर्मी का पैर झुलस गया। आनन-फानन में घायल को जिला अस्पताल ले जाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने छुट्टी दे दी।

## ...अभी और षड्यंत्रकारी हैं रडार पर

**बाबा तरसेम हत्याकांड**

**संवाददाता, नानकमत्ता**

**अमृत विचारः** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मंजूनाथ टीसी ने बताया कि बाबा तरसेम सिंह की गोली मारकर हत्या करने के मामले में पुलिस को कुछ और षड्यंत्रकारियों के सुराग मिले हैं। उन्होंने कहा कि दोनों शूटरों पर एक लाख रुपये के इनाम की घोषणा की गई है। उन्होंने कहा कि बाबा की हत्या के मामले में हत्यारों के साथ ही हर षड्यंत्रकारी पकड़ा जाएगा। पुलिस लगातार इस मामले में जांच का दायरा बढ़ा रही है। शीघ्र ही सभी दोषी पकड़े जाएंगे।

**जसपाल पर 10 और सुखदेव पर दो मामले हैं दर्ज :** एसएसपी मंजूनाथ ने बताया कि पकड़े गए षड्यंत्रकारी जसपाल सिंह भट्टी के खिलाफ वर्ष 2006 से अबतक बाजपुर, रुद्रपुर, बिलासपुर रामपुर, बारादरी बरेली, नानकमता में 10 मामले दर्ज हैं। इसमें उत्तराखंड और उत्तर परदेश में हत्या के मामले भी शामिल हैं। उन्होंने बताया कि वर्ष 2011 में जसपाल और सुखदेव बाजपुर से हत्या के मामले में एक साथ जेल जा चुके हैं। यह भी बताया की शूटर अमरजीत और जसपाल सिंह भट्टी फुफेरे भाई हैं और दोनों मूलरूप से सीहोर बिलासपुर के रहने वाले हैं। दोनों 2014 में रुद्रपुर से एटीएम चोरी और पुलिस पर जानलेवा हमले के मामले में जेल जा चुके हैं। दूसरे पकड़े गए आरोपी सुखदेव सिंह के खिलाफ 2011 में बाजपुर और अब नानकमता में मामला दर्ज हैं वहीं पुलिस तीसरे गिरफ्तार परगट सिंह की कुंडली खंगालने में लगी है।


नानकमत्ता में पकड़े गए षड्यंत्रकारियों के साथ पुलिस। ● अमृत विचार

## पति को दूसरी महिला संग पकड़ा

**काशीपुर, अमृत विचार :** पति को दूसरी महिला के साथ रंगे हाथों पत्नी ने पकड़ लिया। आरोप है कि महिला हेल्पलाइन में समझौता होने के बावजूद पति ने पत्नी से मारपीट व जान से मारने की धमकी दी। मामले में पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। आईटीआई थाना पुलिस को दी तहरीर में ग्राम बांसखेड़ाकलां निवासी एक महिला ने बताया कि उसका विवाह बीती वर्ष 2003 को हिंदू रीति रिवाज के साथ काशीपुर निवासी विजेन्द्र चौहान के साथ हुआ था। शादी के कुछ समय बाद जब वह गर्भवती हुई तो पति ने उसके साथ मारपीट की। जिससे उसका गर्भपात हो गया। पीड़िता ने आरोप लगाया कि उसके पति के दूसरी महिला से अवैध संबंध हैं जिससे उसके पति को 10 साल की बेटी भी है।

## कांग्रेस से त्यागपत्र देकर भाजपा में शामिल हुए दिनेश अग्रवाल

**संवाददाता, देहरादून**

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव में स्टार प्रचारक रहे पूर्व कैबिनेट मंत्री दिनेश अग्रवाल ने कांग्रेस छोड़कर रविवार को भाजपा की सदस्यता ले ली। शनिवार को ही उन्होंने कांग्रेस से त्यागपत्र दे दिया था।

दिनेश अग्रवाल लंबे समय से कांग्रेस में थे। कांग्रेस ने उन्हें स्टार प्रचारक बनाया था। शनिवार को लंबे गिले-शिकवों के बाद उन्होंने कांग्रेस को छोड़ था। इधर, दिनेश अग्रवाल ने रविवार को भाजपा के प्रदेश कार्यालय में प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट, पूर्व मुख्यमंत्री रमेश पोखरियाल निशंक, हरिद्वार से भाजपा प्रत्याशी त्रिवेंद्र रावत की मौजूदगी में सदस्यता ली। दिनेश अग्रवाल 1993 और 1996 में उत्तर प्रदेश के समय देहरादून विधानसभा सीट से चुनाव लड़े, लेकिन भाजपा के हरबंस कपूर से हार गए। राज्य बनने के बाद 2002 व 2007 में लगातार दो चुनाव में उन्होंने लक्ष्मण चौक सीट पर भाजपा के नित्यानंद स्वामी को हराया। फिर 2012 में धर्मपुर विधानसभा सीट पर प्रकाश ध्यानी को हराकर कांग्रेस विधायक बने। वह कैबिनेट मंत्री भी रहे थे।

## छुट्टी लिए बगैर जवान घर पहुंचा होगी कार्रवाई

**टनकपुर, अमृत विचार :** नेपाल सीमा पर स्थित कलढुंगा बीओपी में तैनात एसएसबी का तीन दिन से लापता जवान अवकाश लिए बगैर घर ओडिशा पहुंच गया। टनकपुर पिथौरागढ़ जौलजीवी मोटर मार्ग स्थित कलढुंगा बीओपी में एक साल से तैनात 39 साल के हेड कांस्टेबल विवेकानंद मौर्या निवासी ओडिशा के कोरापुट जिले के मुंडागुड़ा, सोमल गुडे गत तीन अप्रैल से लापता थे। जवान को खोजने के लिए एसएसबी की गश्ती टीम ने पूरा बॉर्डर छान मारा लेकिन जवान का कहीं सुराग नहीं लगा था।


## भीमताल झील के सौंदर्यीकरण की उठने लगी मांग

**संवाददाता, भीमताल**

**अमृत विचार :** कोई शक नहीं है कि भीमताल झील जनपद की अन्य झीलों की तरह सुंदर है, पर यह झील रखरखाव के अभाव के चलते खासी पहचान नहीं बना पाई है। अब जबकि शासन स्तर पर झीलों के संरक्षण और रखरखाव के लिए खास धन अवमुक्त किया जा रहा है तो भीमताल झील के सौंदर्यीकरण की मांग भी उठने लगी है।

भीमताल झील का मुख्य आकर्षण का केंद्र इसका टापू है। वहीं झील की विशेष आकृति इसको विशेष पहचान दिलाती है। भीमताल झील के चारों तरफ लगभग दर्जन भर से भी अधिक स्थान ऐसे हैं जिसकी दीवारें झील में समाई हुई हैं वहीं कई स्थान ऐसे हैं जिसकी रेलिंग टूटकर झील में गिरी हुई है। इतना ही नहीं भीमताल के चारों ओर पानी में गंदगी तैरती नजर आती है। झील के पानी को स्वच्छ करने के लिए कोई कार्रवाई नहीं की गई है, जिसके चलते कई स्थानों पर झील के पानी से बदबू भी आती है। वहीं झील के पानी के रिसाव को कम करने के लिए शासन स्तर पर कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। स्थानीय लोगों के मुताबिक झील पर कई परिवारों की आजीविका निर्भर है। ऐसे में भीमताल झील को विशेष रखरखाव की आवश्यकता है।

वहीं कई लोगों ने भीमताल झील का स्वामित्व नगर पालिका को देने की मांग भी की है। इधर निवर्तमान नगर पंचायत अध्यक्ष देवेंद्र चनौतिया बताते हैं कि उनके द्वारा कई बार स्वामित्व दिए जाने की मांग को लेकर उनके कार्यकाल में पत्राचार प्रारंभ किया गया था।



न्यायालय श्रीमान उपजिलाधिकारी महोदय, लखीमपुर खीरी
वाद संख्या 205 सन् 2023 ता. पेशी 16.04.2024
रामश्री बनाम अरविन्द कुमार आदि (1) अरविन्द कुमार (2) अतुल कुमार (3) विजय कुमार (4) रोहित कुमार पुत्रगण शुभकरन लाल निवासीगण घुग्घुलपुर पर. पैला तह. लखीमपुर खीरी (5) रामश्री पत्नी सुरेश कुमार निवासी ग्राम सरैया पर. कस्बा व तहसील मितौली (6) चेतराम पुत्र बाबूराम निवासी ग्राम ढकवा पर. पैला तहसील लखीमपुर खीरी
चूंकि उपरोक्त नामांकित में इस न्यायालय में आवेदन किया है अतएव आपको एतदद्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप इस आवेदन के खिलाफ हेतु संदर्शित करने के लिए 16.04.2024 दिवस को पूर्वान्ह में स्वयं या सम्पर्करूपेण अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपसजात हो और ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा व अवधारित किया जायेगा।
मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुहर सहित आज दिवस 28.03.2024 को निकाली गयी।
न्यायाधीश

आत्मार्थं जीवलोकेऽस्मिन् को न जीवति मानवः ।
परं परोपकारार्थं यो जीवति स जीवति ॥

इस जीवलोक में स्वयं के लिए कौन नहीं जीता ? परंतु, जो परोपकार के लिए जीता है, वही सच्चा जीना है ।


## संपादकीय

# बढ़ती धोखाधड़ी

दक्षिण पूर्व एशिया के कई देशों में हजारों भारतीय संदिग्ध नौकरियों में फंसे हैं। विदेश मंत्री एस.जयशंकर ने शनिवार को कहा कि लाओस में जबरन गैर-कानूनी और खतरनाक काम में फंसाए गए 17 भारतीय कामगार घर लौट रहे हैं। लाओस भारत के विस्तारित पड़ोस का एक हिस्सा है क्योंकि केवल म्यांमार, लाओस को भारत के उत्तर-पूर्व राज्यों से अलग करता है। इससे पहले विदेश मंत्रालय ने कंबोडिया में साइबर धोखाधड़ी के काम में जबरन लगाए गए भारतीयों को लेकर एक परामर्श जारी किया था क्योंकि हजारों भारतीय खुद को म्यांमार और कंबोडिया में फंसा हुआ पाते हैं, जहां उन्हें ऑनलाइन धोखाधड़ी व अन्य धोखाधड़ी करने के लिए मजबूर किया जा रहा है। विदेश मंत्रालय कंबोडियन अधिकारियों के साथ मिलकर ऐसे 250 और म्यांमार से लगभग 30 भारतीयों का पता लगाने और उन्हें बचाने में कामयाब रहा है। पिछले तीन माह में 75 भारतीयों को रेस्क्यू भी किया गया है। साइबर अपराधियों का गिरोह पूरे एशिया में जाल बिछा चुका है। सबसे पहले कंबोडिया में नजर आया। गिरोह भारत व मलेशिया समेत एशियाई देशों के तकनीकी रूप से कुशल युवाओं को निशाना बना रहे हैं। विशेषज्ञ कहते हैं कि जिन लोगों को धोखाधड़ी के जरिए विदेश ले जाया जाता है उन्हें कंबोडिया, म्यांमार और लाओस के जुआघरों में रखा जाता है। एशिया ह्यूमन राइट्स वॉच के उप निदेशक फिल रॉबर्टसन ने हाल ही में कहा कि गिरोहों ने कुशल तकनीक पसंद लोगों को निशाना बनाया है जिनकी नौकरियां महामारी के दौरान चली गई थीं। नई नौकरी पाने को बेताब ये लोग झांसों में आ गए। वास्तव में भारतीय नागरिकों की म्यांमार और कंबोडिया जैसे देशों में नौकरी करने की बेताबी भारत में रोजगार परिदृश्य की गंभीर स्थिति का आईना है।

गौरतलब है 2023 में संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट में उल्लेख था कि लाखों लोगों को साइबर फ्रॉड की दलदल में धकेला गया है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया था कि इनमें से ज्यादातर शिकार एशिया के ही दूसरे देशों से जुड़े हैं। रिपोर्ट कहती है कि साउथ ईस्ट एशिया में इस तरह के साइबर फ्रॉड बढ़ने के पीछे कोविड के दौरान लोगों का घर की चारदीवारी तक कैद होना और ऑनलाइन गतिविधियों पर ज्यादा वक्त गुजारना है। अब धोखाधड़ी वाले कॉल सेंटरों के संचालकों पर कार्रवाई तेज करने की जरूरत है। भारत का अधिकांश आसियान देशों के साथ अच्छा संबंध है, सबको यह सुनिश्चित करना होगा कि ऑनलाइन/फोन घोटालों के बारे में उसकी सलाह हितधारकों के बीच व्यापक रूप से प्रसारित हो। सरकारों के बीच घनिष्ठ समन्वय और सूचनाओं का नियमित आदान-प्रदान अपराधियों को रोकने में प्रभावी हो सकता है।

# 'चिपसेट' इंजीनियरिंग में भारत को मिलेगी बढ़त



रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत्त अधिकारी
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग
आईसीएमआर

> 14 नैनोमीटर से नीचे के साइज़ में चिप बनाने का काम जटिल प्रक्रियाओं की मांग करता है। प्रसंगवश, एक नैनोमीटर एक मीटर का दस लाखवां हिस्सा होता है। सामान्य तरीके से डिजाईन बोर्ड पर चिप का डिजाईन बनाया जाता है फिर इसके नक़्शे को मिनिएचराईज़ अर्थात सूक्ष्माकृति किया जाता है।

विकसित औद्योगिक देशों के साथ सिविलियन और मिलिट्री प्रौद्योगिकी हस्तांतरण के लिए जितने भी समझौते भारत ने किए इनके अंतर्गत हमेशा की तरह उन्नत प्रौद्योगिकी से एक दर्ज़ा नीचे की प्रौद्योगिकी हमें मिली है। ऐसा क्यों होता रहा है और, विदेश से हमें 'अप्रचलित' प्रौद्योगिकी ही क्यों उपलब्ध होती है? टेक्नोलॉजी डेवलपमेंट में हमारा खुद का निवेश उनके मुकाबले में कम होने और प्राइवेट सेक्टर की शुरूआती दौर की अरुचि, इसके कारण हैं। तीन वर्षों में भारत में सेमी-कंडक्टर्स के क्षेत्र में 'मैच्योर-नोड' चिप्स बनाने के लिए करीब दो लाख करोड़ रुपए का निवेश किये जाने के संकेत हैं। प्रारंभिक दौर में 14 नैनोमीटर के मेच्योर चिपसेट बनाए जाएंगे। अभी दुनिया भर में इसकी मांग बनी हुई है क्योंकि अनेक प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक एप्लायेंसिस और डिवाइसेस जैसेकि कार, कंप्यूटर, डिस्प्ले पेनल्स, खिलौने, इंडस्ट्रियल इक्वेप्मेंट, स्मार्ट फ़ोन्स, ऑप्टिकल/इमेज सेन्सर्स, फ़्लैश मेमरी कंट्रोलर्स, माइक्रो कंट्रोलर्स और टीवी के अलावा पॉवर मैनेजमेंट इन्टीग्रेटेड सर्किट्स में इसका इस्तेमाल किया जाता है।

14 नैनोमीटर से नीचे के साइज़ में चिप बनाने का काम जटिल प्रक्रियाओं की मांग करता है। प्रसंगवश, एक नैनोमीटर एक मीटर का दस लाखवां हिस्सा होता है। सामान्य तरीके से डिजाईन बोर्ड पर चिप का डिजाईन बनाया जाता है फिर इसके नक़्शे को मिनिएचराईज़ अर्थात सूक्ष्माकृति किया जाता है। तत्पश्चात सर्किट्स और गेट्स की प्रिंटिंग एक-एक परमाणु को डिपाजिट करने से होती है। चिसेट का आर्किटेक्चर प्रत्येक कार्य के लिए प्रयुक्ति के आधार पर अलग होता है।

टेक्नोलॉजी विकसित करने के लिए बेसिक साइंस और इंजीनियरिंग में 1970 आदि दशक के बाद उन्नत देशों द्वारा निवेश की गई कुल राशि की तुलना भारत से करने लगें तो यह विशाल है। साइंस, टेक्नोलॉजी और इंजीनियरिंग में उनकी सोच के मौलिक होने की वजह असल में यह विशाल निवेश राशि ही है जिसकी आधारशिला द्वितीय विश्वयुद्ध के दौरान सामने आई नई तकनीकी चुनौतियां थीं। इसने उन देशों के वैज्ञानिक समुदाय को मौलिक वैज्ञानिक शोध को ऐसी टेक्नोलॉजी में बदलने के लिए प्रेरित किया जिससे हिटलर जैसी चुनौती का उन्हें फिर से सामना न करना पड़े। सन 1970 के बाद से इन्होंनें अपना रिसर्च आउटपुट विशाल कर लिया जिससे एकदम से स्टेट-ऑफ़-द-आर्ट एवं फ्रंटियर टेक्नोलॉजी विकसित करने की ही नहीं, बल्कि मैन्युफेक्चर करने की कैपेसिटी को भी इन्होंनें उच्चतम स्तर पर पहुंचा दिया। कूटनैतिक संबंधों और फाइनेंसियल रिसोर्सेज ने इन्हें फिर से आपस में भिड़ने और होड़ करने से भी दूर रखा है।

> ताइवान, जापान और चीन जैसे देशों में इलेक्ट्रॉनिक्स के क्षेत्र में बेसिक साइंस और इसमें उन्नति के लिए चिह्नित किए गए नए मैटेरियल्स पर बहुत तेज़ी से शोध हुआ।

उदाहरण के लिए सेमी-कंडक्टर टेक्नोलॉजी क अंतर्गत चिपसेट बनाने की टेक्नोलॉजी अमेरिका में विकसित हुई, लेकिन कुछ देशों ने इसे अंशों में चोरी किया और अब इसी के उन्नत संस्करण बना कर मालामाल हो रहे हैं। इस काम में महारत हासिल करने के लिए तकनीकी ज्ञान में सेंध लगाने वाले देशों को आधी सदी तो खुद को मजबूत करने में लगी ही है। चिप निर्माण में अमरीका के मुकाबले में अब दक्षिण कोरिया, ताइवान और चीन होड़ में इसलिए पहुंच पाए हैं क्योंकि इन्होंनें शुरूआती निर्भरता तो औरों पर दिखाई, लेकिन बेसिक साइंस और मटेरियल रिसर्च में जबरदस्त इन्वेस्टमेंट इन्होंनें खुद किया तो नतीजे सन 2000 तक दिखाई देने लगे। ताइवान इस समय चिप निर्माण टेक्नोलॉजी में अग्रणी देशों में है।

सामरिक और सिविलियन टेक्नोलॉजी में मिनिएचरायिज़ेशन, प्रिसीजन, इज़ ऑफ़ हैंडलिंग, टिकाऊपण और हल्का होने के गुण डाले जाते हैं। इस तरह से कि प्रोडक्ट में 'फटीग' कम हो और हरेक परिस्थिति में, हर समय तब तक काम करे जब तक खंडित ही न हो जाए। मारक क्षमता या कार्यक्षमता और कुशलता पहले के मुकाबले में ऑप्टो-इलेक्ट्रॉनिक्स तकनीकों के समावेश से 10 गुणा तक बढ़ा दी गई है। नए मटेरियल, ऑप्टिक्स और इलेक्ट्रॉनिक्स में मिनिएचरायिज़ेशन से निर्मित चिपसेट लगाए जाने से यह कमाल संभव हुआ है। भारत ने इस दिशा में तीन-चौथाई दूरी तो तय कर ही ली है। लेकिन बहुत चिंता अमरीका के 'ब्यूरो ऑफ़ इंडस्ट्री एंड सिक्यूरिटी' के निर्देशों और चीन के मन्सूबों को लेकर होती है जिनका परोक्ष प्रभाव उन देशों पर ही पड़ता है जिनके यहां 14 नैनोमीटर साइज़ तक की 'लिगेसी' या 'मैच्योर-नोड' चिप्स चीन से आयात की जाती हैं और इक्विपमेंट और डिवाइसेस में फिट की जाती हैं। अमरीका के उक्त ब्यूरो ने 18 जनवरी 2024 को इस बारे में ताज़ा निर्देश जारी किए हैं जिससे भारत में उलझन इसलिए पैदा नहीं होगीं क्योंकि हमने चीन की नहीं बल्कि ताइवान की कंपनी मीडिया-टेक से इस बारे में बातचीत की है जो भारत में बनाई जाने वाली मेच्योर नोड चिप्स के लिए बड़ा खरीदार हो सकती है।

विदेशी मूल की और यहां की बड़ी कंपनियों में टेक्नोलॉजी विकास के लिए आरएंडडी और निर्माण के स्तर में गैप को कम किए जाने की कवायद मीडिया-टेक के आगमन से शुरू हुई है, जैसे कि दूसरी-तीसरी पीढ़ी हमारे यहां है तो उच्चतम स्तर पर उनकी यह पांचवीं पीढ़ी हो सकती है। कंप्यूटर्स और मोबाइल कम्युनिकेशन गैजेट्स में ऑपरेटिंग सिस्टम्स और एप्लीकेशन्स 10 साल के भीतर संख्या और कार्यक्षमता के हिसाब से 1 से सौ-गुणा के अनुपात में समृद्ध हुए हैं। 'टेक्नोलॉजी डिनायल' या 'नॉन-शेयरिंग और एक्सपोर्ट रेजीम' के बरअक्स डिफेंस, स्पेस और एटॉमिक एनर्जी जैसे संवेदनशील क्षेत्रों में विदेश में स्थापित 'कन्जोर्शियम' में संबंधित मुल्कों की उन्नत वैज्ञानिक प्रयोगशालाओं में जिन तकनीकों और सिस्टम्स को अगली पीढ़ी के लिए विकसित कर लिया गया, उन्हें हमें सिविलियन और कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स में प्रयोग करने के लिए भी नहीं दिया जाता। बेसिक रिसर्च में बेहतरीन समझ रखने के बावजूद हम इस ज्ञान पर आधारित टेक्नोलॉजी प्रोडक्ट्स - जैसे कि मोबाइल फोन और डिजिटल कैमरा, कंज्यूमर गैजेट्स और एंटरटेनमेंट के क्षेत्र में लार्ज स्केल पर डिवाइसेस बना कर उपलब्ध नहीं करवा पाए। बेशक हमने सेमी-कंडक्टर इंडस्ट्री में आरएंडडी में काम किया है, लेकिन वह औरों से 15-20 वर्ष पीछे के स्तर का है। भारत को स्पेस और एटॉमिक एनर्जी एवं रक्षा क्षेत्र के लिए वांछित एडवांस्ड टेक्नोलॉजीज को इसीलिए खुद ही रिसर्च, डेवलपमेंट और टेस्टिंग करने के बाद देश में निर्मित करना पड़ा।

ताइवान, जापान और चीन जैसे देशों में इलेक्ट्रॉनिक्स के क्षेत्र में बेसिक साइंस और इसमें उन्नति के लिए चिह्नित किए गए नए मैटेरियल्स पर बहुत तेज़ी से शोध हुआ। 'चिप' विकास और निर्माण में टेक्सास इंस्ट्रूमेंट्स, आईबीएम और अमेरिकन टेलीग्राफ एंड टेलीफोन कंपनियों के बाद चीन और ताइवान की कंपनियों ने सन 1990 के बाद से आश्चर्यजनक स्पीड से विश्व मार्किट का काफी हिस्सा पकड़ा। भारत में बीईएल, ईसीआईएल, सीडीआईएल, इंडिया और सेमी कंडक्टर काम्प्लेक्स लि. मोहाली ने अभी तक इलेक्ट्रॉनिक्स में डिवाइसेस के लिए 14 नैनोमीटर से नीचे की 'चिप' डिजाईन और फैब्रिकेशन क्षेत्र में प्रवेश नहीं किया है।

डिफेन्स रिसर्च एंड डेवेलपमेंट आर्गेनाइजेशन, इसरो और बीएआरसी अपने मैंडेट के अनुसार इलेक्ट्रॉनिक्स में इंस्ट्रूमेंटेशन के अलावा कंट्रोल एंड गाइडेंस सिस्टम्स का विकास बीईएल और इलेक्ट्रॉनिक्स कारपोरेशन के जरिये से करते हैं। सिविलियन उपयोग के लिए भी इन संस्थानों ने बेहतरीन टेक्नोलॉजी और गैजेट्स जारी किए हैं। उन्नत देशों ने डिफेंस और स्ट्रेटेजिक इलेक्ट्रॉनिक्स कल-पुर्जों और ड्यूल-यूज़ इलेक्ट्रॉनिक्स आइटम्स के निर्यात पर प्रतिबंध लगा रखा है। बेसिक रिसर्च को कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स एंड टेक्नोलॉजी में कन्वर्ट करने की हमारी समस्या जल्द दूर नहीं होती दिखती, भारत में कुछ कंपनियां पिछली पीढ़ी के मेच्योर नोड चिप सन 2024 के दिसंबर महीने में बनाना शुरू कर देंगी जिससे चिप निर्माण में शुरूआती दौर के मूल्यवान अनुभव मिलने से कुछ वर्षों में 14 नैनोमीटर से नीचे 4 नैनोमीटर साइज़ की चिप बनाने की दक्षता हासिल करने में भारत के लिए मुश्किल न होगा। यह महत्वपूर्ण बढ़त तो होगी है लेकिन 1 नैनोमीटर साइज़ के सिलिकॉन 'ड्रीम-चिप' को संभव बनाने की दिशा में इस समय तजुर्बे चल रहे हैं उस तक हमें पहुंचने में शायद 15 बरस का समय और लगेगा। फिलवक्त अमरीका की आईबीएम कंपनी ने 2 नैनोमीटर साइज़ की चिप तैयार करने में कामयाबी हासिल कर ली है।

## प्रसंगवश

# गुलाम कश्मीर में विदेशी दखल



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस


कश्मीर का एक भाग पाकिस्तान के अधिकार में है, जिसे हम गुलाम या पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर कहते हैं। पाकिस्तान उसे आज़ाद कश्मीर कहता है। स्वतंत्रता प्राप्ति के समय पाक कबीलाइयों ने कश्मीर पर हमला कर दिया था और इसे बल पूर्वक कब्जियाना चाहा था।

हमारी सेना ने जवाबी कार्यवाही करके इसका बड़ा भाग, जो इस समय हमारे कब्जे में है, मुक्त करा लिया था। शेष भाग भी मुक्त हो जाता, किंतु नेहरू ने युद्ध रोक दिया और प्रकरण संयुक्त राष्ट्र संघ ले गए। इस तरह यह विवादित हो गया। वहां यह तय पाया गया था कि जनमत संग्रह करा लिया जाय और उसके अनुसार इसका प्रभुत्व तय हो। यह निर्णय भारत के गले की हड्डी बना रहा। हालांकि बाद में, कुछ ठोस आधार बताकर भारत इस जनमत संग्रह के फैसले से पीछे हट गया। अलबत्ता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा अपने दूसरे कार्यकाल के प्रारंभ में अपने कब्जे वाले कश्मीर से संबंधित धारा 370 हटाने व तत्परिणामी परिवर्तन करने से पाक चीन तो बौखलाए ही,पश्चिमी देश भी असंतुष्ट हुए। अब जब भारत में लोकसभा चुनाव हो रहे हैं और सत्तारूढ़ दल इस 370 को हटाने और विगत में पाक पर की गई सर्जिकल स्ट्राइक को चुनाव में भुनाने की जुगत कर रहा है, तो पश्चिम इसे मलिन करने के यत्न में है। वह गुलाम कश्भीर में अपनी चहल कदमी बढ़ा रहा है। अब खबरें आई हैं कि ब्रिटेन और अमेरिका के सैन्य अधिकारियों ने इस पाक अधिकृत कश्मीर का दौरा किया।

यह गतिविधियां क्या कह रही हैं? एक ओर भाजपाई प्रचार तंत्र मोदी को वैश्विक नेता कहता रहता है और यह ज़ाहिर करता है कि बड़ी विश्व शक्तियां मोदी के सामने झुक रही हैं; दूसरी तरफ हम यह देख रहे हैं कि विश्व शक्तियां भारत की पोज़ीशन पतली कर रही हैं।

आरएसएस तो अखंड भारत का लक्ष्य बनाए रहा है। अमेरिका,ब्रिटेन तो शक्तिशाली सैन्य संगठन नाटो के सदस्य हैं। चीन तो हमारा चिर और सबल शत्रु है ही। तो आखिर क्या हम नारों और भाषणों के ही वीर बने रहेंगे। यह खुला विदेशी हस्तक्षेप कैसे बढ़ता जा रहा है? हमें सोचना होगा कि भूल कहां हो रही है।

# सबके अपने-अपने इतिहास



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

> फिर भी यह सच है कि वह इतिहास हमारी सामूहिक-चेतना में विद्यमान है। मनुष्य की प्रेरणा भी तो उसी इतिहास में निहित है।

सत्ता कुचक्री होती है भेदभाव को स्थायी बनाने के लिए सत्ता इतिहास की ऐसी व्याख्या को प्रोत्साहित करती है,जिसे पढ़कर कच्चा मन एक दूसरी जाति से नफरत करे। लोकजीवन की एकता को खंड-खंड करना उसका अभीष्ट होता है, सत्ता को जनता की एकता से डर लगता है इसके लिए सत्ता जनता को विभक्त करती है, बांटती है। इस कार्य में मदद करने के लिए वह विद्वानों को उपकृत करती है।

वे इतिहासकार, जो सत्ता से ही पुरस्कृत और प्रेरित होते हैं, सत्ता के गीत गाते हैं , उन्हें जनता के इतिहास का क्या करना है? इतिहास मनुष्य के मस्तिष्क को प्रभावित तो करता ही है और इस लिए राजसत्ता हर बार अपने अनुकूल इतिहास लेखन का कार्य कराती है। विवाद पैदा करती है, विवाद को अवसर बना लेती है। सत्ता के सिंहासन को स्थिर करने का प्रयास करती है। जो मन इतिहास ग्रस्त हो चुके हैं, वे इतिहास को जीवन भर ढोते रहने को विवश और बाध्य हैं. संसार के इतिहास में क्रूरता की कहानियां भी हैं, संसार के इतिहास में घृणा की कहानियां भी है, ऐसे इतिहास का उद्देश्य होता है - उन कहानियों से मनुष्य के मन मस्तिष्क को क्रूरता और नफ़रत से भर देना।

भारत के इतिहास में किसी ने बाहर से आए लोगों को खोजा, किसी ने वर्ण को खोजा, किसी ने वर्ग को खोजा, किसी ने युद्ध को खोजा, किसी ने राजा-रानी को खोजा, किसी ने धर्म मजहब को खोजा । राजनैतिक-मतवाद की पुष्टि करने के लिए जिस इतिहास के खेत में जाति और मजहब- वैमनस्य के जहर की खेती की। सचमुच वह इतिहास बहुत निष्ठुर है, दोगला है । इतिहास वर्ग की चीज है। वर्ग स्वार्थ से प्रेरित है। इतिहास के नाम पर अपने अपने हिसाब चुकता किए जा रहे हैं, कोई किसी से दुश्मनी निकाल रहा है, कोई किसी से। सबके अपने अपने इतिहास हैं। इसीलिए हिन्दूमन, मुस्लिममन, ब्राह्मण-मन, शूद्रमन, धार्मिकमन और धर्मनिरपेक्षमन जैसे भेद-विभेद पैदा होते हैं ।,कहानी है - तूने न सही तेरे बाप ने पानी जूठा किया होगा? अब इसी का आधार बना कर उन्होंने इतिहास रच दिया।

देश के भिन्न-भिन्न जन-समूहों और जनपदों को न देखा और न जाना और आप भारत के इतिहास पर फतवे सुना रहे हैं? इतिहास के दस फीसदी तथ्य भी हमारे सामने नहीं है, और आप ने फैसला भी सुना दिया? इतिहास की बातें बड़ी दगाबाज होती हैं, सबके अपने अपने इतिहास हैं। इतिहासकारों ने इतिहास लिखे हैं, अपने-अपने दृष्टिकोण से लिखे हैं, लोक के साथ आज भी कितने हैं ? किस इतिहासकार ने लोकजीवन में पैंठ कर के इतिहास लिखा है । जनता का इतिहास किसने लिखा है? कोई क्यों लिखे? सत्ता का इतिहास लिखने से लाभ होगा.

फिर भी यह सच है कि वह इतिहास हमारी सामूहिक-चेतना में विद्यमान है। मनुष्य की प्रेरणा भी तो उसी इतिहास में निहित है। हां , यदि वह समन्वय सिखाता है तो वह अवश्य ही मनुष्य-जीवन को गतिशील बना सकता है । इतिहास को हम इसलिये पढें , इसलिए रचें , इसलिए उसकी व्याख्या करें कि वर्तमान को शक्ति मिल सके । लेकिन उसके लिए सत्ता का नहीं लोकसत्ता का इतिहास लिखना होगा । पहले यह तय करना होगा कि सबके साथ रहना है कि सबको सबसे लड़ना है और सबको सबसे लड़ाना भी है। यदि लड़ना ही है लड़ाइयों का इतिहास बना बनाया है ही। मिल कर रहना है तो जनता का इतिहास लिखना होगा। जनता का इतिहास किसने लिखा है ?

जो है वह सत्ता का इतिहास है। सामान्य-मनुष्य अथवा लोकजीवन को किसने खोजा? इतिहास में दायरे खोजने से दायरे ही मिलने थे। सामान्य मनुष्य की सामान्यता दायरों से बाहर है। धर्म, वर्ग, वर्ण, ऊंच नीच, राजा-रंक ऊपर के छिलके हैं,उपाधियां हैं। उनके भीतर जो मनुष्य है,आप यों कहें-मनुष्य के भीतर का मनुष्य।

कोई इतिहास अंतिम नहीं है, इतिहास की व्याख्या हर युग में होती रही है और होती रहेगी। विचारशील मित्र जानते हैं कि केवल फौज और हथियारों से शासन नहीं हो सकता , उसके लिए सैद्धांतिक आवरण अनिवार्य हैं। इतिहास हो या कोई वाद हो, ये सब उसके आयुध हैं।

## सोशल फोरम

# अनुशासित जापान से वापसी



शैलेन्द्र प्रताप सिंह
से.नि., पुलिस महानिरीक्षक

बहुत ही तेज कदमों से भागते, साफ सुथरे, बिना ज़रूरत के न बोलने वाले अनुशासित जापान से चलकर रात करीब 9 बजे भवाली आ धमका। दिल्ली से बरेली डिब्रूगढ़ राजधानी से आया पर राजधानी जैसी ट्रेन बरेली तक करीब 250 कि मी का सफर 4.30 घंटे में मात्र 35 मिनट देरी से, कमोड की सीट टूटी फूटी, बाथरूम की फर्श में पानी भरा, एसी कूपे का दरवाज़ा ख़राब। लगा अपने असली हिंदुस्तान आ गए। यह तो अच्छा रहा सामने एक पढ़ी लिखी लड़की ने शिकायत दर्ज की, कुछ लोग आए, कुछ जुगाड़ किया । कूलिंग बढ़ाई। राहत मिली। पर बस जुगाड़।

थोड़ी देर में एक सफ़ाई वाला क़रीब एक बोरा कूड़ा बुहारता हुआ बग़ल से निकला । लगा जहां जापान में मुझे कहीं कूड़ा नहीं दिखा, हम भारतीय दिन में कई बार एक एक डिब्बे मे कूड़ा सीट के आसपास फेंकते रहते है। गंदगी फैलाना हमारा जन्म सिद्ध अधिकार है। हमने गंगा मां को गंदा और प्रदूषित कर दिया। लगता है नैतिकता, अनुशासन, साफ़ सफ़ाई की देवी अब हमसे नाराज़ हो गई है ।

राजधानी ट्रेन की हालात मैं पिछले 25-30 वर्षों में वहीं की वहीं देख रहा हूँ । खैर यह कहने में बुरा लगेगा पर सत्यता यही दिखती है कि इस रफ़्तार से हम शायद ही कभी जापान की ट्रेनों की रफ़्तार, उनकी सफ़ाई, उनकी समय की पाबंदी की बराबरी की भी सोच सके।

जापान की प्रत्येक व्यक्ति जीडीपी भारत की तुलना में क़रीब सात गुना ज़्यादा है, मतलब पैसे की सप्लाई ज़्यादा तो चीजों के दाम भी ज़्यादा । भारतीय के लिये इस कारण जापान बहुत महंगा देश। दिल्ली स्टेशन के नंबर एक प्लेटफ़ार्म पर एक जलपान गृह में मशीन से बनी 10 रूपये की काफ़ी जापान की क़रीब चार सौ रूपये कि काफ़ी पर भारी लगी , यह सुखद लगा । मैंने पचास रूपये में गरमागरम छोले चावल का भी सुख लिया । मुझे ढाबों का, छोटे रेस्टोरेंट का गरमागरम भारतीय खाना, फ्रिज किये गए पांच सितारा होटल के भोजन से स्वादिष्ट लगता है। भवाली पहुंचकर करीब 8- 9 दिन बाद रोटी मिली , मज़ा आया ।

**-फेसबुक वॉल से**

# मतदान से ही निकलेगा समस्याओं का समाधान



अमृता पांडे
स्वतंत्र लेखिका, हल्द्वानी

> 'कोउ नृप होय, हमें का हानि' इस तरह के विचारों से उद्वेलित होकर आम नागरिक शायद खुद ही लोकतंत्र पर प्रहार करता है।

उत्तराखंड में 19 अप्रैल को मतदान होना है। सरकारें हमेशा से पर्वतीय क्षेत्रों में रहने वाले लोगों के धैर्य की परीक्षा लेती रही हैं। पिछले कुछ वर्षों से पहाड़ की तरफ जाते हुए दूर के गांवों तक सड़कों का जाल बिछा तो दिखता है लेकिन पलायन की ऐसी हवा चली है कि लंबे समय से प्रतीक्षा कर हताश हुए लोग इन जगहों को वीरान छोड़कर शहर की ओर चले गए हैं। कई सीमांत जिलों में शिक्षा, स्वास्थ्य और परिवहन के अभाव में लोग पलायन कर गए हैं। जगह-जगह स्कूल और कॉलेज खुल गए हैं मगर पढ़ाने वाले शिक्षक और धूप बारिश से बचाने वाली इमारत नहीं है। आज भी गांव में बीमार या गर्भवती को अस्पताल तक पहुंचाने के लिए परिवहन की पर्याप्त व्यवस्था नहीं है, कई जगह डोली का सहारा लिया जाता है। पौड़ी, चंपावत, अल्मोड़ा समेत कई जिलों से भारी पलायन हुआ है और यह जनसंख्या पहले से ही हांफते, दम घुटते देहरादून,ऋषिकेश, हल्द्वानी जैसे शहरों के आसपास बस कर रह गई क्योंकि लोगों को लगता था कि इन क्षेत्रों में बच्चों को रोजगार के कुछ अवसर तो जरूर मिलेंगे।

जनता की परेशानियों से संबंधित अधिकतर मुद्दे वही हैं जो स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद से उठ रहे हैं। शिक्षा, स्वास्थ्य, परिवहन जैसी समस्याएं आजादी के बाद भी थी और आज भी पूरी तरह हल नहीं हुई हैं। गौर करने वाली बात यह है कि राजनीतिक पार्टियां अपने चुनावी मुद्दे तो बना लेती हैं लेकिन इन समस्याओं का समाधान किसी भी पार्टी की प्राथमिकता नहीं होती। नैनीताल, उधम सिंह नगर लोकसभा सीट की बात अगर करें तो यह एक महत्वपूर्ण सीट है जहां पर विकास और समाधान के कई अवसर हैं लेकिन बढ़ती आबादी की मार ने समस्याओं को जस का तस बनाकर रख दिया है। नैनीताल के पहाड़ी क्षेत्र से लेकर भावर और तराई का क्षेत्र मानव और वन्य जीव संघर्ष से लंबे समय से प्रभावित रहा है। आबादी से लगे जंगल क्षेत्र में वन्यजीवों का आतंक है।

बढ़ती आबादी ने पेयजल संकट को बढ़ावा दिया है। भवन निर्माण का लगातार विस्तार हो रहा है जिसके कारण पानी के प्राकृतिक स्रोत सूख रहे हैं। विकास के नाम पर खुले रिसॉर्ट और होटलों के पास अपने ट्यूबवेल हैं जिससे सार्वजनिक जल व्यवस्था लड़खड़ा गई है। शहरों में वर्षों पुरानी पाइपलाइन पड़ी हैं, जिनमें सीवर युक्त गंदा पानी आने की खबरें आए दिन समाचारों में पढ़ते रहते हैं। हल्द्वानी में आईएसबीटी का मुद्दा प्रमुख है। सरकारों की तनातनी के बीच यह मामला कई वर्षों से अधर पर लटका है। हाई कोर्ट नैनीताल से शिफ्ट किया जाना भी एक महत्वपूर्ण मुद्दा है। करोड़ों रुयपों की लागत से हल्द्वानी के गोलापार क्षेत्र में अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम बन कर तैयार हुआ लेकिन खेल गतिविधियां वहां पर भी नहीं के बराबर हैं। इस क्षेत्र में एक लॉ विश्वविद्यालय खोले जाने की भी मांग थी जो शिलान्यास होने के बावजूद खटाई में पड़ा हुआ है। जमरानी बांध का मुद्दा तो वर्षों से लटका हुआ है। स्थायी राजधानी के मामले को ही ले लें, किसी भी दल की रुचि इसमें नहीं है इसीलिए आज तक समाधान नहीं हो सका।

यूं भी चुनाव को लोकतंत्र का उत्सव कहा जाता है। लेकिन आज लोगों में उदासीनता देखने को मिल रही है। 'कोउ नृप होय, हमें का हानि' इस तरह के विचारों से उद्वेलित होकर आम नागरिक शायद खुद ही लोकतंत्र पर प्रहार करता है। शायद जनता की उदासीनता ही कारण है कि चुनाव चाहे प्रदेश के हो या लोकसभा चुनाव, उत्तराखंड का चुनाव प्रतिशत 70 के पार कभी नहीं जाता। विभिन्न गीतों, पोस्ट और बैनरों के माध्यम से लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करने की गतिविधियां चल रही हैं। मतदान का बहिष्कार न कर वोट को अपना हथियार बनाने की बात भी कही जा रही है लेकिन दशकों से आश्वासन झेलती जनता भी समझती है कि वोट को हथियार के रूप में इस्तेमाल करना बहुत ही मुश्किल है। इसीलिए समय समय पर जनता अपने-अपने मसलों को लेकर एक समूह के रूप में सड़क पर उतर आती है और अपनी समस्याओं के समाधान की बात कहती है। ऐसा न होने पर मतदान का बहिष्कार करने की चेतावनी भी देती है। मगर सच्चाई तो यह है कि कुछ लोगों द्वारा चुनाव का बहिष्कार करने से समस्या का समाधान नहीं निकलने वाला। पहले के समय में राजनीतिक पार्टियां कम थी, जनप्रतिनिधियों में भी एक समर्पण की भावना थी। जनता में अपने नेता की एक झलक पाने की इच्छा दिखाई देती थी। नेताओं द्वारा दिए गए भाषणों में गरिमा और वचनबद्धता होती थी। आज की तरह अमर्यादित भाषा का प्रयोग नहीं किया जाता था।

एक समय था जब मतदान को लेकर लोगों में बहुत उत्साह देखा जाता था। बीते तीन-चार दशकों से चुनावी माहौल में भी बहुत अधिक फर्क आया है। उत्तराखंड के पर्वतीय क्षेत्रों में मतदान का माहौल कुछ ठंडा सा नजर आ रहा है, हालांकि मैदानी क्षेत्र में सरगर्मियां में बढ़ गई हैं। मैदानी क्षेत्रों में महिलाओं में थोड़ा बहुत उदासीनता देखने को मिले लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों को आज भी महिलाओं ने संभाल रखा है और किसी भी प्रत्याशी के भाग्य का निर्णय मुख्यतः वहां की महिलाएं ही करेंगी।

## आपका पत्र

### हर प्रत्याशी जारी करे संकल्प पत्र

जिस तरह हर राजनीतिक दल अपना चुनावी घोषणा पत्र/ संकल्प पत्र जारी करता है, उसी प्रकार हर प्रत्याशी को भी चुनावी घोषणा पत्र/ संकल्प पत्र जारी करना अनिवार्य होना चाहिए कि वह अपनी लोकसभा क्षेत्र में क्या-क्या सुविधाएं अगले पांच सालों में विकसित करेगा। किन किन समस्याओं को हल करेगा।

भारत में कई संसदीय क्षेत्र ऐसे हैं जहां उचित विकास नहीं हुआ सालों से समस्याएं बरकरार है। हर लोकसभा प्रत्याशी को नामांकन पत्र दाखिल करते समय क्षेत्र के विकास का रोडमैप भी देना चाहिए ताकि जनता आश्वस्त हो कि वह जिसे वोट देंगे वह सांसद उनके क्षेत्र में सड़क, बिजली, पानी, की समस्या हल करेगा। जिले में औद्योगिक विकास कैसे होगा। लोकसभा क्षेत्र में पुल कहां-कहां बनवाएगा। मेरा यह भी मानना है। यदि कोई भी सांसद जीतने के बाद अपने चुनावी घोषणा पत्र, संकल्प पत्र में किए गए वादों को पूरा करने में सफल नहीं होता है तो उसको अगली बार चुनाव लड़ने से वंचित कर दिया जाना चाहिए। मेरा यह भी मानना है एक व्यक्ति को तीन बार से ज्यादा सांसद पद पर आसीन नही रहना चाहिए ताकि युवाओं को भी मौका मिलता रहेगा।

**-अनुज अग्रवाल,**
सीईओ, बीमा घर

### प्रदेश की 12 लोस सीटों को लेकर भाजपा में असमंजस, मुख्तार की मौत से बदले हालात में गाजीपुर का किला फतह करना चुनौती

# पत्नी के पक्ष-विपक्ष में जोर आजमाइश तो कहीं समीकरण बैठाने में देरी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** प्रदेश में चुनाव प्रचार और तैयारी में विरोधियों से काफी आगे निकल रही भाजपा में अभी भी 12 लोकसभा सीटों पर प्रत्याशी को लेकर असमंजस बरकरार है।

कैसरगंज में पत्नी और बेटे को टिकट देने का विरोध करते हुए बृजभूषण खुद लड़ने पर अड़े हुए हैं तो इलाहाबाद सीट पर औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता 'नन्दी' अपनी पत्नी व प्रयागराज की पूर्व महापौर अभिलाषा गुप्ता को टिकट दिए जाने के लिए एड़ी चोटी का जोर लगा रहे हैं। उधर, माफिया डॉन मुख्तार अंसारी की मौत से बदले हालात में गाजीपुर का किला फतह करने वाला चेहरा तय करना भी चुनौती बन गया है।

भाजपा ने अभी तक प्रदेश की 63 लोकसभा सीटों के लिए प्रत्याशी घोषित कर दिया है। इसमें पांच सीटें अपने सहयोगी दलों के लिए छोड़ी गई है। जबकि बची हुई 12 सीटों के लिए प्रत्याशी की घोषणा करने को लेकर असमंजस का दौर दूर नहीं हो पा रहा है। इन सीटों में कांग्रेस का गढ़ कही जाने वाली रायबरेली सीट भी है, जहां भाजपा के लिए वर्ष 1999 से कोई जीत का स्वाद नहीं चख सका है।

भाजपा यहां इंतजार करती दिख रही है कि कांग्रेस के पत्ते कब खुलेंगे। प्रियंका गांधी खुद अपनी मां सोनिया गांधी की विरासत संभालेगी या उनके पति रॉबर्ट वाड्रा। दोनों का नाम चर्चा में है। फिलहाल रायबरेली सीट पर सोनिया गांधी का उत्तराधिकारी कौन होगा? इसे लेकर कांग्रेस सस्पेंस बनाए हुए है।

भाजपा की रायबरेली जैसी ही हालत मैनपुरी सीट को लेकर है। यहां भाजपा कभी जीत नहीं सकी है। मिशन-80 की तैयारियों में जुटी भाजपा इस बार सपा को उसके गढ़ में घेरना चाहती है। मैनपुरी से सपा प्रमुख अखिलेश यादव की पत्नी डिंपल यादव प्रत्याशी हैं। इनके सामने कौन मोर्चा संभालेगा? भाजपा में इस पर मंथन जारी है। हालांकि मैनपुरी में शाक्य मतदाताओं की बड़ी तादाद को देखते हुए इसी बिरादरी के पार्टी के एक बड़े नेता को चुनाव लड़ाए जाने की चर्चाएं तेज है। भाजपा सरकार के एक मंत्री पहले की लड़ने से इंकार कर चुके हैं। चुनावी जंग के लिए पार्टी किसे सूरमा बनाती है, इसका विपक्ष को भी इंतजार है। पड़ोस की फिरोजाबाद सीट के लिए भी दमदार प्रत्याशी की तलाश हो रही है।

कैसरगंज सीट को लेकर भी ऊहापोह की स्थिति है। यहां के वर्तमान सांसद और भारतीय कुश्ती संघ के अध्यक्ष रहे बृजभूषण शरण सिंह का महिला पहलवानों से विवाद के बाद उनके बेटे या पत्नी को टिकट देने की चर्चाएं थी, लेकिन बृजभूषण खुद चुनाव लड़ने पर अड़े हुए हैं। ऐसे में देखना होगा कि ऊंट किस करवट बैठेगा।

#### कौशांबी, इलाहाबाद और फूलपुर को लेकर पेच फंसा

कौशांबी, इलाहाबाद और फूलपुर सीटों के प्रत्याशियों को लेकर भी पेच फंसा हुआ है। इलाहाबाद सीट पर औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता 'नन्दी' अपनी पत्नी व प्रयागराज की पूर्व महापौर अभिलाषा गुप्ता को टिकट दिए जाने के लिए एड़ी चोटी का जोर लगाए हैं लेकिन पार्टी के ही एक बड़े नेता इसका विरोध कर रहे हैं। गाजीपुर सीट भाजपा पिछले लोकसभा चुनाव में हार गई थी। मुख्तार अंसारी की मौत के बाद गाजीपुर में परिस्थितियां तेजी से बदली हैं और यहां का राजनीतिक तापमान अचानक बढ़ गया है। ध्रुवीकरण की संभावना के दृष्टिगत भाजपा यहां अपनी रणनीति पर पुनर्विचार कर रही है। यहां बलिया में क्षेत्र के पूर्व सांसद नीरज शेखर समेत कुछ और नामों पर पार्टी विचार कर रही है।

# रामजन्मभूमि के लॉकर से 14 मोबाइल और नकदी गायब

### आंध्र के श्रद्धालुओं ने दो बैग में रखकर किया था सामान जमा

अयोध्या, कार्यालय

**अमृत विचार:** रामजन्मभूमि मंदिर स्थित लॉकर से पहली बार मोबाइल और नकदी चोरी होने का मामला प्रकाश में आया है। आंध्र प्रदेश निवासी श्रद्धालु की प्रदेश सरकार और श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट से गुहार के बाद रामजन्मभूमि थाना पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

आंध्र प्रदेश के 140 श्रद्धालुओं का एक दल मार्च माह के अंतिम सप्ताह में धार्मिक पर्यटन के लिए निकला था। विशाखापत्तनम के दुर्गानगर अरिलोवा कॉलोनी निवासी के गनेश्वरी का कहना है कि वह लोग 31 मार्च को अयोध्या पहुंचे। दूसरी पहर रामलला के दर्शन करने के लिए राममंदिर गए थे। दल में शमिल श्रद्धालुओं का 14 मोबाइल और एक-दो हजार रुपये दो बैग में रखकर साढ़े चार बजे रामजन्मभूमि के लॉकर नंबर 12 में जमा किए थे। रामलला के दर्शन करने के बाद सभी लौटे और अपना गुलाबी व बिस्कुट रंग का बैग लेने पहुंचे तो सारा सामान गायब और लॉकर खाली मिला। सीसीटीवी फुटेज खंगलवाया तो एक शख्स लॉकर नंबर 12 से उनके दोनों बैग निकालकर जाते दिखा। पीड़ित का कहना है कि दोनों बैग में कुल 11 स्मार्टफोन व तीन कीपैड फोन थे।

- प्रदेश सरकार और ट्रस्ट से गुहार के बाद दर्ज हुई रिपोर्ट

#### टाल मटोल करती रही पुलिस



पीड़ित का कहना है कि शहर और इसकी भौगोलिक स्थिति से अपरिचित होने के चलते हम लोग थाने नहीं जा सके और उसी दिन वाराणसी लौट गए। वाराणसी में स्थानीय पुलिस को शिकायत दी लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की और ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराने की बात कहकर वापस भेज दिया। विशाखापत्तनम वापसी की ट्रेन होने के चलते वह लोग वापस चले गए तथा वहां पहुंचकर यूपीकॉप पर चोरी की ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराई। उत्तर प्रदेश सरकार और श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट से कार्रवाई कराने की गुहार की। उनका यह भी आरोप है कि संबंधित अधिकारियों को फोन किया लेकिन कोई मदद नहीं मिली।

## विधायक निधि से भी वंचित हुए विधायक इरफान सोलंकी




**लखनऊ, अमृत विचार:** जेल में बंद कानपुर से सीसामऊ विधायक अपनी विधायक निधि से भी वंचित हो गए हैं। नए कार्यकाल का एक भी पैसा नहीं जारी हो सका है। विधायक की पत्नी ने आग्रह करके फाइल आयुक्त ग्राम्य विकास तक पहुंचाई थी, लेकिन वहां भी विचार नहीं किया गया। बताया जा रहा है कि अब तक करीब पांच करोड़ रुपए की राशि मिलनी थी। विधायक की पत्नी का आरोप है कि क्षेत्र से विकास कार्यों के लिए तमाम अनुरोध आ रहे हैं, लेकिन शासन राशि नहीं जारी कर रहा है।

गौरतलब हो कि सीसामऊ विधायक इरफान सोलंकी विभिन्न आरोपों में विगत 16 महीने से जेल में बंद हैं। इस दौरान विधायक की पत्नी नसीम सोलंकी एवं विधायक प्रतिनिधि ने विधायक निधि की धनराशि जारी कराने के लिए पैरोकारी शुरू की।

# राहुल गांधी 26 के बाद अमेठी से कर सकते हैं नामांकन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



**अमृत विचार:** कांग्रेस नेता राहुल गांधी दूसरे चरण के मतदान के बाद अमेठी से नामांकन कर सकते हैं। बताया जा रहा है इसी रणनीति के तहत कांग्रेस ने अभी तक अमेठी से टिकट घोषित नहीं किया है। इंडिया गठबंधन के तहत कांग्रेस को मिली 17 सीटों में से अब तक 14 प्रत्याशियों की घोषणा की जा चुकी है, जबकि अमेठी रायबरेली व प्रयागराज सीटों पर अभी तक प्रत्याशी घोषित नहीं किए गए हैं। 2019 में हुए लोकसभा चुनाव में राहुल गांधी अमेठी के साथ ही केरल की वायनाड सीट से भी चुनावी मैदान में उतरे थे। पर वह केन्द्रीय मंत्री स्मृति ईरानी से चुनाव हार गए थे।

अमेठी सीट पर 20 मई को पांचवें चरण में मतदान होना है। 27 अप्रैल से यहां नामांकन की प्रक्रिया शुरू होगी। बताया जा रहा है कि कांग्रेस वायनाड क्षेत्र के मतदाताओं को यह संदेश नहीं देना चाह रही है कि राहुल गांधी अमेठी से भी चुनाव लड़ेंगे और जीत पर वायनाड सीट छोड़ देंगे।

कांग्रेस सूत्रों के अनुसार 26 अप्रैल के बाद वायनाड सीट पर मतदान होने के बाद अमेठी सीट पर प्रत्याशी घोषित किए जाने की संभावना है जिसमें राहुल गांधी का प्रत्याशी बनना तय है।

#### दूसरे चरण में कांग्रेस के स्टार प्रचारक

दूसरे चरण की 8 सीटों पर चुनाव प्रचार के लिए 40 स्टार प्रचारक उतरेंगे। तीन प्रचारकों में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मलिकार्जुन खरगे, पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी व राहुल गांधी, प्रियंका, कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव व प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडेय, प्रदेश अध्यक्ष अजय राय, आराधना मिश्रा 'मोना', सलमान खुर्शीद, सुखविंदर सिंह सुख्खू, अशोक गहलोत, प्रमोद तिवारी, सचिन पायलट, निर्मल खत्री, राज बब्बर, पीएल पुनिया आदि नेता शामिल हैं।

## सार-संक्षेप

### सुलतानपुर में भाजपा नेता की करंट लगने से मौत

**सुलतानपुर, एजेंसी:** भाजपा के पिछड़ा मोर्चा के सुलतानपुर जिला मंत्री की रविवार को करंट के चपेट में आने से मौत हो गई। जिले के कादीपुर कोतवाली के अंतर्गत ग्राम सभा कोटिया निवासी रामचंद्र यादव (50 वर्ष) पुत्र राम नायक यादव के घर में छत पर निर्माण कार्य चल रहा है। उसी को लेकर वे अपने मकान की दीवार को तरी कर रहे थे तभी करंट दीवार पर उतर गया और वह उसकी चपेट गए। लोगों की मदद से उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कादीपुर लाया गया। जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। वह भाजपा मंडल कादीपुर के मंडल मंत्री और सुल्तानपुर पिछड़ा मोर्चा के जिला मंत्री थे।

### 12वीं के छात्र की गोली मारकर हत्या

**सहारनपुर, एजेंसी:** जिले के नकुड़ क्षेत्र में 12वीं कक्षा के एक छात्र की गोली मारकर हत्या कर दी गई। अपर पुलिस अधीक्षक (देहात) सागर जैन ने रविवार को बताया कि नकुड़ थाना क्षेत्र के सहसपुर जट गांव के निवासी किसान जोगिन्दर सिंह के बेटे और 12वीं के छात्र आदित्य (19) को शनिवार रात दो युवक उसके घर से बुलाकर मोटरसाइकिल से अपने साथ ले गए थे, वह जब देर रात तक नहीं लौटा तो परिजनों ने उसे फोन किया लेकिन उसका फोन बंद था। जैन ने बताया कि छात्र के परिजन ने बहुत कोशिश की लेकिन आदित्य का कुछ पता नहीं चला। रविवार सुबह उसका शव एक खेत के पास पाया गया, खेतों में जा रहे कुछ किसानों ने शव देखकर पुलिस को इसकी सूचना दी।

### मेडिकल कॉलेजों को 61 करोड़ रुपये जारी

**लखनऊ, अमृत विचार:** हर जिले में एक मेडिकल कॉलेज की योजनाअंतर्गत पहले चरण के पांच व दूसरे चरण के आठ मेडिकल कॉलेजों को गैर वेतन मद में 61 करोड़ रूपये जारी किए गए हैं। इस बजट में जौनपुर मेडिकल कॉलेज को भी तीन करोड़ भी शामिल है। चिकित्सा शिक्षा विभाग के उप सचिव आनन्द कुमार त्रिपाठी ने फिरोजाबादा, बस्ती, अयोध्या, बहराइच, शाहजहांपुर, एटा, हरदोई, प्रतापगढ़, फतेहपुर, सिद्धार्थनगर, देवरिया, गाजीपुर, मीरजापुर और जौनपुर के प्रधानाचार्यो को बजट भेजा गया है। नए वित्तीय वर्ष में हर मेडिकल कॉलेज के प्रस्तावित बजट में सभी को तीन से पांच करोड़ तक दिए गए।

### अलीगढ़ में दिव्यांग नाबालिग से दुष्कर्म, रिपोर्ट दर्ज

**अलीगढ़, एजेंसी:** जिले के जवां थाना क्षेत्र में 16 साल की दिव्यांग नाबालिग किशोरी के साथ कथित तौर पर दुष्कर्म किया गया। पुलिस ने इसकी जानकारी दी। पुलिस ने रविवार को बताया कि मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश की जा रही है। पुलिस ने मामले में प्राथमिकी दर्ज कर आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास शुरू कर दिए हैं। पुलिस के मुताबिक यह घटना 25 मार्च की है। परिवार को इस घटना के बारे में तब पता चला जब घटना के कुछ दिनों बाद घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने लगा। पिता ने इस मामले में दो आरोपियों रामू और राहुल को नामजद किया है।

### सुबह पांच बजे घर पहुंची थी एनआईए की टीम

**लखनऊ, अमृत विचार:** बलिया के खेजुरी थाना क्षेत्र में हथौज गांव में पहुंची एनआईए टीम दवारा छापा मारने के दूसरे दिन विनोद राम के घर पर मीडिया कर्मियों का जमावड़ा लगा। इस दौरान विनोद राम ने बताया कि टीम सुबह पांच बजे आई थी। उन्होंने घर वालों और बच्चों से भी पूछताछ की थी। उन्होंने सर्च वारंट दिखाकर छानबीन की थी। कुछ कागजों पर हस्ताक्षर कराते हुए पूछा कि कभी मुंबई गए हो। इस मैने जवाब दिया कि कभी नहीं गया हूं। उन्होंने अटैचियां, आलमारियां खोलकर देखी और एक कागज थमाते हुए कहा कि 19 अप्रैल को लखनऊ के इस पते पर आना है। वहीं पर बताएंगे कि क्या-क्या आरोप हैं और किसने तुम्हारे खिलाफ शिकायत की है। गौरतलब हो कि एनआईए ने बलिया में पहुंचकर कई लोगों के घरों पर छापा मारा था। एनआईए को बलिया में नक्सली संगठन के कुछ सदस्यों के सक्रिय होने की सूचना मिली थी।

## कानपुर देहात में आग से दो बच्चे जिंदा जले, मां और बेटा गंभीर

संवाददाता, मंगलपुर (कानपुर देहात)

- भूठादेव गांव में हादसा, आग से बच्चों को निकालने में झुलसी मां

**अमृत विचार:** मंगलपुर क्षेत्र के भूठादेव गांव में रविवार दोपहर एक घर में आग लग गई, जिससे कमरे में सो रही महिला और उसके तीन बच्चे झुलस गए। ग्रामीण सभी को निकालकर झींझक सीएचसी ले गए, जहां डॉक्टर ने दो बच्चियों को मृत घोषित कर दिया। वहीं मां-बेटे को कानपुर के हैलट रेफर किया गया है।

सिकहला ग्राम पंचायत के मजरे भूठादेव गांव के सोनू नायक के रविवार सुबह काम पर जाने के बाद उसकी पत्नी रीना, पुत्र गौरव, पुत्री गौरी (5) और अदिती (3) दोपहर में खाना खाने के बाद सो रहे थे। इसी दौरान घर में आग लग गई, जिससे महिला और तीनों बच्चे फंस गए। रीना ने बेटे गौरव को आग से निकाला और शोर मचाया। बेटियों को निकालने के लिए रीना घर में घुसी। ग्रामीण चारों को झींझक सीएचसी ले गए, जहां डॉक्टर ने गौरी को मृत घोषित कर दिया। अदिती की मौत जिला अस्पताल में हो गई।

# हिंदू विवाह के लिए कन्यादान अनिवार्य परंपरा नहीं

विधि संवाददाता, लखनऊ

- हिंदू विवाह अधिनियम के हवाले से हाईकोर्ट ने किया स्पष्ट




**अमृत विचार:** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने एक वैवाहिक विवाद के मामले में कहा है कि हिंदू विवाह अधिनियम के तहत हिंदू विवाह को संपन्न करने के लिए कन्यादान की रस्म अनिवार्य परंपरा नहीं है। न्यायालय ने कहा कि प्रावधानों के मुताबिक सिर्फ सप्तपदी ही ऐसी परंपरा है को हिन्दू विवाह को सम्पन्न करने के लिए आवश्यक है।

यह टिप्पणी न्यायमूर्ति सुभाष विद्यार्थी की एकल पीठ ने आशुतोष यादव की ओर से दाखिल एक आपराधिक पुनरीक्षण याचिका पर दिया है। याची की ओर से वैवाहिक विवाद के सम्बंध में चल रहे आपराधिक मामले में एक गवाह को पुनः समन की जाने की प्रार्थना की गई थी। विचारण अदालत ने याची की प्रार्थना को अस्वीकार कर दिया, इस पर उसने हाईकोर्ट की शरण ली। याची की ओर से दलील दी गई कि उसकी पत्नी का कन्यादान हुआ था अथवा नहीं, यह स्थापित करने के लिए अभियोजन के गवाहों जिसमें वादी भी शामिल है, पुनः समन किया जाना आवश्यक है। इस पर न्यायालय ने हिंदू विवाह अधिनियम की धारा 7 का उल्लेख किया जिसके तहत हिंदू विवाह के लिए सप्तपदी को ही अनिवार्य परंपरा माना गया है। न्यायालय ने कहा कि उक्त प्रावधान को देखते हुए, कन्यादान हुआ था अथवा नहीं, यह प्रश्न प्रासंगिक ही नहीं है, लिहाजा गवाहों को पुनः समन की कोई आवश्यकता नहीं है।

## बिच्छू के डंक मारने से किशोरी की मौत

**रेउसा (सीतापुर), अमृत विचार:** थाना थानगांव क्षेत्र में शनिवार की देर रात बिच्छू के डंक मारने से एक किशोरी की हालत बिगड़ गई। उसे सीएचसी लाया गया, जहां इलाज के दौरान किशोरी की मौत हो गई। थानगांव क्षेत्र के गोलोक कोडर के मजरा ठेकेदारपुरवा निवासी श्रीपाल यादव की 18 वर्षीय पुत्री प्रियांशी यादव शनिवार की देर रात घर में कुछ काम निपटा रही थी। उसी दौरान उसे एक बिच्छू ने डंक मार दिया जिससे उसकी हालत बिगड़ने लगी।

# शोक प्रकट करने मुख्तार के फाटक पहुंचे अखिलेश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने रविवार को गाजीपुर स्थित स्व. मुख्तार अंसारी आवास फाटक पहुंचकर शोक संवेदना प्रकट की। यहां अखिलेश यादव ने मुख्तार अंसारी के भाई गाजीपुर के सांसद अफजाल अंसारी, बेटे उमर अंसारी, उनके भतीजे शोएब अंसारी और अन्य परिजनों से मुलाकात की। मुख्तार की बहू और अब्बास की पत्नी निकहत अंसारी से भी बात की है।



मुख्तार के आवास पर परिजनों से मुलाकात करते अखिलेश यादव। • अमृत विचार

- सपा प्रमुख ने कहा, सुप्रीम कोर्ट के सिटिंग जज से मुख्तार की मौत मामले की जांच कराई जाए

इस दौरान सपा प्रमुख ने पूरे मामले की सुप्रीम कोर्ट के सिटिंग जज की निगरानी में न्यायिक जांच कराने की मांग की। हालांकि फाटक तक जाकर भी मुख्तार की कब्र तक उनका न जाना क्षेत्र में चर्चा का विषय भी बना।

## केशव और अखिलेश में जुबानी जंग

**लखनऊ:** आजमगढ़ में पत्रकारों से बात करते हुए उप मुख्यमंत्री केशव मौर्य ने अखिलेश यादव के मुख्तार के घर जाने पर तीखी टिप्पणी करते हुए कहा कि यह सपा की बीमारी है भाजपा पूरी तरह से स्वस्थ है। बोले, जहां सपा जाएगी वहां भाजपा जीतेगी। वहीं, अखिलेश ने गाजीपुर में पत्रकारों से बातचीत के दौरान सवाल किया, केशव मौर्य से बड़ा गुंडा कौन है? अचानक सपा प्रमुख ने मुख्तार के परिवार से मुलाकात करने का फैसला लिया।


## वर्ग पहेली-33

**बाएं से दाएं**

3. वह खड़ाऊं जिसमें पैर फंसाने के लिए खूंटी की जगह रस्सी लगी रहती है, पौला।
4. मनमानी करने वाला, स्वेच्छाचारी।
5. 1. गुहा, कोटर 2. पेड़ का खोखला भाग 3. खोखला दांत।
7. 1. किसी स्थान या देश के क्षेत्र की सीमा 2. मर्यादा 3. पराकाष्ठा 2. इस्लामी शरीअत (कानून) के अनुरूप दिया हुआ दंड। (मु.)-कर देना या करना: असह्य बना देना। -बांधना : सीमा निश्चित करना।
8. नाम और पता।

**ऊपर से नीचे**

1. 1. दुखी होना 2. दुखड़ा रोना 3. मानसिक कष्ट या चिंता आदि से व्यथित होकर बड़बड़ाना, कुढ़ना 4. खीजना 5. झींकना 6. शिकायत करना।
2. 1. निरीक्षण करना 2. परीक्षण करना, जांचना।
4. 1. ओट, परदा 2. पीछे 3. बहाना 4. बचाव 5. आश्रय 6. रोक 7. टेक 8. माथे का टीका, आड़ा तिलक।
5. तुर्किस्तान या तुर्की का एक प्रसिद्ध नगर।
6. काल, समय, ऋतु।



### वर्ग पहेली -32 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 ची | ल | ■ | 2 ओ | ■ | 3 पौ | ■ |
| ■ | ■ | 4 घ | न | घो | र | ■ |
| ■ | 5 म | ■ | च | ■ | ■ | 6 नौ |
| 7 घ | न | घ | ना | 8 ना | ■ | त |
| ■ | मा | ■ | ■ | 9 क | सू | र |
| ■ | फ़ि | ■ | ■ | ■ | ■ | णी |
| 10 ब | क | ल | स | ■ | ■ | य |

## सुडोकू-112

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | 8 | | | | | | 9 |
| | 1 | | | 6 | | | | 4 |
| 9 | | | | 8 | | | | |
| | 4 | | | | | | 6 | |
| | | 1 | | | | 4 | | |
| | 9 | | | 5 | | | 1 | |
| 1 | | | | 9 | | 3 | | 7 |
| 7 | | | | 4 | 8 | | 2 | |
| | | | | | | 5 | | |

### सुडोकू -111 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 3 | 9 | 1 | 7 | 6 | 4 | 2 | 5 |
| 7 | 5 | 4 | 9 | 2 | 8 | 1 | 3 | 6 |
| 2 | 1 | 6 | 4 | 5 | 3 | 7 | 9 | 8 |
| 6 | 2 | 1 | 3 | 4 | 7 | 5 | 8 | 9 |
| 4 | 8 | 5 | 6 | 9 | 1 | 3 | 7 | 2 |
| 3 | 9 | 7 | 2 | 8 | 5 | 6 | 4 | 1 |
| 9 | 7 | 2 | 5 | 6 | 4 | 8 | 1 | 3 |
| 5 | 4 | 3 | 8 | 1 | 2 | 9 | 6 | 7 |
| 1 | 6 | 8 | 7 | 3 | 9 | 2 | 5 | 4 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति: 8 अप्रैल सोमवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-चैत्र, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि- अमावस्या 23.50 तक तत्पश्चात प्रतिपदा।

### आज का पंचांग




दिशाशूल-पूर्व। ऋतु-वसंत।
चन्द्रबल-वृषभ, मिथुन, कन्या, तुला, मकर, मीन।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-उत्तर भाद्रपद 10.12 तक तत्पश्चात रेवती।

**मेष:** आज विवाह की प्रतीक्षा में है तो मामा पक्ष की ओर से किसी अच्छे रिश्ते का सुझाव आ सकता है। हालांकि आपकी मां को यह कम पसंद आएगा, फिर भी किसी भी निर्णय को जल्दबाजी में लेने से बचें। आपकी आर्थिक स्थिति काफी अच्छी रहने वाली है।

**वृष:** आज के दिन किसी प्रकार के भारी वजन को उठाने से बचें, क्योंकि इससे आपकी मांसपेशियों में खिंचाव आ सकता है। इसलिए जितना हो सके इस बात का ध्यान रखें अन्यथा समस्या बड़ी हो सकती है।

**मिथुन:** आज ऑफिस में आपको लेकर सकारात्मक माहौल बनेगा और सभी आपके काम से खुश दिखाई देंगे। कुछ नए प्रोजेक्ट्स हाथ में आ सकते हैं, जो भविष्य की दृष्टि से लाभदायक होंगे। घर में दूर के रिश्तेदारों का आगमन हो सकता है।

**कर्क:** आज घर के किसी काम से बाहर जाना होगा, जो आपके करियर के लिए भी अच्छा रहेगा। जीवनसाथी के साथ कुछ अनकहे पल सांझा होंगे और प्रेम में बढ़ोतरी देखने को मिलेगी। प्राइवेट जॉब कर रहे लोग आय के वैकल्पिक स्रोतों पर काम कर सकते हैं।

**सिंह:** आज पहले से ही किसी खेल में प्रवीण हैं तो उसमें सफलता मिलेगी और पिता के द्वारा प्रोत्साहन मिलेगा। संगीत के क्षेत्र में अपना करियर बनाने का सोच रहे लोगों के लिए दिन शुभ है। ऐसे में किसी भी अवसर को हाथ से न जाने दें।

**कन्या:** आज यदि आप विवाहित हैं तो जीवनसाथी के साथ कुछ नए पलों का अनुभव करने को मिलेगा। यह अनुभव आप दोनों के जीवन में एक मीठी याद बनकर रहेगा। रिश्ता ढूंढ रहे लोगों को अभी और प्रतीक्षा करनी पड़ेगी।

**तुला:** आज यदि पहले से ही कोई गंभीर बीमारी है तो डॉक्टर से एक बार चेकअप जरुर करवा लें अन्यथा बाद में समस्या हो सकती है। पेट से संबंधित छोटी-मोटी समस्या होगी, लेकिन वह जल्द ही ठीक भी हो जाएगी।

**वृश्चिक:** आज यदि आपके विवाह को कुछ ही समय हुआ है तो अपनी पत्नी के स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें। आपकी कुंडली पर चन्द्रमा की स्थिति ठीक नहीं हो पाने के कारण आपकी पत्नी या मां का स्वास्थ्य बिगड़ सकता है।

**धनु:** आज मानसिक रूप से स्वस्थ रहेंगे और आत्मविश्वास में भी वृद्धि होगी। यदि आप कुछ नया करने का विचार कर रहे हैं तो उसे करने की शक्ति आएगी और डर खत्म होगा। आपकी प्रबंधन क्षमता और कुशलता की प्रशंसा होगी।

**मकर:** आज दिन की शुरुआत आपके परिवार के लिए अच्छी रहेगी और सभी एक-दूसरे को बेहतर तरीके से समझ पाएंगे। घर वालों के साथ कहीं बाहर घूमने जाने का भी प्लान बन सकता है। संतान के करियर से जुड़ी समस्या का समाधान होगा।

**कुंभ:** आज कॉलेज के छात्र खेलकूद में रुचि लेंगे और उसमें अपना करियर बनाने का विचार करेंगे। ग्राहकों का व्यापारियों पर विश्वास बना रहेगा और वे आपसे प्रसन्न दिखाई देंगे। भाई-बहनों से आपके काफी मदद मिल सकती है जिसके कारण आप काफी प्रसन्न रहेंगे।

**मीन:** आज आपकी अपने बच्चों से किसी बात को लेकर कहासुनी होगी और आप उन पर क्रोध भी करेंगे। ऐसे में संयम से काम लेंगे और उन्हें भी समझने का प्रयास करेंगे तो परिणाम बेहतर रहेंगे। राजनीति से जुड़े लोगों को उच्च पद मिल सकता है।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
देवता — सुबह: 10.58
लाइफ की ऐसी की तैसी — शाम: 06.22

&pictures
राउडी रक्षक — सुबह: 10.16
वीरा द पावर — शाम: 04.44

SONY PIX
स्पाइडर मैन — सुबह: 11.21
रैमपेज — रात: 09.00

ZEE CINEMA
धमाल — सुबह: 11.40
दिल मांगे मोर — रात: 07.55

colors CINEPLEX
द वारियर — दोपहर: 01.16
विजय राघवन — रात: 07.00

### आज की सुपरहिट फिल्म




जी सिनेमा पर सुबह: 11.40 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पत्नी ने गुस्से में पति से कहा- मैं तंग आ गई हूं रोज की किच-किच से मुझे तलाक चाहिए।
पति- ये लो चॉकलेट खाओ।
पत्नी (रोमांटिक होते हुए)-मना रहें हो मुझे!
पति-नहीं रे पगली, मां कहती है, अच्छा काम करने से पहले, मीठा खाना चाहिए।

एलकेजी के बच्चे के पेपर में जीरो आया।
गुस्से से पिता- यह क्या है?
बच्चा-पिताजी, शिक्षक के पास स्टार खत्म हो गए थे, इसलिए उसने मून दे दिया।

## एक नजर

### अवैध खनन का निरीक्षण करने गए एसडीएम पर जानलेवा हमला

**अंबाला।** अवैध खनन का निरीक्षण करने गए नारायणगढ़ एसडीएम यश जालूका व उनकी टीम पर जानलेवा हमला हुआ। इसका खुलासा एसडीएम के सिक्योरिटी गार्ड द्वारा नारायणगढ़ थाने में शिकायत देने के बाद हुआ। बता दें, इनोवा गाड़ी सवारों ने पहले तो उनकी गाड़ी का पीछा किया और दो बार गाड़ी से टक्कर मारने का प्रयास किया। ऐसे में वह बाल-बाल बच गए। यह मामला 27 मार्च की रात का है लेकिन नारायणगढ़ पुलिस ने अब कार्रवाई की है। नारायणगढ़ थाना प्रभारी इंस्पेक्टर रामपाल सिंह ने बताया कि एसडीएम के सिक्योरिटी गार्ड जसबीर सिंह की शिकायत पर गाड़ी नंबर के आधार पर मामला दर्ज कर लिया है। मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी।


### महाराष्ट्र के गढ़चिरोली में महिला नक्सली समेत तीन गिरफ्तार

**गढ़चिरोली।** महाराष्ट्र के गढ़चिरोली जिले में सुरक्षा बलों पर कई हमलों में शामिल दो महिला नक्सली और एक जन-मिलिशिया कमांडर को गिरफ्तार किया गया है। एक अधिकारी ने बताया है कि ये गिरफ्तारियां लोकसभा चुनाव से पहले हुई हैं। गढ़चिरोली, विदर्भ क्षेत्र का एक हिस्सा है, जहां चुनाव के शुरूआती दो चरणों में 19 अप्रैल और 26 अप्रैल को 10 सीटों पर मतदान होना है। गढ़चिरोली के पुलिस अधीक्षक के अनुसार, दो महिला नक्सली काजल उर्फ सिंधु गावड़े (28) और गीता उर्फ सुकली कोरचा (31) जिले में सुरक्षा बलों की गतिविधियों पर नजर रख रही हैं। राज्य पुलिस और सीआरपीएफ की संयुक्त टीम ने गिरफ्तार किया है।

# करोड़ों नौकरियां देने की गारंटी युवाओं के दिलों में एक बुरे सपने की तरह: खरगे

## बोले- भाजपा ने थोपी बेरोजगारी, 30 प्रतिशत आईआईटी वाले छात्र दर-दर भटक रहे

नई दिल्ली, एजेंसी



कांग्रेस प्रमुख मल्लिकार्जुन खरगे ने रविवार को कहा कि लोकसभा चुनाव में सबसे बड़ा मुद्दा भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) द्वारा थोपी गई बेरोजगारी है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 2 करोड़ नौकरियां देने की गारंटी हमारे युवाओं के दिलों में एक बुरे सपने की तरह गूंजती है।

खरगे ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, भारत के प्रमुख संस्थानों -आईआईटी और आईआईएम का अगर मामला लें, तो 12 आईआईटी में हमारे लगभग 30 प्रतिशत छात्रों को नियमित प्लेसमेंट नहीं मिल रहा है। 21 आईआईएम में से केवल 20 प्रतिशत ही अबतक ग्रीष्मकालीन प्लेसमेंट पूरा कर सके हैं। खरगे ने आगे लिखा, "यदि आईआईटी और आईआईएम में यही स्थिति है तो कोई कल्पना कर सकता है कि बीजेपी ने देशभर में हमारे युवाओं का भविष्य कैसे बर्बाद कर दिया है। उन्होंने कहा, मोदी सरकार के तहत युवा बेरोजगारी की दर 2014 के बाद से तीन गुना हो गई है।

आईएलओ की हालिया भारत रोजगार रिपोर्ट से पता चला है कि हर साल भारत लगभग 70-80 लाख युवाओं को श्रम बल में जोड़ता है, लेकिन 2012 और 2019 के बीच रोजगार के मामले में लगभग 0.01 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी। कांग्रेस नेता ने कहा, 2 करोड़ नौकरियां देने की 'मोदी की गारंटी' हमारे युवाओं के दिल और दिमाग में एक बुरे सपने के रूप में गूंजती है!

उन्होंने कहा, "25 वर्ष से कम उम्र के किसी भी डिप्लोमा या डिग्री धारक को अब रोजगार मांगने का कानूनी अधिकार होगा और उसे प्रति वर्ष कम से कम 1 लाख रुपये का भुगतान किया जाएगा।

### सत्य की होगी जीत, कांग्रेस के साथ खड़ी हिमाचल की जनता: प्रियंका



**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में लोकसभा चुनाव और विधानसभा उपचुनाव एक साथ होने जा रहे हैं। चुनाव होने से पहले कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने हिमाचल सरकार पर विश्वास जताया। साथ ही उन्होंने कहा कि राज्य के लोग पार्टी का समर्थन करेंगे और प्रदेश में सच्चाई की ही जीत होगी। कांग्रेस महासचिव ने विपक्ष पर भी हमला बोला। उन्होंने कहा कि भाजपा पैसे और एजेंसियों का उपयोग करके सत्ता में आना चाहती है। ऐसा करना लोकतंत्र नष्ट करने के सामान है। वहीं कांग्रेस का संकल्प सच्चाई, साहस और धैर्य के साथ लोगों के लिए अथक प्रयास करने का है। प्रियंका गांधी ने एक्स लिखा है कि, 'मैंने हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस पार्टी के सभी नेताओं से मुलाकात की। मुझे उनकी एकता, कड़ी मेहनत, मजबूती से चुनाव लड़ने के साहस और लोगों के प्रति उनके समर्पण पर गर्व है।' कांग्रेस महासचिव ने कहा कि मुझे पूरा भरोसा है कि जनता हमारा समर्थन करेगी और सच्चाई की जीत होगी। बता दें हिमाचल प्रदेश में छह विधानसभा सीटों पर एक जून को उपचुनाव और लोकसभा चुनाव एक साथ होंगे। हिमाचल प्रदेश में हमीरपुर, मंडी, शिमला और कांगड़ा चार लोकसभा सीटें हैं। 2019 में भाजपा ने चारों सीटें जीतकर अपने नाम की थी। लेकिन बाद में पूर्व मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह की पत्नी प्रतिभा सिंह ने मौजूदा सांसद राम स्वरूप शर्मा की मृत्यु के बाद 2021 में आवश्यक उपचुनाव में मंडी को भाजपा से छीन लिया। कांग्रेस के मुताबिक प्रियंका गांधी ने हिमाचल प्रदेश में लोगों के जनादेश की रक्षा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# प्रधानमंत्री मोदी के रोड शो में मंच टूटा, पुलिसकर्मी समेत 4 घायल



जबलपुर में प्रत्याशी आशीष दुबे के साथ रोड शो करते प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी।

जबलपुर, एजेंसी

जबलपुर में प्रधानमंत्री के रोड शो के दौरान कार्यकर्ताओ का मंच गिर गया। पुलिस ने बताया है कि मंच गिरने से 4 लोग घायल हो गए हैं। एक पुलिस वाले को चोट लगी है। सभी घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

बता दें कि प्रधानमंत्री के रोड शो के दौरान कटंगा चौराहे पर मंच लगा था। मंच गिरने के बाद कार्यक्रम स्थल पर अफरातफरी का माहौल है। मंच पर क्षमता से अधिक लोग चढ़ गए थे, जिस वजह से मंच टूट कर गिर गया। पुलिस के अधिकारी ने बताया कि घटना में 4 लोग घायल हो गए, एक पुलिस वाला भी घायल हुआ है। घायलों की हालत पहले से बेहतर बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार पीएम नरेंद्र मोदी के रोड शो का काफिला धीरे-धीरे आगे बढ़ रहा था, उसी दौरान यह हादसा हो गया। नरेंद्र मोदी को देखने और उनका स्वागत करने के लिए रोड के किनारे स्वागत मंच लगाए गए थे।

# अफसर 22 भाषाओं में गांव-गांव देंगे कानून की जानकारी

**नई दिल्ली।** ग्रामीण आबादी आज भी कानूनी अधिकारों और समझ से अछूती है। इसे कानूनी समझदार बनाने के लिए केंद्र सरकार ने पायलट प्रोजेक्ट शुरू किया है। इसके पहले चरण में 2.50 लाख ग्राम पंचायतों में हर घर तक कानूनी सलाह, मदद और साक्षरता पहुंचाई जाएगी। कानून के जानकार 22 भाषाओं में ग्रामीणों को अगले एक साल तक न्याय उपलब्ध कराएंगे। विधिक एवं न्याय मंत्रालय के अधिकारी ने बताया कि पूर्व की सरकारों में निःशुल्क कानूनी सलाह एवं मदद के लिए टेली लॉ एवं अन्य योजनाएं शुरू हुई थीं, लेकिन उनसे ग्रामीण आबादी सक्षम नहीं हो पाई, इसलिए केंद्र सरकार सबको न्याय और हर घर न्याय के नाम से नया प्रोजेक्ट लाई है। देश में 460 न्याय सहायक नियुक्त, इनमें कई वकील इस प्रोजेक्ट के लिए मंत्रालय ने 460 न्याय सहायक नियुक्त किए हैं।

# सिगरेट जलाने के लिए माचिस नहीं देने पर की युवक की हत्या

**नई दिल्ली।** उत्तरी दिल्ली के तिमारपुर इलाके में एक शख्स की हत्या का चौंकाने वाला मामला सामने आया। पुलिस के मुताबिक, सिगरेट जलाने के लिए माचिस नहीं देने पर दो किशोरों ने युवक की चाकू से गोदकर हत्या कर दी। पुलिस ने बताया कि दोनों आरोपी किशोरों को पकड़ लिया गया है।

शनिवार को तिमारपुर पुलिस थाना में चाकूबाजी की घटना की जानकारी मिली थी। पुलिस उपायुक्त (उत्तर) एम. के. मीणा ने बताया कि मौके एक ऑटोरिक्शा के अंदर और उसके आसपास खून फैला हुआ है। इलाज के दौरान डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। एमके मीणा ने बताया कि दो किशोरों की पहचान की गई जिन्हें रविवार को पकड़ लिया गया। आरोपियों से पूछताछ में बताया है कि सिगरेट पीने के लिए माचिस मांगी, मृतक ने मना कर दिया, फिर इसके बाद चाकू से गोद कर हत्या कर दी। उन्होंने बताया कि हत्या में इस्तेमाल चाकू भी बरामद कर लिया गया है। डीसीपी ने बताया कि मामले की जांच जारी है।

# केजरीवाल की गिरफ्तारी के विरोध में सामूहिक उपवास



नई दिल्ली में जंतर-मंतर पर सीएम अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के विरोध में सामूहिक उपवास के दौरान आप नेता आतिशी, राम निवास गोयल और राखी बिड़ला।

नई दिल्ली, एजेंसी

आप के राष्ट्रीय संयोजक व दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के विरोध में पार्टी के प्रमुख नेता रविवार को जंतर-मंतर पर एक दिवसीय अनशन (सामूहिक उपवास)पर बैठे। आप नेताओं ने भाजपा पर तानाशाही करने का आरोप लगाया। पार्टी के तमाम कार्यकर्ता और समर्थक अनशन में शामिल हुए।

उन्होंने देशभक्ति के गीत गाए और सलाखों के पीछे केजरीवाल की तस्वीर वाले पोस्टर लहराए। पार्टी नेताओं ने कहा कि अन्य राज्यों के साथ-साथ विदेश में भी भारतीय इस प्रकार का विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। दिल्ली विधानसभा के अध्यक्ष राम निवास गोयल, उपाध्यक्ष राखी बिड़लान, मंत्री आतिशी, गोपाल राय और इमरान हुसैन सहित आप के कई



वरिष्ठ नेता सुबह 11 बजे से राष्ट्रीय राजधानी के जंतर-मंतर पर दिन भर के सामूहिक अनशन पर बैठे। जंतर-मंतर पर प्रदर्शनकारियों को संबोधित करते हुए आप के राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने कहा कि केजरीवाल ईमानदार थे, हैं और रहेंगे।

# प्रचार गतिविधियों के लिए 73 हजार आवेदन

नई दिल्ली, एजेंसी

चुनाव आयोग ने रविवार को कहा कि लोकसभा चुनाव की घोषणा के बाद से उसके सुविधा पोर्टल पर विभिन्न प्रचार गतिविधियों के लिए अनुमति के लिए 73 हजार से अधिक आवेदन प्राप्त हुए।

आयोग ने कहा कि पार्टियों और उम्मीदवारों द्वारा जमा किए गए आवेदनों में रैली मैदान बुक करने, अस्थाई पार्टी कार्यालय खोलने और वीडियो प्रचार वैन संचालित करने के अनुरोध शामिल हैं। इसमें कहा गया है कि पार्टियों और उम्मीदवारों के लिए समान अवसर सुनिश्चित करने के लिए 44,600 से अधिक अनुरोधों को मंजूरी दे दी गई है। आयोग द्वारा जारी आंकड़ों से पता चलता है कि प्राप्त कुल अनुरोधों में से लगभग 11,200 या 15 फीसदी को अस्वीकार कर दिया गया। 10,819 आवेदन रद्द कर दिए गए थे। सबसे जयादा अनुरोध तमिलनाडु से प्राप्त हुए। इसके बाद बंगाल का स्थान रहा। सुविधा पोर्टल ने उम्मीदवारों और पार्टियों द्वारा अनुमतियां और सुविधाएं प्राप्त करने की प्रक्रिया को सुव्यवस्थित कर दिया है। सुविधा पोर्टल ने उम्मीदवारों और पार्टियों द्वारा अनुमति और सुविधाएं प्राप्त करने की प्रक्रिया को सुव्यवस्थित किया है। इसके जरिए रैलियों के आयोजन, हेलीकॉप्टर, वाहन परमिट और पर्चे वितरित करने की अनुमति ली जा सकती है।


### दलों ने ऑनलाइन एड में 1.38 करोड़ खर्च किए

निर्वाचन आयोग द्वारा चुनाव की तारीखों की घोषणा के पहले सप्ताह (17 से 23 मार्च)



में फेसबुक और इंस्टाग्राम पेज पर विभिन्न दलों ने 1.38 करोड़ रुपये खर्च किए हैं। इनमें सबसे ज्यादा 32 लाख रुपए भाजपा ने खर्च किए। 14 लाख रुपये विज्ञापन के साथ तृणमूल कांग्रेस दूसरे नंबर पर रही। कांग्रेस ने 5 लाख के विज्ञापन दिए। शीर्ष 20 फेसबुक व मेटा विज्ञापनदाताओं के पेज का विश्लेषण करने पर यह बात सामने आई है। शीर्ष 20 में से 7 पेज भाजपा समिर्थत है। भाजपा समर्थित पेज पर 85 लाख का एड भाजपा समर्थित पेज राजनीतिक विज्ञापन देने में सबसे आगे हैं। पार्टी को प्रमोट करने वाले पेज ने 85 लाख रुपये के विज्ञापन दिए। सबसे ज्यादा मीम एक्सप्रेस ने 28 .1 लाख, मुद्दे की बात ने 20 .2 लाख और सीधा चश्मा ने 9 .5 लाख के विज्ञापन दिए। फरवरी 2019 से फरवरी 2023 के बीच, भाजपा ने फेसबुक विज्ञापनों पर 33 करोड़ रुपये खर्च किए। यह उस पूरे पैसे का लगभग 10 प्रतिशत है जो सभी विज्ञापनदाताओं ने भारत में फेसबुक विज्ञापन पर खर्च किया है। वहीं कांग्रेस ने 10 .58 करोड़, तृणमूल कांग्रेस ने 8 .04 करोड़ और डीएमके ने 4 .31 करोड़ खर्च किए। भाजपा आधिकारिक पेज ने सबसे अधिक 10 .27 करोड़ रुपये खर्च किए।

### गुलजार लाल चौक...



**श्रीनगर :** ईद-उल-फितर त्योहार के नजदीक आते ही कश्मीर घाटी में मुस्लिम समुदाय के लोग खरीदारी में जुट गए हैं। लोगों की भारी भीड़ बाजारों में उमड़ पड़ी है, जिसके चलते वहां नई रौनक लौट आई है। राज्य मे ईद मनाई जानी है और इसको लेकर घाटी के लोगों में विशेष उत्साह देखने को मिल रहा है। सभी बाजार सजे हुए हैं और बड़ी संख्या में लोग खरीदारी में जुटे हुए हैं। रविवार को घंटा घर लाल चौक बाजार गुलजार रहा, खरीदारी के लिए भारी उमड़ी। ● एजेंसी

## कारोबार/कृषि

# बीते वित्त वर्ष में टाटा स्टील की बिक्री में 6% वृद्धि

नई दिल्ली, एजेंसी

- टाटा स्टील ने शेयर बाजार में दी जानकारी में कहा-वाहन और रेलवे खंड में हुई अधिक बढ़ोतरी



टाटा स्टील इंडिया की बिक्री बीते वित्त वर्ष (2023-24) में छह प्रतिशत की वृद्धि के साथ 1.99 करोड़ टन रही है। कंपनी की बिक्री को खुदरा, वाहन और रेलवे खंड में अधिक मांग से बढ़त मिली।

टाटा स्टील ने शनिवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि इस दौरान भारत में कंपनी का उत्पादन 1.88 करोड़ टन रहा। बीते वित्त वर्ष में वाहन और विशेष उत्पाद खंड में बिक्री आठ प्रतिशत बढ़कर 29 लाख टन रही थी। समीक्षाधीन अवधि में ब्रांडेड उत्पाद और खुदरा खंड में बिक्री 11 प्रतिशत बढ़कर 65 लाख टन रही। औद्योगिक उत्पाद एवं परियोजना खंड में बिक्री छह प्रतिशत बढ़कर 77 लाख टन रही। कंपनी ने कहा कि उपखंडों में इंजीनियरिंग खंड में सबसे ज्यादा वार्षिक बिक्री हुई। बयान के अनुसार, "2023-24 में निजी भवन निर्माण के लिए ई-कॉमर्स मंच टाटा स्टील आशियाना की आमदनी 30 प्रतिशत बढ़कर 2,240 करोड़ रुपये रही। बीते वित्त वर्ष में भारत में कंपनी के कच्चे इस्पात का उत्पादन चार प्रतिशत बढ़कर 2.08 करोड़ टन रहा, जो 2022-23 में 1.98 करोड़ टन था।

# शीर्ष चार कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 1.71 लाख करोड़ रुपये बढ़ा

**नई दिल्ली।** देश की शीर्ष 10 मूल्यवान कंपनियों में चार ने पिछले सप्ताह अपने बाजार मूल्यांकन में 1,71,309.28 करोड़ रुपये जोड़े। इनमें एचडीएफसी बैंक और भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) को सबसे अधिक लाभ हुआ है। वहीं रिलायंस इंडस्ट्रीज समेत छह कंपनियों का बाजार मूल्यांकन 78,127.48 करोड़ रुपये घटा है।

बता दें, पिछले हफ्ते बीएसई सेंसेक्स 596.87 अंक या 0.81 फीसदी चढ़ा। सूचकांक चार अप्रैल को 74,501.73 के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था। शीर्ष 10 कंपनियों में टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), एचडीएफसी बैंक, भारतीय स्टेट बैंक और एलआईसी को लाभ हुआ। दूसरी ओर रिलायंस इंडस्ट्रीज, आईसीआईसीआई बैंक, भारती एयरटेल, इंफोसिस, आईटीसी और हिंदुस्तान यूनिलीवर को नुकसान उठाना पड़ा।

# अडाणी समूह 2.3 लाख करोड़ रुपये से करेगा ऊर्जा विस्तार

- विनिर्माण क्षमता में होगी वृद्धि, पवन ऊर्जा में 1.5 लाख करोड़ रुपये से होगा निवेश

खावड़ा/अहमदाबाद, एजेंसी

अडाणी समूह भारत के सबसे महत्वाकांक्षी नवीकरणीय ऊर्जा विस्तार और सौर और पवन विनिर्माण क्षमता वृद्धि में 2030 तक लगभग 2.3 लाख करोड़ रुपये का निवेश करेगा।

कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि देश की सबसे बड़ी नवीकरणीय ऊर्जा कंपनी अडाणी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड गुजरात में कच्छ के खावड़ा में सौर ऊर्जा और पवन ऊर्जा से बिजली पैदा करने की क्षमता को वर्तमान में दो गीगावाट से बढ़ाकर 30 गीगावाट करने के लिए लगभग 1.5 लाख करोड़ रुपये का निवेश करेगी। कंपनी देश में अन्य जगहों पर छह-सात गीगावाट की इसी तरह की परियोजनाओं में 50,000 करोड़ रुपये का निवेश करेगी।

समूह की प्रमुख कंपनी अडाणी एंटरप्राइजेज लिमिटेड की इकाई अडाणी न्यू इंडस्ट्रीज लिमिटेड (एएनआईएल) गुजरात के मुंद्रा में सौर सेल और पवन टरबाइन विनिर्माण क्षमता के विस्तार में करीब 30 हजार करोड़ रुपये का निवेश करेगी। एजीईएल के पास फिलहाल 10,934 मेगावाट (10.93 गीगावाट) का परिचालन पोर्टफोलियो है।

एजीईएल 2030 तक 45 गीगावाट नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता का लक्ष्य रख रही है। इसमें से 30 गीगावाट क्षमता सिर्फ एक स्थान खावड़ा में दुनिया की सबसे बड़ी नवीकरणीय ऊर्जा परियोजना ष् से आएगी।

### 2026-27 तक 10 गीगावाट करने की योजना: विनीत

एजीईएल के प्रबंध निदेशक विनीत एस जैन ने कहा, अभी खावड़ा में दो गीगावाट क्षमता चालू की है और चालू वित्त वर्ष (2024-25) में चार गीगावाट और उसके बाद हर साल पांच गीगावाट जोड़ने की योजना है। जैन एएनआईएल के भी निदेशक हैं। उन्होंने कहा कि इन योजनाओं का समर्थन करने के साथ-साथ अन्य घरेलू नवीकरणीय कंपनियों और निर्यात बाजार की जरूरतों को पूरा करने के लिए एएनआईएल ने मुंद्रा में अपनी सेल और मॉड्यूल विनिर्माण इकाई को मौजूदा चार गीगावाट से 2026-27 तक 10 गीगावाट करने की योजना बनाई है। उन्होंने कहा कि एएनआईएल सौर विनिर्माण के अलावा पवन से बिजली पैदा करने वाली पवन चक्कियां बनाने की क्षमता भी साढ़े तीन साल में दोगुनी कर पांच गीगावाट कर रही है।

# पायलटों की बात सुनने को तैयार एयरलाइन विस्तारा

**नई दिल्ली।** टाटा ग्रुप और सिंगापुर एयरलाइंस के मालिकाना हक वाली विमानन कंपनी विस्तारा इस वक्त बड़े संकट से जूझ रही है। दरअसल, विस्तारा के पायलट नए रोस्टरिंग सिस्टम और सैलरी स्ट्रक्चर से नाखुश हैं और अपना विरोध जताने के लिए सिक लीव पर चले गए हैं। इससे विस्तारा कई अहम उड़ानों का संचालन नहीं कर पा रही। परिचालन में 10 प्रतिशत या 25-30 उड़ान प्रतिदिन की कमी कर रही है।

हालांकि, विस्तारा के सीईओ विनोद कन्नन को उम्मीद है कि यह संकट जल्द सुलझ जाएगा। उन्होंने कहा कि हम पायलटों से चर्चा के बाद मौजूदा रोस्टरिंग सिस्टम की समीक्षा करेंगे। पायलटों का आरोप है कि नए रोस्टर से उन्हें आराम के लिए पर्याप्त वक्त नहीं मिल पाता, जिससे उनकी निजी जिंदगी भी प्रभावित हो रही है। कन्नन ने कहा कर्मचारियों की संख्या में भी कोई असामान्य उछाल नहीं आया है।

# कैटरीना, करीना व दीपिका जैसे सितारों ने खोलीं कंपनियां



*भारत के स्टार्टअप बाजार में टीवी और बॉलीवुड स्टार्स की मजबूती से प्रवेश हुआ है। मनीष मल्होत्रा, प्रियंका चोपड़ा, कृति शेनन, दीपिका पादुकोण, कैटरीना कैफ जैसे कई स्टार्स ने अपनी कंपनियां खोलीं और उनके स्टारडम के दम पर उनके प्रोडक्ट ब्रांड बन गए। कंपनियों का वैल्यूएशन महज 2-3 साल में करोड़ों का हो गया।*

### कोरियन स्किन केयर ब्रांड



करीना कपूर ने पिछले साल सुगर कॉस्मेटिक्स के संस्थापक विनीता सिंह और कौशिक मुखर्जी के साथ मिलकर कोरियन स्किन केयर ब्रांड क्वेंच बोटैनिक्स लॉन्च किया। स्टार्स की कंपनियों के मुनाफे की एक बड़ी वजह उनका एक्सक्लूसिव लॉन्च और लिमिटेड एडिशन का आकर्षण है। स्टार्स का ब्रांड होने की वजह से लॉन्च के समय ही फैन खूब खरीदारी करते हैं।

### कैटरीना की 'के ब्यूटी'



कैटरीना कैफ ने नायका के साथ मिलकर साल 2019 में ब्यूटी ब्रांड 'के ब्यूटी' लॉन्च की। 2022 में कंपनी का वैल्यूएशन 100 करोड़ से ज्यादा का हो गया। 15 लाख लोगों ने इसका प्रोडक्ट खरीदा और इंटरनेट पर तीसरा सबसे ज्यादा सर्च किया जाना वाला ब्यूटी ब्रांड बना। उनका बड़ा फैन बेस उनका पहला और नियमित ग्राहक बना और उनकी कंपनी तेजी से सफलता की सीढ़ियां चढ़ती गई।

# वित्त वर्ष में मानसून से रबी की फसल अच्छी होने का अनुमान

**नई दिल्ली।** फास्ट मूविंग कंज्यूमर गुड्स (एफएमसीजी) सेक्टर को उम्मीद है कि मौजूदा वित्त वर्ष यानी 2024-25 में उसकी बिक्री में उछाल दिख सकता है। दरअसल, इस बार अच्छे मानसून के साथ रबी की फसल भी अच्छी होने का अनुमान है।

इससे ग्रामीण उपभोक्ताओं के हाथ में बढ़िया रकम आएगी और वे एफएमसीजी उत्पादों पर खर्च बढ़ा सकते हैं। वित्त वर्ष 2023-24 की आखिरी तिमाही यानी जनवरी से मार्च के दौरान एफएमसीजी सेक्टर में थोड़ी सुस्ती दिखी। फिर भी इंडस्ट्री को उम्मीद है कि सेक्टर की वैल्यू में मिड से हाई सिंगल डिजिट यानी 5 से 9 प्रतिशत के बीच ग्रोथ आ सकती है। खासकर, इनपुट कॉस्ट में बड़ी कमी से मुनाफा भी बढ़ने की उम्मीद है। रूरल डिमांड पिछली कई तिमाहियों से सुस्त पड़ी थी। लेकिन, जनवरी से मार्च के दौरान इसने रफ्तार पकड़ी है।

# एक वर्ष में 13% बढ़ा भारत का कोयला आयात

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत का कोयला आयात फरवरी में 13 प्रतिशत बढ़कर 2.16 करोड़ टन हो गया। ऑनलाइन मार्केटप्लेस 'एमजंक्शन' के अनुसार कुछ खरीदारों ने गर्मियों से पहले स्टॉक करने के लिए नए सौदे किए, जिससे निर्यात बढ़ा।

इससे पहले 2023 के समान महीने में कोयला आयात 1.91 करोड़ टन था। एमजंक्शन के आंकड़ों के अनुसार, फरवरी में कोयला आयात, फरवरी 2023 के 1.91 करोड़ टन के मुकाबले 13 प्रतिशत अधिक है। कुल आयात में गैर-कोकिंग कोयला का आयात बढ़कर 1.37 करोड़ टन हो गया, जो फरवरी, 2023 में 1.16 करोड़ टन था।

मार्केटप्लेस के अनुसार, कोयला आयात बीते वित्त वर्ष की अप्रैल से फरवरी तक की अवधि में बढ़कर 24.42 करोड़ टन रहा, जो वित्त वर्ष 2022-23 की समान अवधि में 22.79 करोड़ टन था। बीते वित्त वर्ष में अप्रैल से फरवरी तक गैर-कोकिंग कोयला का आयात 16.06 करोड़ टन रहा था, जबकि 2022-23 में यह 14.85 करोड़ टन था। बीते वित्त वर्ष की अप्रैल-फरवरी अवधि के दौरान कोकिंग कोयले का आयात 5.18 करोड़ टन था, जबकि 2022-23 की इसी अवधि में यह 5.05 करोड़ टन था।

### वित्त वर्ष में चार करोड़ टन कोयला उत्पादन का लक्ष्य

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की बिजली कंपनी एनटीपीसी ने वित्त वर्ष 2024-25 के लिए अपनी निजी खदानों से चार करोड़ टन कोयला उत्पादन लक्ष्य रखा है। कंपनी ने रविवार को कहा कि महत्वाकांक्षी लक्ष्य एनटीपीसी को निजी कोयला खदानों से उत्पादन में सालाना आधार पर 17 प्रतिशत की वृद्धि हासिल करने में मदद करेगा। इसमें कहा गया कि यह वित्त वर्ष 2024-25 में निजी खदानों के माध्यम से कोयले की लगभग 15 प्रतिशत जरूरत पूरी करेगी, जिससे बिजली कंपनी के लिए ईंधन सुरक्षा मजबूत हो। कंपनी ने 31 मार्च, 2024 के अंत में 3 .41 करोड़ टन का कोयला बिक्री की है, और उत्पादन 3 .43 करोड़ टन था। कोयला उत्पादन में निरंतर वृद्धि हासिल करने के लिए एनटीपीसी ने कई रणनीतियों और प्रौद्योगिकियों को लागू किया है।

# एआई से बाजार एकीकरण संबंधी चिंताएं बढ़ सकती हैं

**नई दिल्ली।** भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) की प्रमुख रवनीत कौर ने कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता और मशीन लर्निंग से कार्यकुशलता और नवाचार में बढ़ोतरी हो सकती है, लेकिन इसके साथ बाजार एकीकरण और प्रतिस्पर्धा-रोधी व्यवहार की चिंताएं भी जुड़ी हैं। निगरानी संस्था सीसीआई के पास प्रतिस्पर्धा-रोधी तरीकों पर अंकुश लगाने और निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देने का अधिकार है। सीसीआई जल्द ही कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के सभी पहलुओं पर विचार करने के लिए एक अध्ययन शुरू करेगा। इसके तहत प्रस्ताव के लिए अनुरोध (आरएफपी) आने वाले हफ्तों में जारी होने की उम्मीद है।

## ऑरेंज कैप

| खिलाड़ी | मैच | रन |
|---|---|---|
| विराट कोहली (आरसीबी) | 05 | 316 |
| साई सुदर्शन (जीटी) | 05 | 191 |
| रियान पराग (आरआर) | 04 | 185 |

## पर्पल कैप

| खिलाड़ी | मैच | विकेट |
|---|---|---|
| युजवेंद्र चहल (आरआर) | 04 | 08 |
| मुस्तफिजुर रहमान (सीएसके) | 03 | 07 |
| गेराल्ड कोएत्जे (एमआई) | 04 | 07 |

## अंकतालिका

| टीम | मैच | जीत | हार | टाई | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|
| राजस्थान रॉयल्स | 04 | 04 | 00 | 00 | 08 | +1.120 |
| कोलकाता नाइट राइडर्स | 03 | 03 | 00 | 00 | 06 | +2.518 |
| लखनऊ सुपर जायंट्स | 04 | 03 | 01 | 00 | 06 | +0.775 |
| चेन्नई सुपरकिंग्स | 04 | 02 | 02 | 00 | 04 | +0.517 |
| सनराइजर्स हैदराबाद | 04 | 02 | 02 | 00 | 04 | +0.409 |
| पंजाब किंग्स | 04 | 02 | 02 | 00 | 04 | -0.220 |
| गुजरात टाइटंस | 05 | 02 | 03 | 00 | 04 | -0.797 |
| मुंबई इंडियंस | 04 | 01 | 03 | 00 | 02 | -0.704 |
| रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | 05 | 01 | 04 | 00 | 02 | -0.843 |
| दिल्ली कैपिटल्स | 05 | 01 | 04 | 00 | 02 | -1.370 |

# केकेआर के खिलाफ घरेलू हालात का फायदा उठाना चाहेंगे सुपरकिंग्स

चेन्नई, एजेंसी

गत चैंपियन चेन्नई सुपरकिंग्स की टीम लगातार दो शिकस्त के बाद सोमवार को कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ आईपीएल मुकाबले में जीत के साथ वापसी करने के इरादे से उतरेगी तो उसे अपने शीर्ष क्रम से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद होगी। लगातार दो हार के बावजूद सुपरकिंग्स की टीम पर दबाव नहीं होगा लेकिन प्रबंधन टीम की कमजोरियों का हल निकालने की कोशिश करेगा।

कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ और प्रतिभावान रचिन रविंद्र को अपने खेल में सुधार करते हुए सुपरकिंग्स को पावर प्ले में अच्छी शुरुआत दिलानी होगी। गायकवाड़ 118.91 के स्ट्राइक रेट से ही रन बना पाए हैं जबकि रविंद्र पिछले दो मैचों में प्रभाव छोड़ने में नाकाम रहे हैं। मौजूदा टूर्नामेंट में सुपरकिंग्स के सबसे सफल बल्लेबाज शिवम दुबे हैं जिन्होंने 160.86 के स्ट्राइक रेट से 148 रन बनाए हैं। यह देखना होगा कि युवा समीर रिज्वी की टीम में वापसी होती है या नहीं। बीस साल के इस युवा बल्लेबाज ने अपने पहले मैच में गुजरात टाइटंस के खिलाफ छह गेंद में 14 रन बनाए थे लेकिन दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ खाता खोलने में नाकाम रहने के बाद उन्हें सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ मुकाबले से बाहर कर दिया गया। तेज गेंदबाज मुस्तफिजुर रहमान और मथीसा पथिराना विभिन्न कारणों से टीम के पिछले मैच में नहीं खेल पाए, जिससे सुपरकिंग्स के गेंदबाजी विभाग की कमजोरियां उजागर हुईं। अगर ये नाइट राइडर्स के खिलाफ मैच से भी बाहर रहते हैं तो सुपरकिंग्स को उनकी भरपाई करने के लिए कुछ अलग सोचना होगा। अगर ये दोनों बाहर रहते हैं तो तेज गेंदबाजी विभाग में दीपक चाहर, तुषार देशपांडे और मुकेश चौधरी जबकि स्पिन विभाग में मोईन अली, रविंद्र जडेजा और महेश तीक्षणा के कंधों पर जिम्मेदारी होगी। नाइट राइडर्स और राजस्थान रॉयल्स अब तक टूर्नामेंट में अजेय रहे हैं और दोनों टीमों को बल्ले से निडर प्रदर्शन का फायदा मिला है। सुनील नारायण से पारी का आगाज कराना केकेआर के लिए काफी फायदेमंद साबित हो रहा है। मौजूदा सत्र में केकेआर के सबसे सफल बल्लेबाज नारायण को जल्दी पवेलियन भेजना सुपरकिंग्स के गेंदबाजों के लिए बड़ी चुनौती होगी। फिल सॉल्ट ने भी पारी का आगाज करते हुए नारायण का अच्छा साथ दिया है। मध्य क्रम में कप्तान श्रेयस अय्यर और रमनदीप सिंह को अधिक निरंतरता दिखानी होगी।

**चेन्नई सुपरकिंग्स :** महेंद्र सिंह धोनी, अरावेली अवनीश, डेवोन कॉनवे, ऋतुराज गायकवाड़ (कप्तान), अजिंक्य रहाणे, शेख रशीद, मोईन अली, शिवम दुबे, आरएस हंगरगेकर, रविंद्र जडेजा, अजय जादव मंडल, डेरिल मिशेल, रचिन रवींद्र, मिचेल सेंटनर, निशांत सिंधू, दीपक चाहर, तुषार देशपांडे, मुकेश चौधरी, मुस्तफिजुर रहमान, मथीसा पथिराना, सिमरजीत सिंह, प्रशांत सोलंकी, शारदुल ठाकुर, महेश तीक्षणा और समीर रिज्वी। **कोलकाता नाइट राइडर्स :** श्रेयस अय्यर (कप्तान), केएस भरत, रहमानुल्लाह गुरबाज, रिंकू सिंह, अंगकृष रघुवंशी, शेरफेन रदरफोर्ड, मनीष पांडे, आंद्रे रसेल, नितीश राणा, वेंकटेश अय्यर, अनुकूल रॉय, रमनदीप सिंह, वरुण चक्रवर्ती, सुनील नारायण, वैभव अरोड़ा, चेतन सकारिया, हर्षित राणा, सुयश शर्मा, मिशेल स्टार्क, दुष्मंता चमीरा, साकि हुसैन और मुजीब उर रहमान। **समय :** मैच शाम 7.30 बजे शुरू होगा।

# यश और क्रुणाल की गेंदबाजी से लखनऊ ने लगाई जीत की हैट्रिक

## लखनऊ सुपर जायंट्स ने आईपीएल में पहली बार गुजरात टाइटंस को दी शिकस्त

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** यश ठाकुर और क्रुणाल पंड्या की गेंदों के सामने गुजरात टाइटंस के बल्लेबाज बेबस नजर आए। इन गेंदबाजों ने मिलकर गुजरात के 8 विकेट झटक लिए और लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) को पहली बार हराने में कामयाब रहे। लखनऊ के 163 रन के जवाब में गुजरात टाइटंस की टीम 18.5 ओवर में 130 रनों पर सिमट गई। लखनऊ के स्टोइनिस की बल्लेबाजी (58 रन) के बाद गेंदबाजी विभाग के यश ठाकुर (5 विकेट) और क्रुणाल पंड्या (3 विकेट ) ने गुजरात के बल्लेबाजों को घुटने टेकने पर मजबूर कर दिया। अंक तालिका में इस जीत के साथ लखनऊ सुपर जायंट्स अब तीसरे स्थान पर पहुंच गई है, जबकि गुजरात की टीम सातवें पायदान पर खिसक गई।

164 रनों का पीछा करने उतरी गुजरात के लिए साई सुदर्शन और शुभमन गिल ने बेहतरीन शुरुआत दी। दोनों ने छह ओवर में 54 रन जोड़े। कप्तान गिल 9 रन के निजी योग पर आउट हुए। टीम के स्कोर में अभी दो रन का ही इजाफा हुआ था कि विलियम्सन एक रन बनाकर रवि बिश्नोई की गेंद पर कॉट एंड बोल्ड हुए। क्रुणाल पंड्या ने सुदर्शन (31) और शरत (1) को अपना शिकार बनाया। दर्शन नालकंडे 12 रन बनाकर क्रुणाल पंड्या की गेंद पर यश ठाकुर को आसान कैच थमा बैठे। यश ठाकुर ने विजय शंकर और राशिद खान को आउट कर लखनऊ को जीत की दहलीज पर पहुंचाया। राहुल तेवतिया ने 30 रन की पारी खेली, लेकिन वह भी टीम को जीत दिलाने में नाकाम रहे। गुजरात की टीम 18.5 ओवर में 130 रन पर सिमट गई। लखनऊ से यश ठाकुर ने कमाल का प्रदर्शन करते हुए पांच विकेट चटकाए। क्रुणाल पंड्या तीन विकेट लेने में सफल रहे।

इससे पहले लखनऊ सुपर जायंट्स के कप्तान केएल राहुल ने टास जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। उमेश यादव की पहली ही गेंद पर डिकॉक ने छक्का जड़ा, लेकिन चौथी गेंद पर वह आउट हो गए। डिकॉक गेंद को लेग साइड स्लॉग करने गए लेकिन बल्ले का ऊपरी किनारा लेकर गेंद थर्ड मैन नूर अहमद के हाथों में समा गई। उमेश ने दूसरे ओवर में देवदत्त पड्डिक्कल (7) को चलता किया। देवदत्त कवर की ओर ड्राइव करने गए लेकिन बल्ले का बाहरी किनारा लेकर गेंद निकली तो पहली स्लिप पर खड़े वी शंकर ने आसानी से कैच कर उन्हें पवेलियन लौटने को मजबूर कर दिया। केएल राहुल और मार्कस स्टोइनिस ने सिंगल-डबल की मदद से स्कोर बोर्ड को चलाये रखा और ढीली गेंदों को चौके और छक्कों में तब्दील किया। इस बीच राहुल की 31 गेंदो की पारी का अंत पारी के 13वें ओवर में महाराष्ट्र के युवा तेज गेंदबाज दर्शन नालकंडे ने किया। मार्कस स्टोइनिस भी नालकंडे का दूसरा शिकार बने।



मार्कस स्टोइनिस केएल राहुल

**लखनऊ 163/5** — 20 ओवर, अतिरिक्त : 05

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| क्विंटन डिकॉक का नूर अहमद बो यादव | 06 | 04 | 0/1 |
| केएल राहुल का तेवतिया बो नालकंडे | 33 | 31 | 3/0 |
| देवदत्त पडीक्कल का वी शंकर बो यादव | 07 | 07 | 1/0 |
| मार्कस स्टोइनिस का शरथ बो नालकंडे | 58 | 43 | 4/2 |
| निकोलस पूरन नाबाद | 32 | 22 | 0/3 |
| आयुष बदोनी का यादव बो राशिद | 20 | 11 | 3/0 |
| क्रुणाल पंड्या नाबाद | 02 | 02 | 0/0 |

**गेंदबाजी :** उमेश यादव 3-0-22-2, स्पेंसर जॉनसन 4-0-32-0, राशिद खान 4-0-28-1, मोहित शर्मा 3-0-34-0, नूर अहमद 4-0-22-0, दर्शन नालकंडे 2-0-21-2

**गुजरात 130/10** — 18.5 ओवर, अतिरिक्त : 12

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| साई सुदर्शन का बिश्नोई बो पंड्या | 31 | 23 | 4/0 |
| शुभमन गिल बो यश ठाकुर | 19 | 21 | 2/0 |
| केन विलियमसन का एवं बो बिश्नोई | 01 | 05 | 0/0 |
| बीआर शरथ का बदोनी बो पंड्या | 02 | 05 | 0/0 |
| विजय शंकर का राहुल बो यश ठाकुर | 17 | 17 | 0/1 |
| दर्शन नालकंडे का यश ठाकुर बो पंड्या | 12 | 11 | 0/1 |
| राहुल तेवतिया का पूरन बो यश ठाकुर | 30 | 25 | 2/2 |
| राशिद खान का सब बो यश ठाकुर | 00 | 03 | 0/0 |
| उमेश यादव का डिकॉक बो नवीन उल हक | 02 | 04 | 0/0 |
| स्पेंसर जॉनसन नाबाद | 00 | 01 | 0/0 |
| नूर अहमद का डिकॉक बो यश ठाकुर | 04 | 02 | 1/0 |

**गेंदबाजी :** मणिमारन सिद्धार्थ 4-0-29-0, नवीन उल हक 4-0-37-1, मयंक यादव 1-0-13-0, यश ठाकुर 3.5-1-30-5, क्रुणाल पंड्या 4-0-11-3, रवि बिश्नोई 2-0-8-1


### मयंक हुए चोटिल, छोड़ा मैच

लखनऊ सुपर जायंट्स के स्पीड स्टार मयंक यादव पारी का चौथा ओवर फेंकने आए। पहले ही ओवर के दौरान वे असहज दिखे और 13 रन खर्च करने के बाद पवेलियन लौट गए। मांसपेशियों में खिंचाव आ गया और वे मैच से बाहर हो गए। गेंदबाजी के दौरान मयंक फिट नहीं नजर आ रहे थे।

# मुंबई इंडियंस की पहली जीत

मुम्बई, एजेंसी

- दिल्ली कैपिटल्स को 29 रनों से हराया, रोहित शर्मा ने 49 और ईशान किशन ने बनाए 42 रन



टिम डेविड रोमारियो शेफर्ड

सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा 49 रन, ईशान किशन 42 रन तथा आखिरी ओवरों में टिम डेविड के नाबाद 45 रन और रोमारियो शेफर्ड की नाबाद 39 रनों की तूफानी परियों के बाद गेराल्ड कोएत्जी के चार विकेटों की बदौलत मुंबई इंडियंस ने रविवार इंडियन प्रीमियर लीग के 20वें मैच में दिल्ली कैपिटल्स को 29 रनों से हराते हुए अपनी पहली जीत दर्ज की।

235 रनों के विशाल लक्ष्य का पीछा करने उतरी दिल्ली कैपिटल्स ने चौथे ओवर में सलामी बल्लेबाज डेविड वॉर्नर 10 रन का विकेट गवां दिया। उसके बाद पृथ्वी शॉ ने अभिषेक पोरेल के साथ दूसरे विकेट लिये 88 रन जोड़ते हुए टीम को मुकाबले में बनाये रखा। पृथ्वी ने 40 गेंदों में आठ चौकों और तीन छक्कों की मदद से 66 रनों की पारी खेली। अभिषेक पोरेल 31 गेंदों में 41 रन बनाकर आउट हुये। ट्रिस्टन स्टब्स 25 गेंदों में तीन चौके और सात छक्के लगाते हुए 71 रनों की पारी खेली। दिल्ली की टीम निर्धारत 20 ओवर में आठ विकेट पर 205 रन ही बना सकी।

वानखेड़े स्टेडियम में दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान ऋषभ पंत ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। रोहित शर्मा ने 27 गेंदों में छह चौकों और तीन छक्कों की मदद से 49 रनों की पारी खेली। चोट के बाद ठीक होकर टीम में आये सूर्यकुमार यादव अपना खाता भी नहीं खोल सके और पवेलियन लौट गये। कप्तान हार्दिक पांड्या ने 33 गेंदों में तीन चौके और एक छक्का लगाते हुए 39 रन बनाये। इशान किशन ने 23 गेंदों में चार चौके और दो छक्के उड़ाते हुए 42 रन बनाये। तिलक वर्मा छह रन बनाकर आउट हुये। इसके बाद टिम डेविड नाबाद ने 21 गेंदों में दो चौक और चार छक्कों की मदद से नाबाद 45 रन बना डाले। रोमारियो शेफर्ड आखरी ने 10 गेंदों में तीन चौके और चार छक्के लगाते हुए तूफानी अंदाज में 39 रन ठोके हुए टीम का स्कोर निर्धारित 20 ओवरों में पांच विकेट पर 234 रन पहुंचा दिया है।

**मुंबई 234/5** — 20 ओवर, अतिरिक्त : 14

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| रोहित शर्मा बो पटेल | 49 | 27 | 6/3 |
| ईशान किशन का एवं बो पटेल | 42 | 23 | 4/2 |
| सूर्यकुमार का सब (फ्रेजर) बो नोर्किया | 00 | 02 | 0/0 |
| हार्दिक का सब (फ्रेजर) बो नोर्किया | 39 | 33 | 3/1 |
| तिलक वर्मा का पटेल बो अहमद | 06 | 05 | 1/0 |
| टिम डेविड नाबाद | 45 | 21 | 2/4 |
| रोमारियो शेफर्ड नाबाद | 39 | 10 | 3/4 |

**गेंदबाजी :** खलील अहमद 4-0-39-1, ईशांत शर्मा 3-0-40-0, झाय रिचर्डसन 4-0-40-0, अक्षर पटेल 4-0-35-2, ललित यादव 1-0-15-0, एनरिच नोर्किया 4-0-65-2

**दिल्ली 205/8** — 20 ओवर, अतिरिक्त : 03

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| पृथ्वी शॉ बो बुमराह | 66 | 40 | 8/3 |
| डेविड वॉर्नर का पंड्या बो शेफर्ड | 10 | 08 | 1/1 |
| अभिषेक पोरेल का डेविड बो बुमराह | 41 | 31 | 5/0 |
| ट्रिस्टन स्टब्स नाबाद | 71 | 25 | 3/7 |
| ऋषभ पंत का पंड्या बो कोएत्जी | 01 | 03 | 0/0 |
| अक्षर पटेल रन आउट | 08 | 07 | 1/0 |
| ललित यादव का ईशान बो कोएत्जी | 03 | 04 | 0/0 |
| कुमार कुशाग्र का तिलक वर्मा बो कोएत्जी | 00 | 01 | 0/0 |
| झाय रिचर्डसन का शर्मा बो कोएत्जी | 02 | 02 | 0/0 |

**गेंदबाजी :** कोएत्जे 4-0-34-4, जसप्रीत बुमराह 4-0-22-2, आकाश मधवाल 4-0-45-0, रोमारियो शेफर्ड 4-0-54-1, मोहम्मद नबी 2-0-17-0, पीयूष चावला 2-0-32-0

## खेल डायरी

### कैंडिडेट्स शतरंज: प्रज्ञानानंदा ने विदित को हराया

**टोरंटो।** भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए यहां कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट के तीसरे दौर में हमवतन विदित गुजराती को हराया। टूर्नामेंट में हिस्सा ले रही भाई-बहन की पहली जोड़ी के लिए यह अच्छा दिन रहा जब प्रज्ञानानंदा की बड़ी बहन आर वैशाली ने भी बुल्गारिया की नुर्गयुल सेलिमोवा को हराकर पहली जीत दर्ज की। पुरुष वर्ग में डी गुकेश रूस के इयान नेपोमनियाची के मजबूत डिफेंस को भेदने में नाकाम रहे जबकि फ्रांस के अलीरेजा फिरोजा ने शीर्ष वरीय अमेरिका के फाबियानो करूआना से ड्रॉ खेला।

### भारतीय टीम दूसरे हॉकी टेस्ट में 2-4 से हारी

**पर्थ।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम पिछले मैच की तुलना में बेहतर प्रदर्शन करने के बावजूद रविवार को यहां पांच मैचों की शृंखला के दूसरे टेस्ट में आस्ट्रेलिया से 2-4 से पराजित हो गयी। भारत को शनिवार को पहले टेस्ट में 1-5 से हार का सामना करना पड़ा था। मेहमान टीम ने मैच के पहले और दूसरे क्वार्टर में मजबूत प्रतिद्वंद्वी टीम के खिलाफ बराबरी का खेल दिखाया। बल्कि पहले हाफ तक भारतीय टीम 2-1 से आगे चल रही थी, लेकिन तीसरे क्वार्टर में मेजबान टीम ने तीन गोल कर लगातार दूसरी जीत हासिल की।

### त्वेसा संयुक्त 16वें, रिद्धिमा संयुक्त 30वें स्थान पर

**केम्पटन पार्क (दक्षिण अफ्रीका)।** प्रतिभावान भारतीय गोल्फर त्वेसा मलिक यहां सनशाइन लेडीज टूर पर एब्सा लेडीज आमंत्रण टूर्नामेंट में संयुक्त रूप से 16वें स्थान पर रहीं जबकि उनकी हमवतन रिद्धिमा दिलावरी ने संयुक्त रूप से 30वां स्थान हासिल किया। पिछले महीने दक्षिण अफ्रीका में खिताब जीतने वाली त्वेसा ने 72, 72 और 74 के स्कोर से कुल दो ओवर 218 का स्कोर बनाया। उन्होंने अंतिम दौर में तीन बर्डी की लेकिन तीन बोगी और एक डबल बोगी भी कर गईं। रिद्धिमा ने 74, 73 और 75 से छह ओवर का कुल स्कोर बनाया। कसांद्रा एलेक्जेंडर ने शनिवार को छह अंडर 66 के शानदार प्रदर्शन से कुल 12 अंडर के स्कोर से चार शॉट के अंतर से खिताब जीता। स्पेन की हेरेंग ली भी अंतिम दौर में 66 के स्कोर से कुल आठ अंडर के स्कोर से दूसरे स्थान पर रहीं।

### पाक की टी20 टीम के कोच होंगे यूसुफ और रज्जाक


**लाहौर।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने इस महीने के अंत में न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू टी20 शृंखला के लिए चयन समिति के सदस्यों मोहम्मद यूसुफ और अब्दुल रज्जाक को क्रमश: अंतरिम मुख्य कोच और सहायक कोच नियुक्त करने का फैसला किया है। यह फैसला तब किया गया जब लंबी अवधि की भूमिका के लिए विदेशी कोच गैरी कर्स्टन और जेसन गिलेस्पी के साथ बातचीत जारी है। बोर्ड के एक विश्वसनीय सूत्र ने कहा कि गिलेस्पी के साथ बातचीत लगभग पूरी हो चुकी है क्योंकि वह लाल गेंद के प्रारूप के मुख्य कोच के रूप में कार्यभार संभालने के लिए सहमत हो गए हैं। कर्स्टन के साथ चर्चा को अभी तक अंतिम रूप नहीं दिया गया है क्योंकि वह इंडियन प्रीमियर लीग में व्यस्त हैं।

### एथलेटिक बिलबाओ ने कोपा डेल रे खिताब जीता

**सेविले।** एथलेटिक बिलबाओ ने पेनल्टी शूट आउट में मालोर्का को 4-2 से हराकर चार दशक बाद कोपा डेल रे फुटबॉल टूर्नामेंट का खिताब जीता। बिलबाओ को मालोर्का के खिलाफ जीत का प्रबल दावेदार माना जा रहा था लेकिन टीम को खिताब जीतने के लिए काफी पसीना बहाना पड़ा। बिलबाओ की ओर से पेनल्टी शूट आउट में राउल गार्सिया, इकेर मूनियन, माइकल वेस्गा और एलेजांद्रो बेरेनगुएर ने गोल किए। एथलेटिक बिलबाओ के गोलकीपर जुलेन अगिरेजाबला ने मैनुएल मोर्लानेस के शॉट को रोका जबकि मालोर्का के नेमांजा रादोनजिक ने शॉट बाहर मारा। इससे पहले नियमित और अतिरिक्त समय के बाद फाइनल मुकाबला 1-1 से बराबर रहा। डेनी रोड्रिग्ज ने मालोर्का को 21वें मिनट में आगे किया लेकिन ओइहान सांचे ने 50वें मिनट में स्कोर 1-1 कर दिया। एथलेटिक बिलबाओ का यह 23वां कोपा डेल रे खिताब है।

## बॉलीवुड हलचल

### वेबसीरीज हीरामंडी: द डायमंड बाजार से फरदीन खान का पहला लुक रिलीज



**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड अभिनेता फरदीन खान की आने वाली वेब सीरीज हीरामंडी : द डायमंड बाजार से उनका पहला लुक रिलीज हो गया है। संजय लीला भंसाली की हीरामंडी : द डायमंड बाजार में मनीषा कोइराला, सोनाक्षी सिन्हा, अदिति राव हैदरी, शर्मिन सहगल, ऋचा चड्ढा और संजीदा शेख जैसे कलाकार शामिल हैं। हीरामंडी : द डायमंड बाजार में फरदीन खान भी अहम भूमिका में नजर आयेंगे। फरदीन खान लंबे अरसे के बाद बतौर अभिनेता वापसी कर रहे हैं। फरदीन खान, हीरामंडी द डायमंड बाजार में वली मोहम्मद के रोल में नजर आएंगे। फरदीन खान के पोस्टर को शेयर करते हुए कैप्शन में नेटफ्लिक्स इंडिया ने लिखा, प्यार और कर्तव्य के बवंडर संघर्ष में फंसे वली मोहम्मद अपनी शाही जिम्मेदारियों के साथ अपने दिल की इच्छा को समेटने का प्रयास कर रहे हैं। शेखर सुमन भी हीरामंडी : द डायमंड बाजार में नजर आयेंगे।उनके पहले लुक को शेयर करते हुए लिखा गया, मल्लिकाजान के चरणों में अपनी निष्ठा रखते हुए जुल्फिकार और उसकी चमकदार महत्वाकांक्षा के बीच केवल एक चीज खड़ी है - हीरामंडी। हीरामंडी : द डायमंड बाज़ार वेश्याओं और उनकी जिंदगी को लेकर बुनी गई है। वर्ष 1940 के दशक के भारतीय स्वतंत्रता संग्राम की उथल-पुथल भरी पृष्ठभूमि पर आधारित, 'हीरामंडी' 'कोठों' में प्यार, विश्वासघात, उत्तराधिकार और राजनीति की कहानी को बयां करती है।

### कंगना ने फिल्म इमरजेंसी बनाने की वजह बतायी

**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड अभिनेत्री कंगना रनौत ने दिवंगत प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के जीवन से प्रेरित फिल्म इमरजेंसी बनाने की वजह बतायी है। इस फिल्म में कंगना, इंदिरा गांधी के किरदार में नजर आयेंगी। कंगना रनौत ने कहा, जैसा कि मैंने हमेशा कहा है, चाहे वह इंदिरा गांधी हों या कोई अन्य महिला, मेरे मन में महिलाओं के लिए बहुत सहानुभूति है। मैं इस बात का दिखावा नहीं कर सकती और मेरे दिल में महिलाओं के लिए सम्मान भी है, इसलिए मैंने उनके लिए बहुत काम किया है। मैंने इंदिरा गांधी के पूरे जीवन पर आधारित एक फिल्म बनाई है और जब आप एक कलाकार होते हैं तो हर चीज प्रेरणा का काम करती है। उन्हीं भावनाओं को ध्यान में रखते हुए मैंने वह फिल्म बनाई।'' इसलिए, जब यह सामने आएगा तो मुझे लगता है कि हर किसी को यह पसंद आएगा। उन्हें इसे एक मनोरंजक फिल्म के रूप में देखना चाहिए।'' कंगना ने कहा, हमारे संविधान के साथ जो घटनाएं घटीं, उन घटनाओं के पीछे क्या कारण हैं, उन कारणों पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए जिससे भविष्य में हमारे संविधान के साथ कोई छेड़छाड़ न हो। एक नेता की विश्वसनीयता, गहरी छिपी सुरक्षा, असुरक्षा, ताकत या कमजोरी, सभी कारकों पर विचार किया जाना चाहिए। कंगना रनौत द्वारा लिखित और निर्देशित, ''इमरजेंसी'' में अनुपम खेर, महिमा चौधरी, मिलिंद सोमन, श्रेयस तलपड़े, विशाख नायर और दिवंगत सतीश कौशिक भी महत्वपूर्ण भूमिकाओं में हैं। जी स्टूडियोज़ और मणिकर्णिका फिल्म्स द्वारा निर्मित इस फिल्म का संगीत संचित बल्हारा द्वारा दिया गया है। पटकथा और संवाद रितेश शाह द्वारा दिए गए हैं।''इमरजेंसी'' 14 जून 2024 को सिल्वर स्क्रीन पर रिलीज होने वाली है।



### संजय लीला भंसाली की फिल्म में काम करना चाहती हैं नोरा फतेही

**मुबई, मुंबई।** बॉलीवुड की जानीमानी अभिनेत्री नोरा फतेही, फिल्मकार संजय लीला भंसाली की फिल्म में काम करना चाहती हैं। मोरक्को की रहने वाली नोरा फतेही हिंदी फिल्मों की काफी शौकीन थी। नोरा फतेही ने कहा, भारत में काम करने का ख्याल संजय लीला भंसाली की फिल्म देवदास को देखकर ही आया था। यदि मैं किसी दिन संजय लीला भंसाली की फिल्म की अभिनेत्री बनी तो वह मेरे करियर का टर्निंग प्वाइंट होगा। मैं चाहती हूं कि वह मुझमें यकीन करें कि मैं उनकी फिल्म की अभिनेत्री बन सकती हूं। कलाकार को बस एक मौका और वह इंसान चाहिए होता है, जो आप पर भरोसा करे। नोरा फतेही ने कहा, मैंने काफी डांस किया है, लेकिन भारतीय क्लासिकल डांस को इसलिए अभी तक नहीं छुआ, क्योंकि मैं चाहती थी कि जब मैं वह नृत्य करूं तो सबसे बेस्ट लगूं और भव्य तरीके से उसे शूट किया जाए। ऐसा केवल संजय लीला भंसाली ही कर सकते हैं।




स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने,बरेली,पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित। **संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, कार्यकारी संपादक- नवीन गुप्ता*** 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar120@gmail.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

# नड्डा की पत्नी की चोरी हुई एसयूवी वाराणसी से बरामद, तीन गिरफ्तार

नई दिल्ली, एजेंसी

● दो सप्ताह में चार बार बेची गई भाजपा अध्यक्ष जे पी नड्डा की चोरी हुई एसयूवी

दिल्ली पुलिस ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष जे पी नड्डा की पत्नी के एक एसयूवी वाहन को दिल्ली के गोविंदपुरी में एक सर्विस सेंटर से चोरी होने के लगभग दो सप्ताह बाद उत्तर प्रदेश के वाराणसी से बरामद कर लिया है। उन्होंने बताया कि मामले में तीन वाहन चोरों को गिरफ्तार किया गया है जिनकी पहचान उत्तर प्रदेश निवासी शिवांश त्रिपाठी (23), सलीम (34) और मोहम्मद रईस (33) के रूप में की गई है।

पुलिस ने बताया कि सफेद रंग की टोयोटा फॉर्च्यूनर 19 मार्च को दक्षिण-पूर्व दिल्ली के गोविंदपुरी से चोरी हो गई थी। इसका चालक जोगिंदर इसे सर्विस सेंटर पर छोड़कर कुछ देर के लिए घर लौटा था। एसयूवी नड्डा के गृह राज्य हिमाचल प्रदेश में उनकी पत्नी के नाम पर पंजीकृत है। पुलिस उपायुक्त (दक्षिणपूर्व) राजेश देव ने बताया कि आरोपियों में से एक कार चोर है जबकि दो अन्य चोरी की कारों को एक राज्य से दूसरे राज्य पहुंचाते थे। डीसीपी ने बताया कि उन्हें सूचना मिली कि शिवांश त्रिपाठी और उसका गिरोह इस मामले में शामिल है जिसे पुलिस टीम ने पकड़ लिया। पूछताछ में त्रिपाठी ने बताया कि एसयूवी चोरी करने के बाद वे इसे फरीदाबाद में फारूक के फार्महाउस में ले गए, जहां से इसे लखीमपुर खीरी निवासी सलीम को बेच दिया गया। सलीम को पकड़ लिया और पूछताछ के दौरान उसने बताया कि उसने वाहन को मोहम्मद रईस नाम के एक अन्य व्यक्ति को बेच दिया, जिसने बाद में इसे किसी अन्य व्यक्ति को बेच दिया। डीसीपी ने बताया कि पुलिस ने जांच के बाद एसयूवी को वाराणसी से बरामद कर लिया।

# कर्नाटक में बस पलटने से तीन की मौत, 30 घायल

**चित्रदुर्ग।** कर्नाटक में बेंगलुरु से उत्तर कन्नड़ जिले के गोकर्ण जा रही एक निजी बस के रविवार तड़के चित्रदुर्ग जिले में पलट जाने से तीन लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस सूत्रों ने शुरुआत में कहा कि इस हादसे में चार लोगों की मौत हो गई, लेकिन बाद में मरने वालों की संख्या संशोधित कर तीन कर दी गई।

यह हादसा होलालकेरे शहर के बाहरी इलाके में अंजनेय मंदिर के पास हुआ। पुलिस के अनुसार, मृतकों में से दो की पहचान उत्तर कन्नड़ जिले के होन्नावर के जगदीश (45) और शिवमोगा जिले के सागर के गणपति (40) के रूप में हुई है। तीसरे मृत व्यक्ति की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है। अधिकारियों ने बताया कि इस हादसे में करीब 30 लोग घायल हो गए जिनमें से आठ की हालत गंभीर है। उन्होंने कहा कि घायलों को होलालकेरे तालुक अस्पताल भेजा गया है, जबकि शवों को शवगृह ले जाया गया है। गुस्साए लोगों ने इस क्षेत्र में लगातार हो रही दुर्घटनाओं के लिए अवैज्ञानिक सड़क निर्माण को जिम्मेदार ठहराया।

## हैं तैयार हम...



भारतीय वायु सेना सरहद पर बखूबी अपना कर्तव्य निभाती है साथ ही देश में आपात स्थिति आने पर सेना किस तरह सुरक्षा कर सकती है इसके लिए सेना को रिर्हसल की जरूरत पड़ती ही है। जिसके चलते रविवार को भारतीय वायु सेना के लड़ाकू विमान सुखोई 30 एमकेआई को लखनऊ-आगरा एक्सप्रेसवे पर उन्नाव में उतारा गया। ● एजेंसी

# सुरक्षा बलों ने सुकमा में बरामद किया विस्फोटकों का बड़ा जखीरा

**सुकमा (छत्तीसगढ़)।** छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में रविवार को दो स्थानों से सुरक्षा बलों ने नक्सलियों द्वारा छिपाकर रखे गए विस्फोटक के बड़े जखीरे को बरामद कर लिया।

एक अधिकारी ने बताया कि केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल और उसकी कोबरा बटालियन तथा बस्तर बटालियन के संयुक्त दल ने किस्ताराम पुलिस थाना क्षेत्र के तहत आने वाले तोंदामारका और डब्बामारका गांवों के बीच यह खेप बरामद की। उन्होंने बताया कि बरामद सामग्री में 350 जिलेटिन छड़ें, 105 इलेक्ट्रिक डेटोनेटर, एक बैरल ग्रेनेड लॉन्चर (बीजीएल), 22 बीजीएल प्रोजेक्टर, 19 बीजीएल बम, एक पांच किलोग्राम वजनी आईईडी, 30 किलोग्राम गन पाउडर और माओवादी साहित्य शामिल है।

## एक नजर

### लद्दाख में बर्फबारी के बीच फंसे 80 लोगों को सेना ने बचाया

**लेह।** केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख में लेह और श्योक नदी घाटी के बीच 17,688 फुट ऊंचे चांग ला दर्रे में बर्फबारी के बीच फंसे कम से कम 80 लोगों को बचा लिया गया है, जिनमें महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं। सेना ने रविवार को यह जानकारी दी। भारतीय सेना की लेह स्थित फायर एंड फ्यूरी (14वीं) कोर ने कहा कि आधी रात को चलाए गए इस बचाव अभियान को त्रिशूल प्रभाग के सैनिकों ने अंजाम दिया। सेना की फायर एंड फ्यूरी (14वीं) कोर ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि त्रिशूल प्रभाग के सैनिकों ने चांग ला के ऊंचे बर्फीले स्थानों पर यातायात अवरोध को दूर करने के लिए आपातकालीन स्थिति में तुरंत कार्रवाई की और रात में दो घंटे तक लगातार काम किया तथा बर्फबारी के बीच फंसी महिलाओं और बच्चों सहित लगभग 80 लोगों को सुरक्षित निकाल लिया। सेना ने इस बचाव अभियान की कुछ तस्वीरें और एक वीडियो भी साझा की है।

### पंजाब पुलिस ने अमृतपाल की मां को किया गिरफ्तार

**अमृतसर।** 'वारिस पंजाब दे' संगठन के मुखिया अमृतपाल सिंह को असम की जेल से पंजाब की जेल में स्थानांतरित करने की मांग को लेकर प्रस्तावित मार्च से एक दिन पहले रविवार को उसकी मां को गिरफ्तार कर लिया गया। सिंह को पिछले साल अप्रैल में गिरफ्तार किया गया था और उसके खिलाफ राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (रासुका) लगाया गया था। सिंह और उसके नौ साथी इस समय असम की डिब्रूगढ़ जेल में बंद हैं। पुलिस उपायुक्त आलम विजय सिंह ने रविवार को बताया कि अमृतपाल की मां बलविंदर कौर को न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। डीसीपी ने कहा कि उन्हें एहतियातन हिरासत में लिया गया है। अधिकारी ने इस बारे में ज्यादा जानकारी नहीं दी।

### माउंट एवरेस्ट पर से 10 लाख टन कचरा इकट्ठा करेगी नेपाली सेना

**काठमांडू।** एवरेस्ट क्षेत्र में पर्वतीय सफाई अभियान, 2024 शुरू करने जा रही नेपाल की सेना ने रविवार को कहा कि वह माउंट एवरेस्ट पर करीब 10 लाख टन अपशिष्ट एकत्र करने के साथ ही पांच शव बरामद करेगी। नेपाली सेना के सूत्र के अनुसार मेजर आदित्य कारकी की अगुवाई में 12 सदस्यीय दल माउंट एवरेस्ट, माउंट ल्होत्से और माउंट नुप्तसे से अपशिष्ट लाने के लिए 14 अप्रैल को एवरेस्ट आधार शिविर पहुंचेगा। सूत्र ने बताया कि सेना को इस अभियान में 18 सदस्यीय शेरपा दल सहयोग करेगा। नेपाली सेना के प्रवक्ता ब्रिगेडियर जनरल कृष्णा प्रसाद भंडारी ने बताया कि यहां सेना प्रमुख जनरल प्रभुराम शर्मा 11 अप्रैल को इस अभियान दल को रवाना करेंगे जो पर्वत पर बिखरे कम से कम 10 लाख टन कचरे एवं पांच शवों को लाएगा। जैविक अपशिष्ट को आधार शिविर के नीचे नामचे बाजार लाया जाएगा।

### पाकिस्तान में मोटरसाइकिल बम विस्फोट में दो की मौत, पांच घायल

**क्वेटा।** दक्षिणपश्चिम पाकिस्तान में एक मोटरसाइकिल पर लगाए बम में विस्फोट से दो लोगों की मौत हो गई तथा पांच अन्य घायल हो गए। पुलिस के एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। बलूचिस्तान प्रांत की राजधानी क्वेटा को पड़ोसी सिंध प्रांत में कराची शहर से जोड़ने वाले मुख्य राजमार्ग पर स्थित खुजदर में रविवार को हुए इस विस्फोट की अभी किसी ने जिम्मेदारी नहीं ली है। पुलिस उपायुक्त मोहम्मद आरिफ जरकोन ने बताया कि घायलों में एक महिला और दो पुलिस अधिकारी शामिल हैं।

# रिहाई वार्ता से पूर्व गाजा से मिला किसान का शव, नेतन्याहू बोले- हम नहीं झुकेंगे

## जब तक इजराइली बंधक रिहा नहीं होते तब तक युद्धविराम पर सहमति नहीं

काहिरा, एजेंसी

इजराइल की सेना ने शनिवार को कहा कि उसने गाजा में बंधक बनाए गए 47 वर्षीय किसान का शव बरामद किया है। हमास द्वारा बंधक बनाए गए इजराइल के किसी नागरिक का शव ऐसे वक्त में बरामद किया गया है जब वार्ताकार इजराइल और हमास के बीच छह माह से जारी युद्ध को रोकने तथा शेष बंधकों को रिहा कराने के लिए रविवार देर शाम दूसरे दौर की बातचीत की तैयारी कर रहे हैं। वहीं, इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने इसको लेकर मांग की है कि वह युद्धविराम पर तब तक सहमत नहीं होंगे जब तक गाजा में इजरायली बंधकों को रिहा नहीं कर दिया जाता।

इजराइल की सेना ने कहा कि उसे एलाद कात्जिर का शव मिला है और माना जाता है कि उसकी हत्या जनवरी में 'इस्लामी जिहाद' के चरमपंथियों ने की थी। हमास ने सात अक्टूबर को दक्षिणी इजराइल में घुस गए थे और उनके हमले में 1,200 से अधिक लोग मारे गए थे। हमास ने इस हमले के बाद इजराइल के कम से कम 250 लोगों को बंधक बना लिया था। किसान कात्जिर को सीमावर्ती नीर ओज से अगवा किया गया था। इस शव के मिलने से इजराइल की सरकार पर बंधकों को मुक्त कराने के लिए समझौता करने का दबाव बढ़ गया है। हजारों लोग तेल अवीव में एकत्र हुए और उन्होंने बंधकों को रिहा कराने के लिए शीघ्र कोई समझौता करने और ध्यावधि चुनाव कराने की मांग की। अब तक कम से कम 36 बंधकों के मारे जाने की पुष्टि हो चुकी है, जबकि बंधक बनाए गए कुल लोगों में से आधों को रिहा कर दिया गया है।

कात्जिर की बहन कार्मित ने एक बयान में कहा कि अगर वक्त पर कोई समझौता हो जाता तो उन्हें बचाया जा सकता था। हमारा नेतृत्व कायर है और राजनीतिक विचारों से प्रेरित है, इसीलिए कोई समझौता नहीं हुआ।



हमास आतंकवादी समूह द्वारा गाजा पट्टी में बंधक बनाए गए लोगों की रिहाई के लिए सड़कों पर आए लोग। प्रधानमंत्री नेतन्याहू सरकार के खिलाफ भी किया विरोध प्रदर्शन। ● एजेंसी

### गाजा पर हमले में इजराइल की जर्मनी द्वारा मदद करने के आरोप पर अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय आज करेगा सुनवाई

**हेग।** संयुक्त राष्ट्र की शीर्ष अदालत में सोमवार को एक मामले में प्रारंभिक सुनवाई शुरू होगी, जिसमें जर्मनी द्वारा इजराइल को की जा रही सैन्य और अन्य सहायता बंद करने का अनुरोध किया गया है। शिकायतकर्ता निकारागुआ ने साथ ही दावा किया है कि जर्मनी गाजा में जारी इजराइल-हमास संघर्ष के दौरान नरसंहार और अंतर्राष्ट्रीय कानून के उल्लंघन में इजराइल की मदद कर रहा है। इजराइल ने दृढ़ता से इस आरोप से इनकार किया है कि उसका सैन्य अभियान नरसंहार के खिलाफ संधि का उल्लंघन करता है। निकारागुआ द्वारा अंतर्राष्ट्रीय अदालत में दाखिल याचिका जर्मनी पर केन्द्रित है। हालांकि, परोक्ष रूप से यह सात अक्टूबर के घातक हमलों के बाद गाजा में इजराइल के सैन्य अभियान पर निशाना साधता है।

### इजराइल और हमास के संघर्ष को रोका जाए : सुनक

**लंदन।** ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने गाजा में जारी इजराइल-हमास संघर्ष को मासूम बच्चों की खातिर मानवीय आधार पर रोके जाने के आह्वान को दोहराया। ब्रिटेन ने रविवार को गाजा के लिए समुद्री सहायता गलियारा स्थापित करने के लिए सैन्य और नागरिक सहायता के एक नए पैकेज की घोषणा की। विदेश, राष्ट्रमंडल और विकास कार्यालय ने पूर्वी भूमध्य सागर में एक शाही नौसेना के पोत की तैनाती की घोषणा की और जरूरतमंद लोगों तक पहुंचाई जाने वाली सहायता को बढ़ाने के मकसद से 97 लाख पाउंड देने की प्रतिबद्धता जताई। ब्रिटिश प्रधानमंत्री सुनक ने कहा कि आज सात अक्टूबर के आतंकवादी हमले के छह महीने पूरे हो गए हैं जो इजराइल के इतिहास में सबसे भयावह हमला था और द्वितीय विश्व युद्ध के बाद से यहूदियों की सबसे बड़ी जनहानि थी।



# आतंकी हमले में छह सुरक्षाकर्मी समेत 12 आतंकवादी मारे गए

क्वेटा, एजेंसी



● पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा और बलूचिस्तान में आतंकियों और सुरक्षा बलों में संघर्ष

पाकिस्तान के अशांत क्षेत्र खैबर पख्तूनख्वा और बलूचिस्तान प्रांत में पिछले दो दिन में हुई आतंकवादी घटनाओं और सुरक्षा अभियानों में एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी सहित छह सुरक्षाकर्मी और 12 आतंकवादी मारे गए हैं। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी।

पाकिस्तान सशस्त्र बलों की मीडिया शाखा इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) ने कहा कि बलूचिस्तान प्रांत में दो घटनाओं में चार आतंकवादी मारे गए हैं। आईएसपीआर ने कहा कि खैबर पख्तूनख्वा (केपी) में स्थित डेरा इस्माइल खान जिले में कुलाची तहसील के कोट सुल्तान इलाके में सुरक्षाबलों द्वारा चलाए गए अभियान के दौरान आठ आंतकवादी मारे गए। उसने कहा कि सुरक्षाबलों ने मारे गए आतंकवादियों के पास से हथियार, गोला-बारूद और विस्फोटक बरामद किए हैं। अधिकारियों ने बताया कि खैबर पख्तूनख्वा के लक्की मारवात में शुक्रवार की रात दो हमलों में एक पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) और दो पुलिसकर्मी मारे गए जबकि एक कांस्टेबल घायल हो गया।

अधिकारियों ने कहा कि डीएसपी ने ईद-उल-फितर के त्योहार से पहले सुरक्षा-व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम करने के लिए अन्य पुलिसकर्मियों के साथ पेशावर-कराची राजमार्ग पर एक अस्थायी चौकी स्थापित की थी। सूत्रों के अनुसार जब वे चौकी से वापस लौट रहे थे तो मंजीवाला चौक के निकट आतंकवादियों ने पुलिस के वाहन पर गोलीबारी की, जिसमें डीएसपी और कांस्टेबल नसीम गुल की मौत हो गई। समाचार पत्र 'डॉन' के मुताबिक, शुक्रवार की रात सरा दरगा इलाके में एक और हमला हुआ, जिसमें अज्ञात हमलावरों ने कांस्टेबल सनामत खान पर गोलीबारी की, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। शनिवार को बाजौर जिले की मामुंड तहसील में विस्फोट होने से एक पुलिस अधिकारी की मौत हो गई और एक अन्य घायल हो गया। वहीं, शनिवार रात टैंक जिले में मियां लाल पुलिस चौकी के निकट अज्ञात लोगों ने एक हेड कांस्टेबल की हत्या कर दी। इस बीच प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने लक्की मारवत में पुलिसकर्मियों पर हुए हमले की कड़ी निंदा की।

# सैन्य प्रतिष्ठान के संपर्क में हैं हमारे कुछ नेता : इमरान खान

इस्लामाबाद, एजेंसी

पाकिस्तान की जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने कहा है कि उनकी पार्टी के कुछ नेता शक्तिशाली सैन्य प्रतिष्ठान के संपर्क में हैं। उन्होंने अपनी पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पर कार्रवाई के बीच किसी से भी वार्ता करने की इच्छा व्यक्त की है।

'डॉन' अखबार की खबर के अनुसार, खान ने यह टिप्पणी शनिवार को अल-कादिर ट्रस्ट भ्रष्टाचार मामले की सुनवाई के बाद पत्रकारों से बातचीत के दौरान की। खान ने कहा कि वह देश के लिए किसी से भी बातचीत करने को तैयार हैं। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के संस्थापक इमरान ने कहा कि यदि वह सेना के पूर्व प्रमुख कमर जावेद बाजवा के साथ बातचीत कर सकते हैं, तो वह देश के किसी भी व्यक्ति से मुलाकात कर सकते हैं। खान ने बाजवा पर अप्रैल 2022 में उनकी सरकार को गिराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने का आरोप लगाया था। खान ने कहा कि उनकी पार्टी के कुछ नेता बातचीत के लिए अभी भी (सैन्य) प्रतिष्ठान के संपर्क में हैं।



# प्रथम त्रि-सेवा सम्मेलन का उद्देश्य एकीकरण, पहल और सुधार लाना

**नई दिल्ली।** भारतीय सेना के तीनों अंगों के बीच संयुक्तता और एकीकरण प्रयासों को बढ़ावा देने के लिए, पहल और सुधार लाने के उद्देश्य से पहला त्रि-सेवा सम्मेलन सोमवार को नई दिल्ली में आयोजित किया जाएगा। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

उन्होंने रविवार को बताया कि 'परिवर्तन चिंतन' नाम से आयोजित होने वाले इस एक दिवसीय सम्मेलन की अध्यक्षता प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान करेंगे। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि आठ अप्रैल 2024 को आयोजित होने वाला 'परिवर्तन चिंतन' एक अग्रणी त्रि-सेवा सम्मेलन है, जिसका उद्देश्य संयुक्तता एवं एकीकरण के प्रयासों को आगे बढ़ाने के वास्ते नवीन एवं अद्यतन विचार, पहल व सुधार को सृजित करना है। भारतीय सशस्त्र बलों ने भविष्य के युद्धों के लिए तैयार रहने के प्रयासों के क्रम में एक बड़े परिवर्तनकारी बदलाव की शुरुआत की है। संयुक्तता एवं एकीकरण को बढ़ावा देने के लिये पहल की जा रही है और त्रि-सेवा बहुआयामी (मल्टी डोमेन) संचालन को संभव बनाने के लिए संरचनाओं को संशोधित किया जा रहा है।

# हेमंत सोरेन के खिलाफ सबूतों में फ्रिज और स्मार्ट टीवी के बिल

**नई दिल्ली/रांची।** ईडी ने अपने दस्तावेज में फ्रिज और स्मार्ट टीवी का बिल सबूत के रूप में शामिल किया है कि झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने 31 करोड़ से ज्यादा की कीमत की 8.86 एकड़ जमीन अवैध तरीके से हासिल की थी।

जांच एजेंसी ने रांची के दो डीलर से ये रसीदें प्राप्त कीं और उन्हें पिछले महीने झामुमो नेता और चार अन्य के खिलाफ दायर आरोप पत्र में शामिल किया। रांची में न्यायाधीश राजीव रंजन की विशेष पीएमएलए अदालत ने चार अप्रैल को आरोप-पत्र पर संज्ञान लिया। सोरेन के सीएम पद से इस्तीफा देने के तुरंत बाद 31 जनवरी को भूमि हड़पने से संबंधित धनशोधन मामले में ईडी ने गिरफ्तार किया था। वह रांची के होटवार के बिरसा मुंडा जेल में न्यायिक हिरासत में हैं। ईडी के अनुसार, दोनों उपकरण संतोष मुंडा के परिवार के सदस्यों के नाम पर थे।



● पूर्व सीएम पर 8.86 एकड़ भूमि अवैध तरीके से हासिल करने का आरोप

# इंडोनेशिया के पापुआ में मारे गए दो विद्रोही

**जयापुरा।** इंडोनेशिया के अशांत पापुआ क्षेत्र में दुनिया की सबसे बड़ी सोने की खदानों में से एक के निकट सुरक्षा बलों और विद्रोही समूह के बीच गोलीबारी में दो अलगाववादी मारे गए। पुलिस ने रविवार को यह बताया कि मध्य पापुआ प्रांत के खनन शहर तेम्बागापुरा के निकट विगत गुरुवार को फ्री पापुआ मूवमेंट से जुड़े विद्रोहियों और पुलिस एवं सैन्य बलों के बीच हुई झड़प में समूह के दो क्षेत्रीय कमांडर अबुबकर कोगोया और डेमियानस मागे मारे गए। पुलिस ने बताया कि ये दोनों समूह की सैन्य शाखा, वेस्ट पापुआ लिबरेशन आर्मी से जुड़े हुए थे। संयुक्त सुरक्षा बल के प्रमुख फैजल रमादानी ने बताया कि सुरक्षा बलों ने दोनों कमांडर के पास से उनके पहचान पत्र बरामद किए।

## तकनीक से बदलाव

### महानिदेशक मृत्युंजय महापात्र बोले- मौसम के पूर्वानुमान को बेहतर बनाने के लिए एआई का उपयोग कर रहा है आईएमडी

# पांच वर्षों में एआई बदलेगा मौसम पूर्वानुमान की कहानी

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के महानिदेशक मृत्युंजय महापात्र ने कहा कि भारत के मौसम वैज्ञानिकों ने मौसम पूर्वानुमान को और अधिक सटीक बनाने के लिए कृत्रिम मेधा (एआई) एवं 'मशीन लर्निंग' का इस्तेमाल शुरू कर दिया है।

यहां बातचीत में महापात्र ने कहा कि अगले कुछ वर्षों में उभरती प्रौद्योगिकियां संख्यात्मक मौसम पूर्वानुमान मॉडल की भी पूरक होंगी, जिनका फिलहाल मौसम का पूर्वानुमान जताने के लिए व्यापक तौर पर इस्तेमाल किया जाता है।

उन्होंने कहा कि मौसम विभाग पंचायत स्तर या 10 वर्ग किलोमीटर से अधिक क्षेत्र में मौसम का पूर्वानुमान लगाने के लिए अवलोकन प्रणाली बढ़ा रहा है। महापात्र ने कहा कि आईएमडी ने 39 डॉपलर मौसम रडार का एक नेटवर्क तैनात किया है, जो देश के 85 प्रतिशत भू-भाग को कवर करता है और प्रमुख शहरों के लिए प्रति घंटे का पूर्वानुमान बताता है। आईएमडी प्रमुख ने कहा कि हमने कृत्रिम मेधा का उपयोग सीमित तरीके से करना शुरू कर दिया है, लेकिन अगले पांच वर्षों के भीतर एआई हमारे मॉडल और तकनीकों में काफी सुधार करेगा।

महापात्र ने कहा कि आईएमडी ने 1901 से देश के मौसम रिकॉर्ड को डिजिटल कर दिया है और इसके जरिए विश्लेषण कर मौसम के मिजाज के बारे में जानकारी हासिल करने के लिए कृत्रिम मेधा का उपयोग किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि कृत्रिम मेधा मॉडल डेटा विज्ञान मॉडल है जो मौसम संबंधित घटना की भौतिकी में नहीं जाते हैं, बल्कि जानकारी उपलब्ध कराने के लिए पिछले डेटा का उपयोग करते हैं, जिसका इस्तेमाल बेहतर पूर्वानुमान लगाने के लिए किया जा सकता है। महापात्र ने कहा कि कृत्रिम मेधा का उपयोग करने के लिए पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय और आईएमडी में विशेषज्ञ समूह गठित किए गए हैं। आईएमडी प्रमुख के मुताबिक, पूर्वानुमान की सटीकता में सुधार के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता और संख्यात्मक पूर्वानुमान मॉडल दोनों एक दूसरे के पूरक होंगे और दोनों साथ मिलकर काम करेंगे और कोई भी दूसरे की जगह नहीं ले सकता। स्थानीय स्तर पर मौसम का पूर्वानुमान उपलब्ध कराने की जरूरत पर महापात्र ने विशिष्ट खतरों के लिए ग्राम-स्तरीय पूर्वानुमान देने में आईएमडी की चुनौतियों को स्वीकार किया।




### समुदायों को प्रभावित कर रहा है बदलता मौसम

मशीन लर्निंग (एमएल) एआई और कंप्यूटर विज्ञान की एक शाखा है, जो डेटा के उपयोग पर केंद्रित है। मौसम के पूर्वानुमान पर जलवायु परिवर्तन के प्रभाव के बारे में आईएमडी प्रमुख ने भीषण गर्मी की वजह से मध्य स्तर पर संवहनी बादलों के छाने जैसी मौसम संबंधी घटनाओं का उल्लेख किया, जो स्थानीय समुदायों को प्रभावित कर रही हैं। उन्होंने कहा कि इससे निपटने के लिए आईएमडी ने डॉपलर मौसम रडार तैनात किए हैं, जो देश के 85 प्रतिशत हिस्से को कवर करते हैं। महापात्र ने कहा कि 350 मीटर प्रति पिक्सेल के रिजॉल्यूशन वाला यह उन्नत रडार डेटा संवहनी बादलों का पता लगाने में सक्षम है जिससे भारी वर्षा और चक्रवात जैसी चरम घटनाओं को लेकर पूर्वानुमान की सटीकता काफी बढ़ जाती है।

# भारत में तकनीक व निवेश देखकर हैरान हूं : डेनिस

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र महासभा के अध्यक्ष डेनिस फ्रांसिस ने भारत के डिजिटलीकरण कार्यक्रम की सराहना की है, जिससे वित्तीय समावेशन और गरीबी कम करने में मदद मिली है।

उन्होंने कहा कि इससे देश को तुलनात्मक लाभ मिला है और इसके सबक को वैश्विक समुदाय के साथ साझा किया जा सकता है। भारत में तकनीक और निवेश देखकर मैं हैरान हूं। संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) के 78वें सत्र के अध्यक्ष फ्रांसिस ने यहां एक विशेष साक्षात्कार में बताया कि सबसे पहले मैं यह कहना चाहता हूं कि जब से मैं भारत से लौटा हूं, उसके बाद जब भी मैं भारत के बारे में सोचता हूं, मुझे अतुल्य भारत याद आता है। मैं पूरी गंभीरता से कहा रहा हूं...और जब मैं वहां था, तब मैंने इसे महसूस किया।

# अग्निबाण उप-कक्षीय रॉकेट का प्रक्षेपण तीसरी बार रोका

नई दिल्ली, एजेंसी

चेन्नई स्थित अंतरिक्ष स्टार्ट-अप अग्निकुल कॉसमॉस ने रविवार को कुछ तकनीकी वजहों का हवाला देते हुए उड़ान भरने से लगभग 92 सेकंड पहले अपने अग्निबाण उप-कक्षीय रॉकेट के प्रक्षेपण को रोक दिया। इस रॉकेट को पहली उड़ान भरनी थी।

मार्च 2022 के बाद से यह रविवार को अग्निबाण 'सब-ऑर्बिटल टेक्नोलॉजी डिमॉन्स्ट्रेटर' की परीक्षण उड़ान का तीसरा प्रयास था। इस रॉकेट की परीक्षण उड़ान पहली बार श्रीहरिकोटा में इसरो के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र में 'अग्निकुल लॉन्च पैड' पर आयोजित होने वाली थी। शनिवार सुबह 7:45 बजे परीक्षण उड़ान का दूसरा प्रयास भी सफल नहीं हो सका। अग्निकुल ने कहा कि अग्निबाण रॉकेट को रविवार सुबह 5:30 बजे प्रक्षेपित किया जाना था, लेकिन इसे साढ़े सात बजे तक के लिए टाल दिया गया। इसने कहा कि बाद में निर्धारित समय से 92 सेकंड पहले रॉकेट की प्रक्षेपण उड़ान रोक दी गई। कंपनी के अनुसार, अग्निबाण दो चरणों वाला एक प्रक्षेपण यान है जो 300 किलोग्राम तक का पेलोड कक्षा में लगभग 700 किमी तक ले जा सकता है।

